सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:21

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 28 न्यू | 31 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,451 |
| निफ्टी | 24,751 |
| सोना 95,355 | चांदी 97,458 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



सपा सांसद प्रिया से शादी करेंगे क्रिकेटर रिंकू सिंह

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 2 जून 2025 | 20 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 154, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### कमर्शियल सिलेंडर 25.50 रुपए सस्ता



**एजेंसी, नई दिल्ली।** नया महीना यानी जून अपने साथ कई बदलाव लेकर आया है। आज 19 किलोग्राम वाला कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 25.50 रुपए तक की कटौती की गई है। इसके अलावा एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमत भी 2391.27 रुपए तक कम हो गई है। इससे हवाई सफर सस्ता हो सकता है। सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक ने एफडी पर मिलने वाले ब्याज में 0.20 प्रतिशत तक की कटौती की है। सामान्य नागरिकों को अब एफडी पर 4 प्रतिशत से लेकर 8.4 प्रतिशत तक का ब्याज मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### लोकसभा के अध्यक्ष बिरला ब्राजील रवाना



**एजेंसी, नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार को 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भाग लेने के लिए ब्राजील की यात्रा पर रवाना हुए। वहां वह बहुपक्षीय शांति और सुरक्षा ढांचे में सुधार पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। बिरला ब्रिक्स संसदीय मंच के लिए भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं, जो 3-5 जून को ब्रासीलिया में आयोजित किया जाएगा। इसमें ब्रिक्स सदस्यों और आमंत्रित देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारी भाग लेंगे। इस मंच का विषय है 'अधिक समावेशी और टिकाऊ वैश्विक शासन के निर्माण में ब्रिक्स संसदों की भूमिका' है। (अनंत ज्ञान)

### इस महीने कुल 12 दिन बंद रहेंगे बैंक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जून महीना शुरू हो चुका है। इस महीने में अलग-अलग राज्यों व शहरों में कुल 12 दिन बैंक बंद रहेंगे। 5 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा 5 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंकों में कामकाज नहीं होगा। ऐसे में अगर आपको इस महीने बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम हो तो इन छुट्टियों के दिनों को छोड़कर कर सकते हैं। बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं। इन सुविधाओं पर बैंकों की छुट्टियों का कोई असर नहीं पड़ेगा। केरल में 6 से 8 जून तक लगातार 3 दिन बैंकों में कारोबार नहीं होगा। 6 जून ईद-उल-अजहा, 7 जून को बकरीद (ईद-उज-जुहा) और 8 जून को रविवार के चलते बैंक बंद रहेंगे। वहीं, ओडिशा-मणिपुर में 27 से 29 जून तक और मिजोरम में 28 से 30 जून तक लगातार 3 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- फोरलेन की वजह से रास्ता बंद होने से लोग परेशान -पेज 2
- हिमाचल में विकसित होंगे 77 नए ईको-टूरिज्म स्थल -पेज 3
- विभिन्न विभागों में 500 ई-टैक्सियां होंगी तैनात : पठानिया -पेज 5
- डोमेश्वर देवता की मंदिर प्रतिष्ठा में उमड़ा जनसैलाब -पेज 6
- पुलिस की होमस्टे में दबिश, केरल का युवक चरस संग गिरफ्तार -पेज 11


# भारत में 86 हजार करोड़ का निवेश करेगा एशियन डेवलपमेंट बैंक

## मेट्रो रेल एक्सपेंशन, रीजनल रैपिड ट्रांजिट कॉरिडोर्स और वाटर-सेनिटेशन पर फोकस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के प्रेजिडेंट मासातो कांडा ने भारत के शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में 10 बिलियन डॉलर यानी करीब 86 हजार करोड़ रुपए तक निवेश करने के लिए 5 साल के प्लान का ऐलान किया है। इस प्लान में मेट्रो रेल एक्सपेंशन, रीजनल रैपिड ट्रांजिट कॉरिडोर्स और वाटर, सेनिटेशन, हाउसिंग जैसी सिटी-लेवल सर्विसेज पर फोकस किया जाएगा। अपनी भारत विजिट में कांडा ने कहा कि इस प्लान में सॉवरेन लोन्स, प्राइवेट सेक्टर फंडिंग और थर्ड-पार्टी कैपिटल को शामिल किया जाएगा। यह निवेश भारत की ऑर्गेनाइजेशन स्ट्रेटजी का सपोर्ट करेगा, क्योंकि देश का टारगेट 2030 तक अपनी 40 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को शहरों में रहने की उम्मीद में इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करना है। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मीटिंग के बाद कांडा ने कहा कि यह पहल उन प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट देगी, जो कनेक्टिविटी और शहरी सेवाओं में सुधार करती हैं।



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलते एडीबी के प्रेजिडेंट मासातो कांडा।

यह फंडिंग भारत के अर्बन चैलेंज फंड के जरिए की जाएगी। इसका उद्देश्य सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए प्राइवेट कैपिटल को आकर्षित करना है। एडीबी इन प्रोजेक्ट्स को डिजाइन करने और स्थानीय सरकारों का सपोर्ट करने में मदद के लिए 3 मिलियन डॉलर यानी लगभग 26 करोड़ रुपए का टेक्निकल असिस्टेंट भी प्रोवाइड करेगा। एडीबी 22 राज्यों के 110 से ज्यादा भारतीय शहरों में शहरी प्रोजेक्ट्स में शामिल रहा है, जिसमें वाटर सप्लाई, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सैनिटाइजेशन और हाउसिंग जैसे सेक्टर्स शामिल हैं। बैंक के वर्तमान शहरी पोर्टफोलियो में 5.15 बिलियन डॉलर यानी 44 हजार करोड़ की राशि के 27 एक्टिव लोन शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### 10 सालों में दिए 34.22 हजार करोड़

**अर्बन** ट्रांसपोर्ट की बात करें तो एडीबी ने पिछले 10 सालों में मेट्रो और अन्य प्रोजेक्ट्स के लिए 4 बिलियन डॉलर यानी 34.22 हजार करोड़ रुपए का कमिटमेंट किया है, जो दिल्ली, मुंबई, नागपुर, चेन्नई और बेंगलुरु समेत 8 शहरों में लगभग 300 किलोमीटर तक फैलेगी।

### फाइनेंस और हाउसिंग मिनिस्टर से भी मिले एडीबी के प्रेजिडेंट मासातो कांडा

**मासातो** कांडा ने फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण और हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स मिनिस्टर मनोहर लाल के साथ मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट को जोड़ने और रूफटॉप सोलर कैपेसिटी बढ़ाने पर चर्चा की। चर्चाओं में अर्बन चैलेंज फंड को बढ़ाने और अन्य क्षेत्रों में मौजूदा अर्बन ट्रांसपोर्ट मॉडल को दोहराना भी शामिल था।

# दो हादसों में सात की मौत

## मंडी में पिकअप पुल की रेलिंग से टकराई, कंडाघाट में बस-बाइक में टक्कर

**अनंत ज्ञान टीम, मंडी/कंडाघाट**

हिमाचल में रविवार को दो सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। पहले हादसे में मंडी जिले के कमांद में रविवार सुबह टेंट का सामान लेकर जा रही एक महिंद्रा पिकअप पुल पर रेलिंग से टकरा गई। पिकअप टैंट का सामान लेकर लुधियाना से आईआईटी कमांद जा रही थी और कटौला पुल पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुल की रेलिंग से टकराने के कारण वाहन में सवार 6 में से 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतकों में सुखविंद्र सिंह पुत्र हरवंश सिंह निवासी लुधियाना पंजाब, उमेश कुमार पुत्र राजा राम निवासी जीटी रोड प्रतापनगर अमृतसर, पंजाब, सागर पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी गांव व डाकघर फिरोजपुर जिला अमृतसर, पंजाब शामिल हैं। दो अन्य मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। घायल चालक की पहचान दलजीत सिंह पुत्र जगतार सिंह निवासी गांव मलिया जिला तरनतारण पंजाब के रूप में हुई है, जिसका इलाज जोनल अस्पताल मंडी में चल रहा है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



मंडी जिले के कमांद में पुल की रेलिंग से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई पिकअप गाड़ी।

वहीं, दूसरे मामले में कालका-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर कंडाघाट के समीप रविवार को एक निजी बस और बाइक में टक्कर होने से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार बाइक सवार शिमला की तरफ और निजी बस सोलन की तरफ जा रही थी। मृतकों की पहचान नीरज शर्मा (27) गांव लदेहड़ा तहसील भोरंज जिला हमीरपुर और सूरज नागरे (25) गांव, डाकघर व तहसील सुनहु जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। दोनों के शवों को कंडाघाट अस्पताल लाया गया, जहां से पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल सोलन के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी वीएस नेगी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामला दर्ज करके कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंडी और सोलन जिलों में हुए हादसों पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि प्रदेश सरकार इस दुखद घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने जिला प्रशासन को मृतकों के परिजनों को हरसंभव सहायता देने और घायल व्यक्ति को बेहतर चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिवारों को यह असहनीय पीड़ा सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### शीर्ष अदालत ने पलटा मद्रास उच्च न्यायालय का फैसला

# डांटने का मतलब किसी को आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि डांटने को किसी को आत्महत्या करने के लिए उकसावा नहीं माना जा सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया।



आरोपी हॉस्टल वॉर्डन को बरी किया

हाईकोर्ट ने एक हॉस्टल वॉर्डन को आईपीएस की धारी 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी माना था। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा, 'कोई यह सोच भी नहीं सकता कि डांटने से ऐसी घटना हो सकती है।' वॉर्डन ने एक स्टूडेंट की शिकायत पर एक अन्य स्टूडेंट को डांटा था। डांट पड़ने के बाद स्टूडेंट ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वॉर्डन का तर्क था कि उसने पैरेंट के रूप में स्टूडेंट को डांटा था, ताकि वह आगे वैसी गलती न करे।

वॉर्डन ने यह भी साफ किया कि उसके और आत्महत्या करने वाले स्टूडेंट के बीच कोई निजी संबंध नहीं था। इससे पहले प्रताड़ना को आत्महत्या का उकसावा नहीं माना था। दिसंबर, 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि व्यक्ति पर किसी की आत्महत्या के लिए उकसाने का दोष तभी लगाया जा सकता है, जब इसका पुख्ता सबूत हो। सिर्फ प्रताड़ना का आरोप इसके लिए काफी नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का मुकदमा शुरू



**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध से जुड़े आरोपों में मुकदमा शुरू हो गया है। बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल में रविवार को इन आरोपों को औपचारिक तौर पर दर्ज किया गया। चीफ प्रॉसिक्यूटर ताजुल इस्लाम ने ट्रिब्यूनल में ये आरोप दर्ज कराए हैं। इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल के प्रॉसिक्यूटर गाजी मनोवार हुसैन तमीम ने डेली स्टार को यह जानकारी दी है। (अनंत ज्ञान)

# राजस्थान सहित 8 राज्यों में एनआईए की छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने राजस्थान सहित 8 राज्यों में छापे मारे हैं। एजेंसी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वालों पर कार्रवाई कर रही है। इस ऑपरेशन को गोपनीय रखा गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में संदिग्ध लोगों और उनसे मिले गैजेट्स की जांच की जा रही है। एनआईए का एक्शन शनिवार सुबह शुरू हुआ था। (अनंत ज्ञान)





**पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वालों पर एक्शन**

### राजस्थान में तीन जगहों में की सर्च

**एनआईए** के सूत्रों के अनुसार जासूसी के शक में राजस्थान के तीन जगहों पर छापेमारी की गई है। हालांकि, यह साफ नहीं है कि टीमें किन शहरों में पहुंची हैं। राजस्थान के अलावा दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, असम और पश्चिम बंगाल राज्यों में 15 ठिकानों पर छापेमारी की गई है। संदिग्धों के घरों, कार्यालयों में दबिश दी गई है। सर्च के दौरान एनआईए की टीम को कई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, पैसों का ट्रांजेक्शन, मोबाइल कॉल डिटेल, मोबाइल से फोटो और मैसेज रिकवर हुए हैं। इस दौरान डिटेन किए लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### शिमला ग्रीष्मोत्सव के आगाज पर महानाटी



हिमाचल की राजधानी शिमला में रविवार को शिमला ग्रीष्मोत्सव का रंगारंग आगाज हो गया। उत्सव के पहले दिन 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की थीम पर एक भव्य महानाटी का आयोजन किया गया, जिसमें शिमला शहरी और मशोबरा प्रोजेक्ट की लगभग 150 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान स्टेट स्पॉन्सर्ड टेररिज्म नेशन : अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आतंकवाद पर भारतीय सेना की कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के उद्देश्य से अफ्रीकी देश इथोपिया में नीति निर्धारकों के समूह, मीडिया संस्थानों, भारत के मित्रों व प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए आतंकवाद पर भारत का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पर वैश्विक समुदाय की एकजुटता की मांग आज के समय की जरूरत है और अफ्रीकन यूनियन ने भारत के सुझावों को अपना समर्थन दिया है। अनुराग ने कहा, 'पाकिस्तान पिछले 30 सालों से आतंकवाद को पालने का घिनौना काम कर रहा है इसलिए पाकिस्तान को आतंकवादियों के लिए बड़ी संवेदनाएं हैं।



ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए पाकिस्तानी आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में अधिकारी, पुलिसकर्मी और कई नेता शामिल हुए और उनको झंडे में लपेटकर अंतिम विदाई दी गई। पाकिस्तान स्टेट स्पॉन्सर्ड टेररिज्म का प्रमाणित देश है, जहां की सरकार आतंकियों को फंडिंग करने, पालने व पोसने का काम करती है। पाकिस्तान अगर अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो पाकिस्तान को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# मई में दो लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जीएसटी वसूली में मई महीने में रिकॉर्ड टूट गया है। मई महीने में 2,01,050 करोड़ रुपए जीएसटी वसूली हुई। इस महीने में पिछले साल के मुकाबले 16.4 फीसदी अधिक जीएसटी संग्रह किया गया। इससे पहले अप्रैल महीने में सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़कर 2.37 लाख करोड़ के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया था। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2024 में वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपए था। यह 01 जुलाई 2017 से जीएसटी लागू होने के बाद दूसरा सबसे अधिक संग्रह था। मार्च 2025 में जीएसटी संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपए रहा था। मार्च में सकल जीएसटी संग्रह 9.9 प्रतिशत बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया। (अनंत ज्ञान)





### घरेलू लेनदेन, आयात से राजस्व में बढ़ोतरी

**घरेलू** लेनदेन से जीएसटी संग्रह 13.7 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.50 लाख करोड़ रुपए हुआ। वहीं, आयात पर जीएसटी राजस्व 25.2 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी के साथ 51,266 करोड़ रुपए रहा। शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.74 लाख करोड़ रहा, जो कि पिछले साल मई की तुलना में 20.4 प्रतिशत अधिक है।

**गोसेवा** हिमाचल में 700 से बढ़कर 1200 रुपए हुआ प्रति पशु चारा अनुदान

# प्रदेश के बेसहारा गोवंश को मिला बड़ा सहारा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में बेसहारा गोवंश की देखभाल और उनके कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। अब गोसदनों में रखे गए पशुओं के लिए मासिक चारा अनुदान को 700 से बढ़ाकर 1200 रुपए प्रति पशु कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार यह निर्णय सरकार की पशुधन कल्याण और किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बढ़ा हुआ यह अनुदान बेसहारा गोवंश की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने में सहायक होगा, साथ ही किसानों की फसलों को खेतों में घूमने वाले पशुओं से होने वाले नुकसान से भी बचाएगा। बता दें कि सरकार ने पशुधन कल्याण सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। गोसदनों की स्थापना और विस्तार के लिए स्थानीय लोगों और संस्थाओं को आर्थिक सहायता भी दी जा रही है। नए गोसदनों की स्थापना के लिए सरकार 10 लाख या परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अनुदान दे रही है, जबकि गोसदन के विस्तार के लिए 5 लाख या परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाता है।





**नए गोसदनों के लिए मिलेगा 10 लाख का अनुदान**

इन प्रयासों को मजबूती देने के लिए प्रदेश सरकार ने शराब पर उपकर (सेस) 2.50 प्रति बोतल बढ़ाया है, जिससे प्राप्त अतिरिक्त राजस्व का उपयोग गोसेवा के लिए किया जा रहा है।

### पशुधन की सुरक्षा की जा रही सुनिश्चित

**प्रदेश** में बेसहारा पशुओं द्वारा फसलों को पहुंचाए जाने वाले भारी नुकसान से किसान निराश हो रहे हैं और खेती से विमुख होते जा रहे हैं। ऐसे में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार पशुधन की सुरक्षा और किसानों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। सरकार द्वारा पशुधन की सुरक्षा की जा रही सुनिश्चित की जा रही है।

**गोसदनों की स्थिति में होगा सुधार**

**प्रदेश** सरकार इस गंभीर समस्या को समझ रही है और इसे दूर करने के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है। चारे के लिए बढ़ाया गया यह अनुदान गोसदनों की स्थिति में सुधार लाने और प्रदेश में बेसहारा पशुओं की समस्या को कम करने में मददगार साबित होगा।

# मुस्लिम वोट के लिए ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता

**एजेंसी, कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कोलकाता में कहा कि ममता बनर्जी मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन एक्ट का विरोध कर रही हैं। ममता ऐसा करके देश की माताओं और बहनों का अपमान कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव में राज्य की माताएं और बहनें ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करने के लिए ममता और टीएमसी को सबक सिखाएंगी। दो दिन के पश्चिम बंगाल दौरे के पहले दिन शाह ने विजय संकल्प कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, 'जब पहलगाम आतंकी हमले में बंगाल के पर्यटक मारे गए, तब ममता बनर्जी चुप रहीं। मुर्शिदाबाद दंगा राज्य प्रायोजित था। गृह मंत्रालय ने यहां बीएसएफ की तैनाती की बात कही थी, लेकिन ममता सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया, जिससे हिंसा जारी रहे।' शाह ने कहा कि वक्फ संशोधन एक्ट को लेकर मुर्शिदाबाद में हुए दंगों में टीएमसी के कई सीनियर लीडर शामिल थे। दंगों में 3 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। ममता बनर्जी तुष्टीकरण की राजनीति के लिए कानून के खिलाफ हैं। अमित शाह ने कहा कि टीएमसी बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। (अनंत ज्ञान)



# पांच बार दस्तावेज जमा करवाने पर भी नहीं हुई प्रमोशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

टीजीटी शिक्षकों की पदोन्नति सूचियां पिछले 5 साल में तीन बार ही जारी हुई हैं। अनेकों टीजीटी बिना प्रमोशन रिटायर हो रहे हैं।

टीजीटी से प्रवक्ता और टीजीटी से हेडमास्टर प्रमोशन प्रक्रिया दो साल से सिरे नहीं चढ़ी है। टीजीटी से प्रवक्ता पदोन्नति के लिए कई बार आवेदन के अवसर दो साल में दिए गए और नई एसीआर मांगी जाती रही। कई शिक्षक 5 बार भी सारे दस्तावेज जमा कर चुके हैं।

आज तक उनकी प्रमोशन हुई नहीं और हर बार आवेदन की तिथि आगे बढ़ाई जाती है। इस तरह कभी डी पी सी की नौबत नहीं आती।

- कभी बढ़ी आवेदन तिथि कभी मांगी एसीआर
- 25 माह में लिए सिर्फ दस्तावेज नहीं हुई टीजीटी से प्रवक्ता प्रमोशन

कभी इस प्रमोशन पर चुनावी आचार संहिता के साए हावी रहे तो कभी दस्तावेजों में ए सी आर की कमी जताई। शिक्षकों की एसीआर की कॉपी प्रिंसिपल के द्वारा लिखकर विभाग के जिला उप निदेशकों को भेजी जाती है और इसकी प्रति गोपनीय रिपोर्ट होने के चलते उनको नहीं दी जाती। मगर प्रमोशन हेतु उनसे इसकी प्रति मांगते हैं जिससे शिक्षकों को बड़ी असुविधा होती है।

## अब प्रमोशन सूची जारी होनी चाहिए : सुरेश



**दो** सत्र देरी के बाद अब फिर से आवेदन की तिथि आगे बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है। अब प्रमोशन सूची जारी होनी चाहिए और शिक्षकों के हितों की रक्षा करनी चाहिए। यह बात राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने कही। संघ ने कहा कि टीजीटी से हेडमास्टर प्रमोशन में पहले ही इक्का-दुक्का टीजीटी कला शिक्षक प्रमोट होते हैं और अब 26 साल सेवाकाल बाद भी हेडमास्टर प्रमोशन को तरस रहे शिक्षकों का रोष चरम पर है। अगर प्रमोशन करनी नहीं है तो सीधा मना कर दिया जाए। कभी बीच सत्र में प्रमोशन नहीं करने की बात सामने आती है तो सत्र शुरू होने पर प्रमोशन अप्रैल और मई माह में क्यों नहीं की गई। 22 साल पुराने मानकों पर आधारित युक्तिकरण की दोषपूर्ण प्रक्रिया को दोहराने से पहले अगर यह लंबित पदोन्नति कर दी जाती तो शिक्षक, विभाग और सरकार को अनेकों परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। सरकार अब आवेदन की बजाय सीधे डीपीसी बैठक करते हुए 15 जून से पहले प्रमोशन सूची जारी करे।

# भोरंज के रणवीर ने ताइवान में लहराया भारत का परचम

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज की धरती ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। भोरंज के गांव भुक्कड़ के निवासी रणवीर ठाकुर ने ताइवान के ताइपे शहर में 17 से 30 मई 2025 तक आयोजित विश्व मास्टर गेम्स में 50 प्लस आयु वर्ग के कराटे इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया।

रणवीर ठाकुर ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बलबूते इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लिया। विश्व मास्टर गेम्स, जो ओलंपिक की तर्ज पर वरिष्ठ खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया जाता है, इसमें दुनिया भर के हज़ारों अनुभवी एथलीटों ने भाग लिया। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग



के कराटे इवेंट में रणवीर ठाकुर ने उत्कृष्ट तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। रणवीर ठाकुर की स्वर्णिम जीत की खबर मिलते ही उनके गांव भुक्कड़ में खुशी की लहर दौड़ गई। गांववासियों, परिजनों और स्थानीय युवाओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

अपनी सफलता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रणवीर ठाकुर ने कहा, यह पदक मेरे देश, राज्य और मेरे गांव के नाम है। मैंने वर्षों तक मेहनत की है और आज उसका फल मिला है। मेरी कामना है कि हमारे युवा भी खेलों के प्रति रुचि लें और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का नाम ऊंचा करें।

रणवीर ठाकुर की यह जीत न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणास्रोत भी है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि उम्र केवल एक संख्या है, अगर लगन और मेहनत सच्ची हो तो किसी भी उम्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

## युवाओं को प्रेरणा

**उपमंडल** भोरंज के अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने रणवीर ठाकुर को इस उपलब्धि पर बधाई दी और भविष्य में भी उन्हें हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। जिला खेल अधिकारी ने उन्हें खेल प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत विशेष सम्मान देने की घोषणा की है। रणवीर की यह ऐतिहासिक जीत न केवल भोरंज या हिमाचल के लिए, बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व की बात है। उन्होंने यह दिखा दिया कि समर्पण, अनुशासन और परिश्रम से किसी भी स्तर पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। आने वाले समय में वे निस्संदेह और भी युवाओं को प्रेरित करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### राजकीय महाविद्यालय धनेटा में प्रवेश प्रक्रिया आज से शुरू

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा, जिला हमीरपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 02 जून 2025 से प्रारंभ की जा रही है। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने दी। उन्होंने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी 02 जून से 19 जून 2025 तक महाविद्यालय कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर उसे आवश्यक शैक्षणिक व अन्य दस्तावेजों सहित जमा कर सकते हैं। विद्यार्थी कला स्नातक (बीए) तथा वाणिज्य स्नातक (बीकॉम) पाठ्यक्रमों में अपनी पसंद के विषयों का चयन कर प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश से पूर्व विद्यार्थियों की काउंसलिंग 13 जून से 19 जून 2025 के बीच आयोजित की जाएगी। प्रथम वर्ष की प्रथम मेरिट सूची 20 जून 2025 को सांय 5:00 बजे महाविद्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। चयनित विद्यार्थी 21 से 23 जून 2025 तक अपनी फीस जमा करवा सकते हैं। द्वितीय मेरिट सूची 24 जून 2025 को दोपहर 3:00 बजे प्रदर्शित की जाएगी, जिसके आधार पर चयनित अभ्यर्थी 25 से 27 जून 2025 तक फीस जमा कर सकेंगे। द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थी भी 02 जून से 19 जून 2025 तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 28 से 30 जून 2025 तक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें काउंसलिंग, छात्रवृत्तियों से संबंधित जानकारी, तथा महाविद्यालय के नियमों व शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत करवाया जाएगा। नियमित कक्षाएं 01 जुलाई 2025 से प्रारंभ की जाएंगी। प्राचार्य डॉ. राणा ने बताया कि महाविद्यालय में उच्च गुणवत्ता युक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है।

### अवैध शराब मामले में दोषियों पर नहीं हुई कार्रवाई : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने एक बार फिर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने हाल ही में एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग द्वारा काला अंब में मारे गए छापे का हवाला देते हुए कहा कि विभाग ने तो सराहनीय कार्रवाई की, लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते असली दोषियों को बचाया जा रहा है। राजेंद्र राणा ने कहा कि सोशल मीडिया में इस बारे वीडियो वायरल है कि एक्साइज विभाग ने काला अंब स्थित त्रिलोक सन्स ब्रेवरीज पर आधी रात को छापा मारा, जहां 20 से 25 लोग अवैध रूप से शराब निर्माण में जुटे थे लोग। मौके से रॉयल ब्लू नामक अवैध शराब की 230 पेटियां जब्त की गईं, जिन पर उत्तराखंड का लेबल चिपका था। इसके अलावा 3,95,000 लेबल बरामद किए गए, इसके आलावा संतरा ब्रांड के भी 42,000 लेबल भी उत्तराखंड से पाए गए। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि इस गंभीर मामले में राजनीतिक हस्तक्षेप हुआ और मुख्यमंत्री कार्यालय से दबाव पड़ने के कारण किसी अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, जबकि फैक्टरी के मालिक के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हुई जिसे सीधा-सीधा तौर पर जनता में यह संदेश गया कि सरकार दोषियों के साथ है, दोषियों को बचा रही है। राजेंद्र राणा ने कहा कि सरकार काले कारोबार को संरक्षण दे रही है।

### घायल बच्चों से मिले विधायक सुरेश कुमार



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च पाठशाला खुथड़ीं में दीवार गिरने की दुखद घटना में घायल हुए बच्चों का हालचाल जानने के लिए विधायक सुरेश कुमार रविवार को राधा कृष्ण मेडिकल कॉलेज, हमीरपुर पहुंचे। उन्होंने वहां घायल बच्चों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। विधायक के साथ इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और परिजनों को ढांढस बंधाया। विधायक सुरेश ने मौके पर मौजूद अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि घायल बच्चों को बेहतर से बेहतर इलाज और हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

### डीएवी भड़ोली में साइकिल रैली का आयोजन



**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** भारत सरकार के खेल मंत्रालय के 'फिट इंडिया साइकलिंग ड्राइव' की पहल के तहत डीएवी भड़ोली में साइकिल रैली का भव्य आयोजन किया गया। इसमें सुबह-सुबह ही स्कूल के 50-60 बच्चों ने साइकिल दौड़ाई और साथ ही साथ कई अध्यापकों ने भी अपना जोश दिखाया। यह साइकिल की रैली नादौन से लेकर ठेहड़ा गांव तक रही। जहां यह पहल एक ओर फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ा रही है वहीं दूसरी ओर बच्चों में समन्वय, अनुशासन, भाई -बंधुता जैसे कई नैतिक मूल्यों को संचारित कर रही है। प्रधानाचार्य ने भी बच्चों के उत्साह को सराहा और जीवन में उन्हें सर्वप्रथम अपनी सेहत को सुधारने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के मैनेजर नमित शर्मा और एआरओ वीके यादव ने भी बच्चों की प्रशंसा की।

### हिमाचल में फैटी लिवर बनी नई महामारी : सुरेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) तेजी से एक नई स्वास्थ्य महामारी का रूप ले रही है। राज्य के विभिन्न जिलों में यह बीमारी बड़ी संख्या में लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। फैटी लिवर अब केवल शहरी आबादी की समस्या नहीं रह गई, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसके मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने कहा कि, हिमाचल में लोगों की बदलती जीवनशैली, उच्च वसा युक्त भोजन, और शारीरिक गतिविधियों की कमी फैटी लिवर के प्रमुख कारण बन रहे हैं। यहां तक कि बिना शराब पीने वालों में भी यह बीमारी बड़ी संख्या में देखी जा रही है।' अध्ययन में चौंकाने वाले खुलासे हाल ही में हिमाचल के सोलन, शिमला, बिलासपुर, सिरमौर और किन्नौर जिलों में किए गए एक अध्ययन में यह सामने आया है कि हर तीन में से एक व्यक्ति फैटी लिवर की किसी न किसी अवस्था से जूझ रहा है। यह बीमारी धीरे-धीरे लिवर की कार्यक्षमता को खत्म कर सिरोसिस, फाइब्रोसिस और यहां तक कि लिवर कैंसर तक का रूप ले सकती है। डॉ. डोगरा ने बताया कि फैटी लिवर का कोई दवा आधारित इलाज नहीं है, लेकिन इससे बचाव और नियंत्रण जीवनशैली में बदलाव से संभव है।

# जोलसप्पड़ में शीघ्र बनकर तैयार हो जाएगा बाईपास

## रोगी व अन्य वाहनों को नहीं होना पड़ेगा परेशान

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** मेडिकल कॉलेज हमीरपुर स्थित जोलसप्पड़ के पास शीघ्र ही 1200 मीटर बाई पास बन कर तैयार हो जाएगा । इसका निर्माण का जोरों पर चला हुआ है ।

- 10 मीटर होगी इस बाईपास की चौड़ाई, जाम से मिलेगी निजात



इस बाईपास की चौड़ाई 10 मीटर और लंबाई सवा किलोमीटर होगी। इसका निर्माण कार्य पूरा होने पर लोगों को काफी सुविधा होगी। इस बाईपास के निर्माण पर करीब डेढ़ करोड़ खर्च किया जा रहा है। इस बाईपास का कार्य शीघ्र ही पूरा हो जाएगा।

इस बाईपास के निर्माण पर एक करोड़ 53 लख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उसके बाद इस बाईपास को पक्का करने के लिए व बरसाती पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम बारे टेंडर सहित आगामी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

### लोगों को करना पड़ता था परेशानी का सामना

**कांग्रेसी** नेता एवं रंगस पंचायत के पूर्व उप प्रधान फांदी खां, जोलसपड़ पंचायत की प्रधान मीना कुमारी, उप प्रधान विनय कुमार, रामू राम, आशु, सुखबीर सिंह, सतपाल आदि का कहना है कि मेडिकल कॉलेज का भवन नेशनल हाईवे के बिलकुल साथ से गुजरता है। वाहनों का आवागमन काफी बढ़ जाने की संभावना है ऐसे में रोगी वाहनों के आने जाने व मरीजों के वाहनों के आने जाने से और भी समस्या बढ़ सकती थी, जिसे मद्देनजर रखते हुए मुख्यमंत्री से वाया थाई बाईपास बनाने का आग्रह किया था। मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज के पास संभावित ट्रैफिक समस्या को मध्य नजर रखते हुए अधिकारियों को बाईपास बनाने के निर्देश दिए थे।

### निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा : पंकज

**लोक** निमार्ण विभाग के सहायक अभियंता पंकज कौशल का कहना है कि मेडिकल कॉलेज जोलसपड़ के पास एक करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से बाईपास का निर्माण किया जा रहा है जिसका निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। उसके बाद इसे पक्का करने की अगामी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

# प्रदेश में 450 लोकल रूटों पर निगम को हो रहा करोड़ों का घाटा

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल पथ परिवहन निगम के प्रदेश भर में सैकड़ों लोकल रूट ऐसे चल रहे हैं जिससे निगम को प्रति माह लगभग 10 से 15 करोड़ रुपए का घाटा हो रहा है। बता दें कि प्रदेश भर सभी डिपुओं में लगभग 450 लोकल रूट घाटे में चल रहे हैं या निगम इन रूटों को चलाने में असमर्थ है।

इन 450 लोकल रूटों को बेरोजगार युवाओं को इलैक्ट्रिक या डीजल बसें चलाने के लिए दिया जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा ऐसे बेरोजगार युवाओं को सबसिडी भी दी जाएगी। प्रदेश सरकार ने इस योजना को लागू करने के प्रक्रिया शुरू कर दी है। अगले 15 में इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी जाएगी।

इलैक्ट्रिक बसें चलाने के बाद इन चार्जिंग स्टेशन का लाभ युवाओं को मिलेगा। हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने इस योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांव में इलैक्ट्रिक बसों का क्रेज होगा साथ ही पर्यावरण को नुकसान होगा। लोकल रूटों पर इलैक्ट्रिक बसें चलाने के लिए युवा आगे आएं ।

# घर से कूड़ा उठाने वाली स्कीम न लेने वालों को जारी होगा नोटिस

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

नगर परिषद उन गृह मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करने जा रही है जो नगर परिषद की घरों से कूड़ा उठाने जाने वाली स्कीम को नहीं अपना रहे हैं। नगर परिषद द्वारा अब उन्हें नोटिस जारी करने का मन बना लिया है। सुजानपुर में 2000 के करीब मकान है। इसके अलावा सुजानपुर बाजार में कई दुकानें हैं।

सुजानपुर बाजार सुजानपुर से डोली तक फैला हुआ है। 9 वार्ड वाली नगर परिषद सुजानपुर में कई लोग घर-घर कूड़ा उठाने वाले नगर परिषद कि उपभोक्ता शुल्क स्कीम का जान बूझकर लाभ नहीं उठा रहे हैं। नगर परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर कूड़ा इकट्ठा किया जाता है। जिसकी एवज में प्रति माह उपभोक्ता शुल्क लिया जाता है।

घरों से प्रतिमा 50 तथा दुकानदारों से प्रतिमा 100 का शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अलावा होटल आदि से भी नगर परिषद द्वारा कूड़ा उठाने जाने पर एक टाइप फीस निर्धारित की गई है, लेकिन कई लोग इस सुविधा को नहीं अपना रहे हैं, कई लोग घरों से कूड़ा तो दे देते हैं, लेकिन उपभोक्ता शुल्क नहीं देते हैं।

### परिषद को लग रहा चूना

**नगर** परिषद सुजानपुर द्वारा सुजानपुर में सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से उपभोक्ता शुल्क घर-घर जाकर इकठ्ठा किया जाता है, लेकिन कई लोगों द्वारा शुल्क की अदायगी न देने से नगर परिषद को चूना लग रहा है।

### जल्द होगी कार्रवाई

**नगर** परिषद द्वारा इस बाबत समय-समय पर सेल्फ हेल्प ग्रुप तथा सफाई अधिकारी से इसकी रिपोर्ट भी ली गई लेकिन अभी तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अब नगर परिषद इस मामले को लेकर गंभीर हो गई है तथा ऐसी उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने का मन बना लिया है। अब जल्द ही ऐसे उपभोक्ता जो उपभोक्ता शुल्क नहीं देते हैं उनको नोटिस जारी किए जाएंगे।

### उपभोक्ता अदा नहीं कर रहे शुल्क : रमन शर्मा

**नगर** परिषद ईओ रमन शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा सेल्फ हेल्प ग्रुप के साथ मीटिंग ली गई थी। ग्रुप को उपभोक्ताओं की लिस्ट देने को कहा है जो उपभोक्ता शुल्क नहीं अदा कर रहे हैं। जल्द ही उनको नोटिस जारी किए जाएंगे।

# आज नादौन में डीएसपी कार्यालय का उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री सुक्खू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सोमवार सुबह हमीरपुर के निकट बड़ू में नवनियुक्त वन मित्रों के साथ संवाद करेंगे और शाम को नादौन में डीएसपी कार्यालय का उदघाटन करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी प्रवास कार्यक्रम के अनुसार सीएम सुक्खू सोमवार सुबह करीब 10:50 बजे एनआईटी के हैलीपैड पर उतरेंगे और तुरंत बहुतकनीकी कालेज बड़ू के लिए रवाना हो जाएंगे। वह बहुतकनीकी कालेज के मैदान में वन विभाग की ओर से आयोजित वन मित्रों के संवाद समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उसके बाद ज्वालामुखी रवाना होंगे।

ज्वालामुखी में विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन के बाद नादौन पहुंचेंगे। नादौन में वह निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम के कार्य का निरीक्षण करेंगे तथा डीएसपी कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। शाम को वह सेरा के विश्राम गृह में जनसमस्याएं सुनेंगे। मंगलवार सीएम देहरा विधानसभा क्षेत्र के दौरे के लिए रवाना हो जाएंगे।

# अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर रविवार को अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया गया। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला हमीरपुर में टीजीटी आर्ट्स टेट के लिए 237 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था जिसमें से 216 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इस दौरान परीक्षा को लेकर बोर्ड द्वारा भी प्रबंध किए गए थे। विभिन्न परीक्षा सेंटरों में कई अभ्यर्थी गैरहाजिर भी रहे हैं । वहीं शिक्षा बोर्ड के आदेशों के अनुसार अभ्यर्थी समय पर पहुंच चुके थे।

# हमीरपुर के डिवीजनों को नहीं मिल रही फ्यूज वायर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव व जिला हमीरपुर कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने कहा कि पिछले दिनों पांवटा साहिब में हुई घटना जिसमें कनिष्ठ अभियंता व तकनीकी कर्मचारियों के साथ मारपीट की घटना हुई है। उसकी कड़े शब्दों में निंदा की तथा बोर्ड प्रबंधक व पुलिस प्रशासन से मांग की गई है कि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना न हो। दिनेश ने बोर्ड प्रबंधक से मांग की है कि जो हमारे तकनीकी साथी नॉन आईटीआई वाले टीमेट व एएलएम लगभग 350 के करीब हैं। वह लगभग 10-15 वर्षों से अपनी पदोन्नित से वंचित हैं, उनके बारे में भी वन टाइम सेटलमेंट करके पदोन्नत किया जाए।

संघ के राज्य अध्यक्ष रणवीर ठाकुर व पूरी राज्य कार्यकारिणी बोर्ड प्रबंधक से मिला तथा उनको भी इस समस्या के बारे में बताया। कुछ डिविजन में 2021 बैच के भी टीमेट प्रमोट हो चुके हैं, लेकिन पुराने कर्मचारियों को मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस समस्या को भी जायज माना व इसका समाधान जल्द करने का आश्वासन दिया व तकनीकी कर्मचारी संघ को वार्ता के लिए बुलाया जाएगा, ताकि समस्या का समाधान हो सके।

दिनेश ने कहा कि ऑपरेशन सर्कल हमीरपुर के अधीन आने वाले डिवीजनों में दैनिक कार्यों में प्रयोग होने वाले वस्तुओं की भारी कमी है। जैसे फ्यूज वायर, पीवीसी, हैंड गलब्स इत्यादि पूरा किया जाए, ताकि तकनीकी कर्मचारी अपना काम सेफ्टी के साथ कर सकें। दिनेश ठाकुर ने बोर्ड प्रबंधक से एक और मांग की है कि कर्मचारियों के ओवर टाइम बिल का भी भुगतान अतिशीघ्र किया जाए।

# बनालग गांव में दिल्ली के संजीत ने जीती कुश्ती

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की पोहंज पंचायत के अधीन ग्राम बनालग में 31 मई को शताब्दी से अधिक पुरानी परंपरा को जीवित रखते हुए पारंपरिक कुश्ती मेले का आयोजन भव्य रूप में किया गया।



विजेता पहलवानों को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

मेले की खास बात यह रही कि इसका संचालन पूरी तरह ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया गया। आयोजन की कमान डोगरा परिवार ने संभाली, जिसमें सेवानिवृत्त प्रिंसिपल तुलसीराम डोगरा और मोहन सिंह डोगरा की अहम भूमिका रही। इस वर्ष की कुश्ती प्रतियोगिता में दिल्ली के संजीत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि दिम्मी के लक्की उपविजेता रहे। विजेता को 5100 नकद और गदा प्रदान की गई, जो डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा द्वारा अपने दादा सुंदरलाल जी की स्मृति में भेंट की गई। वहीं उपविजेता को 4100 नकद एवं गदा आयोजन समिति की ओर से डॉ. डोगरा द्वारा प्रदान की गई।

विशेष योगदान देने वालों में कृष्ण राणा, शक्ति चंद, सागर रांगड़ा, अजय डोगरा, सुनील डोगरा, सूबेदार संजय डोगरा तथा अन्य ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य श्री तुलसीराम डोगरा, प्रधानाचार्य मोहन सिंह डोगरा, कैप्टन के. सिंह, प्रेमचंद, रमेश चंद, गगन सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएवी भड़ोली स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस



**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** डीएवी भड़ोली में डीएवी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में हवन और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने डीएवी के इतिहास पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि डीएवी की स्थापना स्वामी दयानंद सरस्वती जी के विचारों एवं सिद्धांतों के प्रचार के लिए की गई। महात्मा हंसराज जी के द्वारा 1886 में लगाया गया यह पौधा विशाल वृक्ष का रूप ले चुका है। प्रधानाचार्य के नेतृत्व में अध्यापकों ने कर्तव्य निष्ठां की शपथ ली व प्रण लिया कि वे विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के साथ शिक्षा प्रदान करेंगे।

# नई भर्तियों में आयु सीमा छूट पर संशय बरकरार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर की ओर से निकाली गई टीजीटी भर्ती में अधिकतम आयु सीमा में अभी दो साल की छूट नहीं दी गई है।

पेपर लीक मामले में चलते बीते ढाई वर्ष से आयोग के माध्यम से भर्तियां आयोजित नहीं हो सकी हैं, ऐसे में राज्य चयन आयोग ने प्रदेश सरकार को नई भर्तियों में अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में दो साल की छूट का प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव को लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं हो सका है। ऐसे में टीजीटी की भर्ती में अधिकतम आयु सीमा में छूट को लेकर संशय बना हुआ है।

**लापरवाही** कई बार लगाई गुहार, विभाग को नहीं है कोई भी परवाह

# फोरलेन की वजह से रास्ता बंद होने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

मटौर-शिमला निर्माणाधीन फोरलेन के कारण सुकाबाग के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को देखते हुए सुकाबाग निवासी राजेंद्र ठाकुर ने भी प्रदेश सरकार से गुहार लगाई है कि वे पति-पत्नी दोनों सीनियर सिटीजन हैं और हैंडीकैप भी हैं।

यही कारण है कि उन्हें सड़क के खराब होने से ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि फोरलेन का कार्य अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग ठेकदारों के माध्यम से किया जा रहा है। ठेकेदार काम को बीच



फोरलेन से बंद हुआ रास्ता।

में छोड़कर एक लंबे अंतराल तक काम नहीं करते हैं। इस वजह से काम रुक गया है। उन्होंने मांग की है कि कांगड़ा जिले रानीताल के पास उनके घर के करीब बन रहे फोरलेन को जल्द पूरा किया जाए ताकि आने जाने में आसानी हो सके।

ठाकुर ने बताया कि 2023 से आजतक उनके पक्के रास्ते को तोड़कर बार-बार निवेदन करने के बावजूद भी फोरलेन ज्वालाजी को नहीं बनाया। पहले एनएच से मैंने अपने घर तक ट्रक योग्य रास्ता बनाया था, लेकिन पहली दिसम्बर, 2023 को मिट्टी से इस रास्ते को बंद कर दिया । इसके बाद से मुझे सड़क तक आने-जाने में बड़ी मुश्किल का सामना कहना पड़ रहा है। उन्होंने निदेशक एनएचएआई, हमीरपुर, जिलाधीश व एसडीएम कांगड़ा सहित एनएचएआई के इंजीनियर्स व अन्य कर्मचानियों से कई बार संपर्क भी किया, वह भी लिखित व व्यक्तिगत रूप से।

एक बार 17 या 18 फरवरी को एसडीएम साहिब ने भी मौके पर निरीक्षण करने पर ज्वालाजी के एक्सईएन सरदार सवेंद्र सिंह को भी रास्ते को बनाने के लिए कहा था, लेकिन आज दिन तक कुछ नहीं हुआ। बार-बार आग्रह करने पर भी किसी तरफ से कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस वजह से हम पति -पत्नी को कहीं बाहर आने जाने में दिक्कत हो रही है। सरकार से आग्रह है कि हमारी समस्या का समाधान किया जाए।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने राजनीति में बड़ा मुकाम किया हासिल

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** हमीरपुर जिले के छोटे से गांव के आम साधारण परिवार में जन्मे हिमाचल पथ परिवहन निगम में सेवारत रहे कर्मचारी के बेटे सुखविंद्र सिंह सुक्खू जीवन में अपने दम पर आगे बढ़े हैं। तूफानों से टकराना उनको आता है। भले ही बड़सर का दौरा आज रद्द हो गया है, मुख्यमंत्री बड़सर के दौरे पर बाद में आएंगे, लेकिन राजनीति में बड़ा मुकाम हासिल किया है।

चाहे सरकार भाजपा की हो अथवा कांग्रेस की हमीरपुर की जनता ने जमकर चाहे धूमल को चाहा पर सुखविंद्र सिंह सुक्खू दोनों का हाई कमांड तथा लोगों ने भरपूर साथ दिया। राजनीति में छात्र राजनीति से सीआर से सीएम की कुर्सी का सफर आसान नहीं होता, लेकिन सुक्खू ने जब ठान लिया कि एक दिन मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा तो एक-एक को देख लूंगा। उनकी ईमानदारी का समर्थन पूर्व में मुख्यमंत्री रहे चाहे शांता कुमार एवं प्रेम कुमार धूमल दोनों का ही आशीर्वाद उनको को मिला है।

सुक्खू जब से मुख्यमंत्री बने तो सबसे पहले सुनील बिट्टू जो उनके सुख-दुख में साथी रहे थे उन्हें बिना चुनाव लड़े ही सीधा कैबिनेट मंत्री का दर्जा देकर सम्मानित किया। बिना केंद्र सरकार की सहायता से ढाई साल तक आपदाओं की स्थिति में भी उन्होंने प्रदेश की सरकार को चलाया है।

टूरिज्म नीति-2024 लागू

# हिमाचल में विकसित होंगे 77 नए ईको-टूरिज्म स्थल

## 200 करोड़ राजस्व का लक्ष्य, प्रमुख स्थलों के विकास और गतिविधियों पर ध्यान देने की योजना

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। नई ईको-टूरिज्म नीति-2024 के तहत प्रदेश भर में 77 नए ईको-टूरिज्म स्थलों का विकास किया जा रहा है। सरकार को उम्मीद है कि इस पहल से अगले 5 वर्षों में 200 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

सीएम सुक्खू के नेतृत्व में, इस नीति का मुख्य उद्देश्य प्रकृति संरक्षण के साथ-साथ पर्यटकों को आकर्षित करना, स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना और राज्य की अर्थव्यवस्था को सतत विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाना है। जानकारी के अनुसार राज्य अपनी बर्फीली चोटियों, घने जंगलों, निर्मल नदियों और समृद्ध जैव विविधता के लिए हमेशा से प्रकृति प्रेमियों का पसंदीदा गंतव्य रहा है। नई ईको-टूरिज्म नीति-2024 इन प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए उनके समुचित दोहन पर केंद्रित है। ईको-टूरिज्म का अर्थ है पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना प्राकृतिक स्थलों की यात्रा करना और यह नीति इसी सिद्धांत पर आधारित है, ताकि पर्यटन और प्रकृति दोनों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके।



### प्रत्येक वन वृत्त में बनाईं ईको-टूरिज्म समितियां

राज्य के विभिन्न वन वृत्तों शिमला, कुल्लू, मंडी, बिलासपुर, रामपुर, सोलन, नाहन, हमीरपुर, नालागढ़, धर्मशाला, पालमपुर, चंबा, डलहौजी, नूरपुर और रिकांगपिओ शामिल हैं, में ये 77 ईको-टूरिज्म स्थल विकसित किए जा रहे हैं। इनमें से सात प्रमुख स्थलों शिमला में पॉटर हिल और शोघी, तथा कुल्लू में सोलंग नाला और पार्वती घाटी में कसोल के लिए ईको-टूरिज्म ऑपरेटरों का चयन पहले ही हो चुका है। शेष स्थलों का विकास चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। पर्यटक इन स्थलों पर पर्यावरण अनुकूल गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे।

ईको-टूरिज्म परियोजना का एक महत्वपूर्ण पहलू स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। प्रत्येक वन वृत्त में ईको-टूरिज्म समितियां बनाई गई हैं, जो इन परियोजनाओं का संचालन कर रही हैं। स्थानीय युवाओं को नेचर गाइड और मल्टी-पर्पज वर्कर के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। हिमाचल ईको-टूरिज्म सोसाइटी द्वारा अब तक 70 से अधिक गाइड और 135 मल्टी-पर्पज वर्कर्स को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इससे न केवल रोजगार मिल रहा है, बल्कि स्थानीय लोग प्रकृति की सुरक्षा के प्रति भी जागरूक हो रहे हैं।

### ऑनलाइन सुविधाएं और ट्रैकिंग प्रबंधन होगा मजबूत

**पर्यटकों** के लिए यात्रा और बुकिंग को सरल बनाने के लिए सरकार ने ईको-टूरिज्म सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराया है। 100 से अधिक फॉरेस्ट रेस्ट हाउस और कैंपिंग साइट्स की बुकिंग अब हिमाचल प्रदेश ईको-टूरिज्म सोसायटी की वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है। एक नया ट्रैकिंग मैनेजमेंट सिस्टम भी शुरू किया गया है, जिसके तहत 245 से अधिक ट्रैकिंग रूट्स को कठिनाई स्तर के आधार पर सूचीबद्ध किया गया है। पर्यटकों के मार्गदर्शन के लिए एक मोबाइल ऐप भी तैयार किया जा रहा है।

# मंत्री राजेश धर्माणी ने की तकनीकी शिक्षा बोर्ड के कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

तकनकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी में जिला कांगड़ा में आयोजित कार्यक्रम के बाद तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के कार्यों की समीक्षा की।



तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला पहुंचे मंत्री धर्माणी।

इस मौके पर तकनीकी शिक्षा बोर्ड सचिव अशोक पाठक, सह-सचिव रविंद्र व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान केबिनेट मंत्री ने परीक्षाओं की प्रादर्शिता सहित विभिन्न परीक्षाओं के लिए प्रयोग किए जाने वाली तनकीकी के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रदेश के शहरी से लेकर ग्रामीण स्तर के बच्चों को अच्छी तनकीकी व वोकेशनल शिक्षा प्रदान किए जाने की बात कही।

धर्माणी ने कहा कि युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा तथा प्रशिक्षण पर भी विशेष बल दिया जाएगा, वर्तमान दौर में निजी क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार युवाओं को तैयार किया जाएगा, ताकि युवाओं को आसानी से रोजगार प्राप्त हो सकें।

उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक इंजीनियरिंग कॉलेज तथा दो बहुतकनीकी संस्थानों में आर्टिफिश्यिल इंटेलिजेंस तथा डाटा साइंस, इंटरनेट आफ थिंग्स तथा मेटरोनिक्स जैसे नए विषय आरंभ किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के 17 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नए युग के कोर्स इंटरनेट, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिक वाहन, फाइबर टू होम टेक्निशियन इत्यादि करवाए जा रहे हैं।

# करसोग में मंदिर की प्रतिष्ठा में बकरे की बलि देने पर केस दर्ज

**पीयूष शर्मा, अनंत ज्ञान, करसोग।** मंडी जिले के करसोग उपमंडल में बकरे की सार्वजनिक तौर पर बली देने के मामले में करसोग पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, शिकायतकर्ता मेहर सिंह निवासी दलीधार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि 30 मई को चंजौडी महामाया मंदिर में प्रतिष्ठा का आयोजन था तथा 31 मई को मंदिर में समापन होना था। वहीं, मंदिर कमेटी व स्थानीय ग्रामीण इस समारोह में शामिल थे। इन्होंने सुबह 4 बजे के करीब इस मंदिर में कुंड डाला है, जिसमें इन लोगों ने बकरे की बलि दी है। इन्होंने कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, डीएसपी करसोग गौरवजीत सिंह ने बताया है कि शिकायत के आधार पर थाना करसोग में प्राथमिकी दर्ज की गई है और तफ्तीश जारी है।

# संगड़ाह में टिप्पर खाई में गिरा चालक की मौत, एक घायल

**अनंत ज्ञान,नाहन।** जिला सिरमौर के उपमंडल संगड़ाह में एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया। कोरग से डिमाइना की ओर जा रहा बजरी से लदा एक टिप्पर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया, जिसमें टिप्पर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति सुरेश पुत्र शोभा राम गांव पंजाह गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान सुरेश कुमार (40) पुत्र नैन सिंह के रूप में हुई है, जो गांव पंजाह, पंचायत बडोल, संगड़ाह का निवासी था। दुखद बात यह है कि सुरेश कुमार (40) पुत्र नैन सिंह ही टिप्पर का मालिक था। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया।

कड़ी मशक्कत के बाद दोनों घायलों को खाई से बाहर निकाला गया और उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चालक सुरेश कुमार ने दम तोड़ दिया। डीएसपी संगड़ाह मुकेश कुमार ने बताया कि मृतक सुरेश कुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिसके बाद शव को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# विमल नेगी मौत मामला : जयराम ने फिर उठाए सरकार की नीयत पर सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विमल नेगी मामले में प्रदेश सरकार की नीयत पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार शुरू से ही इस मामले को सीबीआई जांच के पक्ष में नहीं थी और अब एक पुलिस अधिकारी के माध्यम से हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने का प्रयास कर रही है। शिमला में आयोजित प्रेसवार्ता में जयराम ने कहा कि जब मृतक की पत्नी ने गुहार लगाई तो हाईकोर्ट ने सख्त आदेश दिए और जांच सीबीआई के हवाले की। हैरानी की बात यह है कि सरकार द्वारा अवकाश पर भेजे गए एक एसएसपी रैंक के अधिकारी ने व्यक्तिगत रूप से इस फैसले के खिलाफ एलपीए (लेटेंट पेटेंट अपील) दायर की।



शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते जयराम ठाकुर।

### पुलिस अधिकारी के माध्यम से हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने का प्रयास

उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के उस बयान पर भी सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती नहीं देगी। उन्होंने पूछा, 'अगर मुख्यमंत्री का यह कहना सही था, तो फिर यह पुलिस अधिकारी किसके इशारे पर काम कर रहा है?' जयराम ने पुलिस अधिकारी की भूमिका पर संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि उनका आचरण ऐसा लगता है, जैसे वह खुद को पुलिस महानिदेशक से भी ऊपर मानते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जो न तो सरकार की सुनता है और न हाईकोर्ट की। मुझे लगता है कि इस एसएसपी को मुख्यमंत्री का ही आशीर्वाद है, जिनके कहने पर ही यह ऐसा कर रहा है, जबकि मुख्यमंत्री मीडिया में आकर झूठ बोल रहे हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि आखिर इस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है, जबकि उसने अपने पूर्व के पुलिस महानिदेशक, मुख्य सचिव, वर्तमान पुलिस महानिदेशक, भाजपा नेताओं, धर्मशाला के विधायक और उन पर भी झूठे मनगढ़ंत आरोप लगाए थे। नेता प्रतिपक्ष ने पेखुवाला सोलर प्लांट और कालाअंब में अवैध शराब फैक्टरी के मामलों पर भी सरकार को घेरा।

कालाअंब में अवैध शराब फैक्टरी के मामले में, जिसे ठाकुर ने 100 करोड़ रुपए से अधिक का बताया, उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री कार्यालय का एक अधिकारी इसमें शामिल है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि मौके से 4 लाख महंगी शराब के रैपर तक बरामद हुए हैं, फिर भी मुख्यमंत्री इस मामले को क्यों दबाने में लगे हुए हैं?

उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा हाईकोर्ट के फैसलों पर सवाल उठाने और न्यायाधीशों की संख्या को लेकर आपत्तिजनक बयान देने को भी दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री से उन भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की, जो पेखुवाला सोलर प्लांट में संलिप्त हैं।




# सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हुई टीजीटी आर्ट्स और मेडिकल परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने रविवार को टीजीटी आर्ट्स और मेडिकल विषय के लिए अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) का आयोजन किया। इसके लिए बोर्ड ने प्रदेश भर में 133 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस दौरान 17,029 अभ्यर्थियों ने टेट के लिए पंजीकरण करवाया था।

शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन प्रदेशभर में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में किया गया है। उन्होंने बताया कि सुबह 10 से 12.30 बजे तक टीजीटी आर्ट्स विषय के लिए परीक्षा हुई। इसके लिए बोर्ड की ओर से 79 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां पर 12,519 अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी किए गए थे। वहीं दूसरे सत्र में सायं दो से साढ़े चार बजे तक टीजीटी मेडिकल विषय के लिए टेट हुआ। इसके लिए 54 केंद्र बनाए गए थे, जबकि 4510 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। उन्होंने बताया कि दोनों ही विषयों की परीक्षाओं का सफल आयोजन किया गया है। सात जून को शिक्षा बोर्ड सुबह के सत्र में जेबीटी और दूसरे सत्र में टीजीटी संस्कृत के लिए अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन करेगा।





अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें।
सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# दूसरी राजधानी धर्मशाला के गांव खनियारा को नहीं किसी का सहारा

## आज भी बिजली, पानी, शौचालय व सरकारी योजनाओं को तरस रहे लोग







संजय अग्रवाल
धर्मशाला

'सरकारी आंकड़ों और कागजी विकास को मुंह चिढ़ाते हुए हिमाचल प्रदेश के अधिकतर गांव बुनियादी सुविधाओं से आज भी अछूते हैं। दूसरी ओर प्रतिवर्ष विकास कार्यों को आवंटित होने वाली करोड़ों की धनराशि इन्हीं गांवों में खर्च होना दिखाया जा रहा है। इसके बाद भी गांवों की सूरत नहीं बदल रही है। सबसे खराब हालत तो लोहिया समग्र गांवों की है। पात्रों के बजाय अपात्रों को ही योजनाओं का लाभ मिल रहा है। बिजली, पानी, शौचालय और यातायात व्यवस्था की कमजोरी आज भी गांवों में रहने वाले लोगों के लिए परेशानी में डाले हुए है।

केंद्र और राज्य सरकार की अनेक योजनाएं गरीबों और गांवों के विकास के लिए चलाई जा रही हैं। जिनमें मनरेगा, आवास योजना, सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विकलांग, विधवा, वृद्धा पेंशन, शादी अनुदान, हैंडपंप, भूमिहीनों को भूमि आवंटन आदि योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं के अलावां गांवों में संपर्क मार्ग, जल निकासी के लिए नाली, शौचालय निर्माण, आदि कार्यों को किए जाने का प्रावधान है। योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रति वर्ष जनसंख्या के आधार पर प्रत्येक ग्राम पंचायतों को लाखों रुपए प्रतिवर्ष मुहैया कराया जाता है। इन्हीं योजनाओं के लिए गांवों में विकास के नाम पर करोड़ों रुपए का व्यय प्रतिवर्ष होना दिखाया जा रहा है। फिर भी यदि देखा जाए तो विकास के मामलां में गांवों की सूरत जस की तस बनी है। गांव अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं।

आज हम बात करेंगे हिमाचल प्रदेश की दूसरी राजधानी धर्मशाला से लगभग 6 किलो मीटर की दूरी पर बसे ऐतिहासिक गांव खनियारा की। प्राकृतिक सुंदरता की अनोखी छटा लिए व धौलाधार पर्वतों की ठीक नीचे बसे इस गांव के लोग आज भी सरकारों को कोसते नजर आ रहे हैं। 'अनंत ज्ञान' ने जब इस गांव की दौरा किया तो इस गांव की कहानी कुछ ओर ही नजर आई।

### सरकार कोई भी हो अपना पेट भर रही



बाबू राम जी

**भीषण** गर्मी के बीच खनियारा गांव के मार्ग के किनारे बैठे गांव के वरिष्ठ नागरिक बाबू राम से जब हम मिले तो उनके दर्द व परेशानियों ने हमें भी परेशानियों में डाल दिया। बाबू राम की बातों ने सरकार के उन दाबों की पोल खोलकर रख दी जिन दाबों पर सरकारें भाषणबाजी करती नजर आती हैं। उनके अनुसार गांव के लोग आज भी बिजली व पानी को तरस रहे हैं। सुविधा तो है, पर आंख मिचोली के खेल पर? बाबू राम का कहना है उनके परिवार में तीन सदस्य हैं, कमाने वाला कोई नहीं है। वह खुद बीमार रहते हैं, पर सरकार की ओर से अस्पतालों में न तो निशुल्क इलाज है ओर न हो कोई आर्थि मदद। आंखों में आंसू लिए उन्होंने कहा कि सरकार की और से कुछ न तो कुछ मिलना चाहिए, दो समय की रोटी ही मिल जाए तो बहुत बड़ी बात है। बाबू राम ने कहा कि गरीबों की कोई नहीं सरकार कोई भी हो अपना पेट भर रही है, गरीब जनता भाड़ में जाए।

### पर्यटन गांव में कोई सार्वजनिक शौचालय नहीं



देशराज

**गांव** के एक अन्य वरिष्ट नागरिक देशराज का कहना है कि हमारा गांव बहुंत सुंदर है, मगर बिजली पानी की समस्या यहां गंभीर है। गांव में पर्यटक तो आते हैं, मगर उनके ठहरने की व्यवस्था नहीं है। गांव पर्यटन रुप में विकसित हो सकता है, मगर सरकारों ने आज तक प्रयास नहीं किया। पर्यटन गांव में कोई सार्वजनिक शौचालय नही है। प्रदेश में नशा हुआ है। सरकार प्रयास तो कर रही मगर नशा माफिया बेखौफ घूम रहा है। युवा नशे के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने अगर नशे को नहीं रोका गया तो इसके गंभीर स्थिति देखने को मिलेगी। अनंत ज्ञान समाचार पत्र को लेकर उन्होंने कहा कि अखवार काफी सुंदर है, अखबार को जनहित से जुड़े मुददे उठाते रहना चाहिए।

### सरकारी स्कूलों में शिक्षा की कमियों को दूर करे सरकार



बीरवल

**गांव** के रहने वाले युवा बीरवल ने बताया कि सरकार ने प्रदेशभर में सरकारी स्कूल तो खोल रखे हैं, मगर स्कूलों में जो कमियां हैं उनको दूर नहीं किया जा सका है। सरकार को चाहिए कि स्कूलों में उन कमियों को दूर करे। उन्होंने कहा कि आजकल स्कूलों का माहौल काफी बिगड़ा हुआ है। सरकारी स्कूलों की बात हो या निजी स्कूलों की, ऐसे स्कूलों पर नकेल कसना जरूरी है। बीरवल ने भी दोहराया कि गांव में बिजली पानी रामभरोसे है। यातायात सुविधा की व्यवस्था लड़खड़ाई हुई है। उन्होंने कहा धर्मशाला के खनियारा गांव की अपनी अलग पहचान है, परंतु सरकारी की खामियों के कारण इसकी पहचान खोती जा रही है।

### सरकार से पूरी नहीं हो रही गारंटियां



जोगिंद्र कुमार

**गांव** के वरिष्ठ नागरिक जोगिंद्र कुमार ने बताया कि सरकार गारंटियों के नाम पर वोट तो ले लेती है, मगर सरकार से गारंटियों पूरी नहीं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं को ठगा है, जनता के साथ गारंटियों के नाम पर राजनीति कर सत्ता हथियाई है। उन्होंने कहा कि उनकी दो बेटियां हैं दोनों की शादी हो चुकी है। एक बेटा है जो पूरी तरह से अपंग है, परंतु वर्तमान में न तो अपंग पेंशन है न ही बृद्ध पेंशन है। बेवश और गरीब की बातों को कोई नहीं सुन रहा है। नेता वोट के लिए आते हैं उसके बाद उनका कोई अता-पता नहीं रहता है। गांव की आवदी 10 हजार है, परंतु आज तक गांव न तो पर्यटन के रूप में और ही न ही विकास की दृष्टि से आगे बढ़ पाया है।

### महिलाओं से छल की राजनीति क्यों?



सुनेता

**गांव** की रहने वाली महिला सुनेता के अनुसार गांव विकास से पिछड़ा हुआ है। पर्यटन क्षेत्र होने के बाद भी यहां सुविधाओं की कमी है। सरकार वायदे तो करती है, परंतु उसे पूरा करने में आनाकानी करती है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने 1500 रुपए खाते में नहीं डालने थे तो प्रदेश की महिलाओं से छल की राजनीति क्यों की गई? क्यों सरकार विकास पर ध्यान नहीं दे पाई रही है। अढ़ाई वर्ष बीत जाने के बाद भी क्यों सरकारी खजाना खाली है।?

### इंद्रु नाग मंदिर जीती-जागती जोत

**खनियारा** गांव में भगवान इंद्रुनाग मंदिर एक जीती जागती जोत है। भगवान इंद्रुनाग को वर्षा का देवता के नाम से भी पुकारा जाता है। गांव में कोई भी कार्य करना हो तो सबसे पहले भगवान इंद्रुनाग की मंजूरी के बाद ही कार्य को शुरू किया जाता है। बता दें कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में मैचों के दौरान वर्षा न हो इसके लिए एचपीसीए द्वारा मंदिर में हवन-यज्ञ करवाया जाता है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग व पर्यटक मंदिर में दर्शनों के लिए आते हैं।




### कांग्रेस सरकार से हर कोई परेशान



*__स्थानीय__ विधायक सुधीर शर्मा का कहना है कि प्रदेश में जब से सुक्खू सरकार सत्ता में आई है, तब से हर कोई परेशान है। सुक्खू सरकार के राज में विकास कार्य ठप हो चुके हैं। बदले की भावना से कार्य कर सरकार जनता को परेशान कर रही है। उन्होंने कहा सरकार नहीं चाहती प्रदेश का विकास हो। सरकार ने गांवों में हो रहे विकास कार्य को रोक दिया है। सरकार अपनी गारंटियों को पूरा नहीं कर पाई है। गरीबों को उनका हक देने में कांग्रेस सरकार आनाकानी कर रही है। अधिकारियों को काम न करने के लिए डराया धमकाया जा रहा है।*

***-सुधीर शर्मा, भाजपा विधायक धर्मशाला***

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय 'लीडर, विचारक, चिंतक' : नड्डा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शिमला में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद व्याख्यानों की 60वीं वर्षगांठ के राष्ट्रीय स्मृति सम्मेलन का समापन किया। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने बताया कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में कुल नौ सत्रों का आयोजन किया गया।



जगत प्रकाश नड्डा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए।

उन्होंने अपने संबोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को 'लीडर, विचारक और चिंतक' का संगम बताया। उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद एक ऐसी विचारधारा है जिससे प्रत्येक भारतीय जुड़ा है, और इसी पर आधारित मोदी सरकार की सभी योजनाएं चल रही हैं।

उन्होंने अंत्योदय पर जोर देते हुए कहा कि देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, 80 करोड़ गरीबों को राशन मिल रहा है, 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण हुआ है, और गरीबों के लिए 4 करोड़ घर बन चुके हैं, जिनमें से 75 प्रतिशत स्वामित्व महिलाओं के नाम है। 3 करोड़ अतिरिक्त घर निर्माणाधीन हैं। सम्मेलन में भारत की सुरक्षा, संप्रभुता, आत्मनिर्भर भारत हेतु सतत ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

# ब्राह्मी : बुद्धि, सेहत और आजीविका की हरियाली





भारत की धरोहर वनस्पतियों में 'ब्राह्मी' एक ऐसा नाम है, जो न केवल याददाश्त बढ़ाने वाले पौधे के रूप में पहचाना जाता है, बल्कि अपने औषधीय, पोषणात्मक और आर्थिक गुणों के कारण आयुर्वेद से लेकर आधुनिक विज्ञान तक में सम्मानित स्थान रखता है। छोटे से दिखने वाले इस पौधे की शक्ति विशाल है। यह मस्तिष्क की ऊर्जा को बढ़ाता है, त्वचा को रोगमुक्त करता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी संबल दे सकता है। चाहे वह दादी-नानी की रसोई में बनने वाली ब्राह्मी चटनी हो या आधुनिक प्रयोगशालाओं में तैयार होने वाले हर्बल सप्लीमेंट-ब्राह्मी हर जगह अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रही है। हजारों वर्षों से यह पौधा आयुर्वेद, यूनानी, और सिद्ध चिकित्सा पद्धतियों में उपयोग में लाया जाता रहा है। आज भी यह स्मृति बढ़ाने, मानसिक स्वास्थ्य सुधारने और त्वचा विकारों को दूर करने में उपयोगी माना जाता है।



## वनस्पति पहचान

**ब्राह्मी** का वानस्पतिक नाम सेंटेला एशियाटिका (Centella asiatica) है। यह एक क्षुप (छोटा पौधा) होता है, जिसके पत्ते गोल और थोड़े खांचे वाले होते हैं, जो देखने में मेंढक के पंजों जैसे प्रतीत होते हैं। इसी कारण इसे मंडूकपर्णी (मंडूक=मेंढक, पर्णी=पत्ती) नाम मिला है। ब्राह्मी नमी वाले स्थानों जैसे खेतों की मेड़, घास के मैदान, रास्तों, सड़क और तालाब किनारे, बगीचों और आंगनों में आसानी से उग जाता है।

## व्यक्तिगत अनुभव और आधुनिक विज्ञान का संगम

*जब मैं बचपन में पढ़ाई में अव्वल आने की कोशिश में लगी रहती थी, तब मम्मी कहा करती थीं 'ब्राह्मी खाओ, याददाश्त बढ़ाओ।' तब इस बात का वैज्ञानिक आधार भले न मालूम हो, परंतु उनके विश्वास और स्नेह के साथ मैंने इस कड़व से पत्ते को खाना शुरू किया। चूंकि मेरा सपना हमेशा कक्षा में प्रथम स्थान पर आने का रहता था, इसलिए ब्राह्मी का नियमित सेवन कड़वी होने के बावजूद मेरी दिनचर्या का हिस्सा बन गया। बाद में कॉलेज में ज्वाइन कर लेने के बाद भी यह पौधा मेरे लिए उतना ही महत्वपूर्ण बना रहा। जैसे-जैसे मैंने स्थानीय वनस्पति पर गहराई से काम करना शुरू किया, तब जाकर पता चला कि यह चमत्कारी पौधा कैंसर की दवाओं में भी एक आवश्यक घटक के रूप में प्रयुक्त होता है। आज भी बोटैनिकल गार्डन के कुछ खास हर्बल पौधों में से ब्राह्मी एक है। शुरू में मैं इसकी ताजे पत्ते कड़वाहट के बावजूद खाती थी, परंतु समय के साथ मैंने इसकी ऐसी स्वादिष्ट रेसिपियां तैयार कीं। जैसे ब्राह्मी के पकोड़े, चिल्ला, हरा जूस और शरबत, जिन्हें छोटे बच्चे भी चाव से खाते हैं।*

### मौसमी व्यवहार और खेती



*डॉ. तारा देवी सेन विभागध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी।*

**ब्राह्मी** वर्षा ऋतु में खूब पनपती है, लेकिन वसंत से ही इसकी कटाई शुरू की जा सकती है। यह पौधा एक वर्षीय या बहुवर्षीय हो सकता है, जो इसके वातावरण पर निर्भर करता है। इसे गमलों में, छायादार स्थानों में और खेत की सीमाओं पर भी उगाया जा सकता है। यह कम देखभाल में अधिक लाभ देने वाला पौधा है। हालांकि आधुनिकीकरण और शहरीकरण के इस दौर में ब्राह्मी जैसे बहुगुणी पौधे को बहुत से लोग केवल एक साधारण घास या खरपतवार (वीड) से अधिक नहीं समझते और औषधीय और पोषण संबंधी विशेषताओं के प्रति जागरूकता की कमी के कारण यह अनदेखा रह जाता है।

### औषधीय उपयोग

**1. मस्तिष्क के लिए अमृत :** ब्राह्मी को 'ब्रेन टॉनिक' कहा जाता है। यह स्मृति, ध्यान और एकाग्रता को बढ़ाने में सहायक है। विद्यार्थियों के लिए इसका सेवन विशेष लाभकारी माना जाता है।

**2. तनाव और चिंता में राहतः** ब्राह्मी में ऐसे यौगिक पाए जाते हैं, जो मानसिक तनाव को कम कर शांति प्रदान करते हैं। यह नींद की गुणवत्ता को भी सुधारता है।



**3. त्वचा रोगों में उपयोगी :** ब्राह्मी के लेप से घाव भरने की प्रक्रिया तेज होती है। यह एक अच्छा एंटीसेप्टिक भी है।

**4. रक्त शुद्धिकरण और लिवर टॉनिकः** यह रक्त को शुद्ध करता है और लिवर की क्रियाशीलता को सुधारता है।

**5. कैंसर रोधी क्षमता :** आधुनिक अनुसंधानों के अनुसार, ब्राह्मी में कैंसर निरोधक गुण होते हैं और यह कुछ प्रमुख दवाओं का हिस्सा भी है।

### खाद्य उपयोग

**ग्रामीण** क्षेत्रों में ब्राह्मी का उपयोग सलाद, चटनी, साग, और काढ़ा बनाने में किया जाता है। कुछ परंपरागत व्यंजन जैसे 'ब्राह्मी चटनी' नींबू, धनिया, और हरे मिर्च के साथ बनाई जाती है। इसे दही में मिलाकर रायता के रूप में भी खाया जाता है। दक्षिण भारत में इसका उपयोग 'तंबली' नामक ठंडी करी में किया जाता है, जो पाचन में लाभकारी होती है।

### पोषणीय मूल्य

**ब्राह्मी** न केवल औषधीय गुणों से भरपूर है, बल्कि इसका पोषण मूल्य भी उल्लेखनीय है। इसमें विटामिन ए, सी, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम और डाइटरी फाइबर भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। यह एंटीऑक्सीडेंट यौगिकों (जैसे फ्लावोनॉइड्स, टैनिन) और ब्राह्मीन व एशियाटिकोसाइड जैसे सक्रिय तत्वों से युक्त है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता, पाचन, हड्डियों की मजबूती और मस्तिष्क स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।

### सेवन की विधि



**ब्राह्मी** की 3-5 पत्तियां प्रतिदिन चबाना स्मृति और एकाग्रता के लिए लाभकारी है। इसे पानी में उबालकर काढ़ा भी बनाया जा सकता है। बाजार में ब्राह्मी सिरप, कैप्सूल और चूर्ण के रूप में भी उपलब्ध है।

### सावधानियां

**अत्यधिक** मात्रा में सेवन करने से दस्त या पेट में गड़बड़ी हो सकती है।

गर्भवती महिलाओं को इसका उपयोग चिकित्सक की सलाह पर करना चाहिए।

### आर्थिक संभावनाएं

**ब्राह्मी** का वैश्विक बाजार वर्ष 2023 में लगभग 2.5 बिलियन अमेरिकी डॉलरथा, जो भारतीय मुद्रा में लगभग 20,750 करोड़ रुपए के बराबर है (83 प्रति डॉलर की औसत विनिमय दर के अनुसार)। विशेषज्ञों के अनुसार, वर्ष 2032 तक इसका वैश्विक बाजार आकार 5.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है, जो लगभग 42,330 करोड़ रुपए बनता है। इस अवधि में ब्राह्मी के बाजार में 7.8 फीसदी की वार्षिक चक्रवृद्धि वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया है। भारत में इसकी मांग लगातार बढ़ रही है, विशेषकर आयुर्वेदिक औषधियों, सौंदर्य प्रसाधनों (कॉस्मेटिक्स) और पोषण उत्पादों (न्यूट्रास्यूटिकल्स) में। ब्राह्मी का उपयोग ब्रेन टॉनिक, तनाव मुक्ति, त्वचा उपचार और स्मृति बढ़ाने वाले उत्पादों में बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसके अतिरिक्त, ब्राह्मी की पत्तियों से बने हर्बल चाय, सिरप, कैप्सूल, स्किन क्रीम और शरबत जैसे उत्पादों की मांग भी लगातार बढ़ रही है, जिससे इसके व्यवसायिक उपयोग की संभावनाएं अत्यधिक उज्ज्वल हो गई हैं। यह पौधा गमलों और छायादार स्थानों में भी आसानी से उगाया जा सकता है, जिससे शहरी क्षेत्रों में इसकी हर्बल किचन उत्पाद के रूप में लोकप्रियता बढ़ रही है। यदि स्थानीय समुदायों को वैज्ञानिक प्रशिक्षण, प्रसंस्करण तकनीक और बाजार तक पहुंच दी जाए, तो यह पौधा ग्रामीण क्षेत्रों की आजीविका को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। स्वयं सहायता समूह इसके पत्तों से स्थानीय व्यंजन, चाय, शरबत, औषधीय तेल जैसे उत्पादों की ब्रांडिंग और बिक्री शुरू कर सकते हैं।

# डेंगू : एक खामोश खतरा लेकिन पूरी तरह से रोका जा सकता

**डेंगू** एक संक्रामक वायरल बीमारी है, जो एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलती है। यह बीमारी भारत में हर वर्ष बरसात के मौसम में लाखों लोगों को प्रभावित करती है। सही जानकारी, सावधानी और समय पर इलाज से हम इस बीमारी से स्वयं को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं।

### कैसे फैलता है डेंगू

डेंगू वायरस मादा एडीज मच्छर की ओर से फैलता है जो दिन के समय काटता है। यह मच्छर साफ पानी में पनपता है और घरों के आस-पास जमा पानी में तेजी से अपनी संख्या बढ़ाता है।

### डेंगू के लक्षण

शुरुआत में डेंगू सामान्य बुखार जैसा लगता है, लेकिन धीरे-धीरे यह गंभीर रूप ले सकता है। इसके सामान्य लक्षण हैं

- तेज बुखार
- सिर, आंखों और जोड़ों में दर्द
- शरीर पर लाल चकत्ते
- मांसपेशियों में ऐंठन और थकावट



### ये लक्षण हो सकते हैं खतरनाक

- पेट में तेज दर्द
- बार-बार उल्टी
- सांस लेने में कठिनाई
- नाक, मसूड़ों या मल में खून आना
- प्लेटलेट्स की संख्या में तेजी से गिरावट
- ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सीय सहायता लेना आवश्यक है।

### बचाव के उपाय

- मच्छरों से सुरक्षा करें
- सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें
- घर से बाहर निकलते समय मच्छर भगाने वाली क्रीम या स्प्रे लगाएं
- पूरी बाजू तक कपड़े पहनें, खासकर दिन के समय

### मच्छरों के प्रजनन को रोकें

- आसपास पानी इकट्ठा न होने दें
- पानी की टंकियों को हमेशा ढक कर रखें
- कूलर, गमले, फूलदान, पुराने टायरों आदि में जमा पानी को नियमित रूप से खाली करें



*शीतल नर्सिंग अधिकारी, मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चंबा*

### स्वच्छता बनाए रखें

- घर और उसके आसपास साफ-सफाई रखें
- कूड़ा-कचरा समय पर और सही जगह पर फेंके
- झाड़ियों और लंबी घास को न बढ़ने दें

**डेंगू** एक गंभीर बीमारी है, लेकिन थोड़ी सी सतर्कता और जागरूकता से इससे पूरी तरह बचा जा सकता है। हम सभी का कर्तव्य है कि हम न केवल खुद की, बल्कि अपने परिवार और समाज की भी सुरक्षा करें। स्वच्छता, सावधानी और समय पर चिकित्सा ही इसका सबसे प्रभावी समाधान है।

**प्रस्तुतिः प्रस्तुति : आरके सहगल, चंबा।**

# बरसात का मौसम बढ़ा सकता बीमारियों के जोखिम




*-डॉ. राजेश गुलेरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी।*

**जून** माह के अंत तक मानसून दस्तक देगा। बरसात के मौसम में कई तरह की बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। डॉक्टरों की सलाह है कि साफ-सफाई रखें, मच्छरों से दूर रहें, दूषित भोजन और पानी से बचें और जरूरत पड़ने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बरसात में होने वाले रोगों से कैसे बचा जा सकता है और क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए इस बारे में कांगड़ा जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी का कहना है कि मलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो लाल रक्त कोशिकाओं को संक्रमित करने वाले परजीवियों के कारण होती है। मलेरिया हल्के बुखार से लेकर गंभीर जटिलताओं तक पैदा कर सकती है और अगर ठीक से इलाज न किया जाए तो जानलेवा हो सकती है। यह प्लास्मोडियम जीनस के परजीवियों के कारण होती है। ये परजीवी संक्रमित एनोफिलीज मच्छरों के काटने से फैलते हैं। बरसात में जमा पानी मच्छरों के लिए आदर्श प्रजनन स्थल बनाता है, जिससे मलेरिया का खतरा बढ़ जाता है।

### साफ-सफाई पर दें ध्यान

**डॉ.** राजेश का कहना है कि बरसात का मौसम बीमारियों के जोखिम को बढ़ा सकता है। इन बीमारियों को जानना, उनके लक्षण समझना, उनका इलाज कैसे करें और उन्हें कैसे रोकें, आपकी सेहत बनाए रखने में मदद कर सकता है। इन बीमारियों के प्रभाव को कम करने और खुद को स्वस्थ रखने के लिए, साफ सफाई का ध्यान रखें और डॉक्टर से परामर्श करने के बाद, ऊपर दिए गए निवारक उपायों का पालन करें।

### मलेरिया के लक्षण




### 9 से 14 दिन बाद दिखते मलेरिया संक्रमण के लक्षण

**मलेरिया** के लक्षण आमतौर पर संक्रमण के 9 से 14 दिन बाद दिखते हैं, जैसे तेज बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और थकान। गंभीर मामलों में, यह एनीमिया, ऑर्गन फेल्योर या सेरेब्रल मलेरिया जैसी जटिलताओं का कारण बन सकता है। मलेरिया का इलाज विशेष दवाओं से किया जाता है, जैसे क्लोरोक्वीन, आर्टेमिसिनिन-आधारित संयोजन चिकित्सा या कुनैन। इस बीमारी से बचने के लिए कीट निरोधक का उपयोग करें, पूरे कपड़े पहनें और मच्छरदानी के नीचे सोएं। घर के आसपास जमा पानी हटा दें और मच्छरों के प्रजनन स्थलों को कम करने के लिए कीटनाशक का उपयोग करें।

### मांसपेशियों और जोड़ों में होता गंभीर दर्द

**मुख्य** चिकित्सा अधिकारी राजेश का कहना है कि बरसात में डेंगू बुखार एक वायरल संक्रमण है, जो एडीज एजिप्टी मच्छरों के काटने से फैलती है। इसे अकसर हड्डी तोड़ बुखार कहा जाता है, क्योंकि इसमें मांसपेशियों और जोड़ों में गंभीर दर्द होता है। डेंगू गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकता है। डेंगू बुखार, डेंगू वायरस के कारण होता है। यह वायरस संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है। अचानक तेज बुखार, गंभीर सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द शामिल हैं। इलाज का ध्यान लक्षणों को नियंत्रित करने और शरीर को हाइड्रेट रखने पर होता है। मरीजों को आराम करने, अधिक तरल पदार्थ पीने और दर्द तथा बुखार के लिए एसिटामिनोफेन लेने की सलाह दी जाती है। गंभीर मामलों में अस्पताल में भर्ती की आवश्यकता हो सकती है। गंभीर मामलों में अस्पताल में भर्ती की आवश्यकता हो सकती है।

**प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला।**



# अग्निघास एक बहुपयोगी आयुर्वेदिक औषधि

**अग्निघास,** जिसे आमतौर पर झंडू घास, कोटु कुरी या डैजी घास के नाम से जाना जाता है, वह एक औषधीय पौधा है। यह पौधा भारत सहित उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में बंजर भूमि, खेतों और सड़कों के किनारे सामान्य रूप से उगता है। इसका वैज्ञानिक नाम Tridax procumbens है और यह पौधा पतली शाखाओं वाला तथा जमीन पर फैलने वाला होता है। भले ही यह घास साधारण प्रतीत होती है, परंतु इसके अंदर अनेक औषधीय गुण समाहित होते हैं, जिनका उपयोग आयुर्वेद में प्राचीनकाल से होता आ रहा है। इस पौधे का प्रमुख उपयोग रक्तस्राव रोकने में होता है। इसके ताजे पत्तों का रस निकालकर कटे या घायल स्थान पर लगाने से रक्त बहना बंद हो जाता है और संक्रमण का खतरा भी कम हो जाता है, क्योंकि इसमें प्राकृतिक एंटीसेप्टिक गुण होते हैं। अग्निघास की पत्तियों को पीसकर घाव पर लगाने से पुराने या संक्रमित घाव भी जल्दी भरते हैं। यह न केवल कोशिकाओं के पुनर्जनन में मदद करता है, बल्कि जलन और सूजन को भी कम करता है। त्वचा रोगों में भी अग्निघास अत्यंत लाभकारी माना जाता है। खाज, खुजली, फोड़े-फुंसी जैसी समस्याओं में इसके रस का प्रयोग किया जाता है, क्योंकि इसमें एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण पाए जाते हैं। इसके अलावा, परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों में अग्निघास का उपयोग मधुमेह यानी डायबिटीज को नियंत्रित करने के लिए भी किया जाता है। कुछ प्रारंभिक शोध बताते हैं कि यह पौधा ब्लड शुगर लेवल को घटाने में सहायक हो सकता है, हालांकि इसके लिए चिकित्सकीय सलाह आवश्यक है। अग्निघास में कफ और पित्त दोष को शांत करने की क्षमता होती है। यही कारण है कि इसका उपयोग बुखार, खांसी, सांस की समस्याएं और पाचन संबंधी विकारों के उपचार में किया जाता है। इसके अलावा यह पौधा बालों की समस्याओं में भी उपयोगी है। इसके रस को सिर की त्वचा में लगाने से बालों का झड़ना कम होता है और डैंड्रफ से राहत मिलती है। स्कैल्प को साफ और स्वस्थ रखने में यह सहायक होता है। इसका उपयोग मुख्य रूप से पत्तियों से रस निकालकर किया जाता है। यह रस सीधे त्वचा पर, घाव पर या बालों में लगाया जा सकता है। कुछ उपचारों में इसकी पत्तियों का काढ़ा बनाकर भी सेवन किया जाता है, विशेषकर मधुमेह या कफ विकारों के मामलों में। हालांकि, अग्निघास का आंतरिक सेवन करने से पहले किसी अनुभवी वैद्य या आयुर्वेदाचार्य से परामर्श लेना आवश्यक होता है, क्योंकि हर व्यक्ति की शारीरिक प्रकृति भिन्न होती है और दवाओं का असर उसी अनुसार पड़ता है। संक्षेप में कहा जाए तो अग्निघास एक सरल, सहज और सुलभ औषधीय पौधा है, जो अनेक रोगों में उपयोगी सिद्ध हो सकता है। प्राकृतिक उपचारों और आयुर्वेदिक चिकित्सा के बढ़ते महत्व के साथ, ऐसे पौधों की उपयोगिता और भी अधिक हो गई है।



*-डॉ. रंजना कपूर जोगिंद्रनगर, मंडी*

# तंबाकू खाने की आदत बन सकती मुंह के कैंसर का कारण

**दुनिया** के मुकाबले भारत में माउथ कैंसर के ज्यादा मामले देखने को मिलते हैं, क्योंकि यहां लोग तंबाकू का बहुत ज्यादा सेवन करते हैं। हर साल यहां लाखों लोगों की मौत माउथ कैंसर की वजह से हो जाती है, लेकिन तंबाकू ही एकमात्र वजह नहीं। कैंसर के होने की कुछ अन्य कारणों से भी इस कैंसर के होने की संभावना बढ़ जाती है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि किसी भी तरह का तंबाकू सेवन सेहत के लिए हानिकारक होता है। तंबाकू से होने वाली बीमारियों को हेल्दी डाइट और सही देखभाल से इस खतरे को रोका जा सकता है।



*-डॉ एनके गुप्ता हेल्थ एक्सपर्ट*

### हेल्दी डाइट और सही देखभाल से रोक सकते हैं कैंसर का खतरा

**प्रस्तुतिः मोहन चौहान सोलन।**





### माउथ कैंसर के कारण लक्षण और बचाव

**दुनियाभर** में कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ओरल या माउथ कैंसर लंग, प्रोस्टेट, लिवर कैंसर जैसा ही जानलेवा है। साल 2002 में मुंह के कैंसर के कारण 57 मौतें हुईं। हालांकि, 2021 तक, यह संख्या दोगुनी होकर 103 हो गई। विश्व स्तर पर हर साल मुंह के कैंसर के लगभग 377,000 मामले सामने आते हैं। ये मामले सालाना 177,000 से ज्यादा मौतों का कारण बनते हैं, जो सभी कैंसर से संबंधित मौतों का लगभग 2 फीसदी है। डॉ. गुनीता सिंह, डेंटल सर्जन से जानते हैं मुंह के कैंसर की वजहों के साथ ही इससे बचने के उपाय भी।

### मुंह के कैंसर के कारण

मुंह का कैंसर, जिसे ओरल कैंसर भी कहा जाता है, मुंह के अलग-अलग हिस्सों में विकसित हो सकता है, जिसमें होंठ, मसूड़े, जीभ, गाल, तालू और मुंह का निचला हिस्सा शामिल हैं। भारत में मुंह के कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक तंबाकू का सेवन है। इसमें गुटखा, जर्दा, खैनी, सिगरेट, बीड़ी और हुक्का जैसे विभिन्न रूप शामिल हैं। युवा और वयस्क दोनों ही आबादी में लगातार कैंसर के सेवन के कारण मुंह के ट्यूमर विकसित होने का जोखिम होता है। इसके अलावा अत्यधिक शराब के सेवन से मुंह के कैंसर की संभावना बढ़ जाती है।

### मुंह के कैंसर को कैसे रोकें

दिन में दो बार अपने दांतों को ब्रश करें। माउथवॉश का इस्तेमाल करें। अपने मसूड़ों की मालिश करें और दांतों के साथ जीभ को भी नियमित रूप से साफ करें। डेंटिस्ट से नियमित चेकअप कराते रहें। अपने मुंह में किसी भी समस्या को जल्दी पकड़ने के लिए दंत जांच करवाते रहें। इन यात्राओं को टालें नहीं, क्योंकि जल्दी पता लगने से बेहतर परिणाम मिलते हैं। कीवी, ब्लूबेरी और ग्रीन टी जैसे एंटीऑक्सीडेंट युक्त खाद्य पदार्थों के साथ हेल्दी डाइट कई प्रकार के कैंसर को रोकने में मदद कर सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### गढ़ जमूला स्कूल में बताए तंबाकू के दुष्प्रभाव

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** गढ़ जमूला स्कूल में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर भाषण, चित्रकला और नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं, बाजार में रैली निकालकर एनएसएस स्वयंसेवकों ने लोगों को तंबाकू के बुरे प्रभावों के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्या मीनू सूद ने तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों जैसे कैंसर और हृदय रोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को बताया कि कैसे तंबाकू न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह समाज और पर्यावरण पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। छात्रों ने कहा कि आज के कार्यक्रम से हमें तंबाकू के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला। इस दौरान सहायक पुलिस उपनिरीक्षक ने विद्यार्थियों को ड्रग्स के दुष्परिणामों, सड़क सुरक्षा नियमों और साइबर अपराध की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर यह प्रण लेना चाहिए कि हम कभी तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे व सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करेंगे।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**अनंत ज्ञान, डरोह।** बागड़ू महादेव मंदिर से लेकर केदारा मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई, जिसके साथ ही 1 से लेकर 7 जून तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन पूर्व विद्यार्थी संघ एवं बागड़ू क्लब की ओर से किया जा रहा है। कथावाचक आचार्य कुलवंत शर्मा शास्त्री जी अपने मधुर स्वरों से श्रीमद्भागवत कथा की अमृत वर्षा करेंगे। कथा श्रवण करने का समय प्रतिदिन दोपहर 03:00 से लेकर सायं 6:00 बजे तक है। सात जून को हवन-यज्ञ सुबह 9:00 बजे शुरू होगा। इस दिन कथा की शुरुआत सुबह 10:00 बजे होगी। दोपहर 1:00 बजे से भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### संत निरंकारी सत्संग भवन मारंडा में समागम



**अनंत ज्ञान, डरोह।** संत निरंकारी सत्संग भवन मारंडा में रविवार को आलमपुर से आई प्रचारक बहन चंपा जी की उपस्थिति में ब्रांच स्तर पर विशाल महिला समागम का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि गुरसिख ब्रह्म ज्ञान प्राप्त करने के बाद उसे अपने व्यवहारिक जीवन का आधार बनाता है। सतगुरु की वाणी और उपदेश भक्त के जीवन की प्राथमिकता होती है और इसे अपनाकर ही वह अपने जीवन को धन्य बनाता है। प्रभु परमात्मा शाश्वत सत्य को जानकर जहां भ्रमों का अंधकार छंट जाता है। वहीं, भक्ति के मार्ग में दृढ़ विश्वास बनता चला जाता है। सेवा सुमिरन सत्संग के द्वारा मन की अवस्था पाक पवित्र और निर्मल होती है और माया का लेप नहीं चढ़ता है। गुरसिख भक्ति के मार्ग पर चलते हुए, जहां अपार खुशियां प्राप्त करता है, वही दूसरों के भले की भी कामना करता है।

### क्यालू जी महाराज मंदिर में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के तहत घगवां गांव में क्यालू जी महाराज मंदिर में वार्षिक मेले व भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक इंदौरा मलेंदर राजन मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने अपनी ऐच्छिक निधि से 31 हजार देने की घोषणा की। उन्होंने आयोजन समिति को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं, करण सिंह पठानिया (मालटू) निदेशक केसीसी बैंक व ठाकुर जर्म सिंह पूर्व प्रधान मंदोली मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मंदिर कमेटी प्रधान जगन कुमार ने बताया कि क्यालू जी महाराज का यह भंडारा 24 साल से इसी तरह से चल रहा है। यहां आने वाले भक्त जो सच्चे मन से मनोकामना करते है वह पूर्ण होती है।

### परौर स्कूल में टीचर्स ट्रेनिंग कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परौर में 30 और 31 मई को टीचर्स ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इसमें 28 अध्यापकों ने इस ट्रेनिंग में भाग लिया। इस कार्यक्रम में वीआर व अस्ट्रोनॉमी लैब के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में कांगड़ा के 7 स्कूलों के अध्यापकों ने हिस्सा लिया। यह जानकारी परौर स्कूल के प्रधानाचार्या संगीता ने दी।

### अर्थशास्त्र के प्रवक्ता मनोज हुए सेवानिवृत्ति

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुरल के अर्थशास्त्र के प्रवक्ता मनोज कुमार मेहरा की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या अनुपम बाला ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर मनोज कुमार ने बच्चों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं व कड़ी मेहनत कर कामयाब इंसान बनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी अनुराधा मेहरा, बेटे अंशुल मेहरा व वसुल मेहरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन का किया गठन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कृष्णा नगर में पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य नीलम राणा व स्कूल स्टाफ ने मेहमानों का स्वागत किया। समारोह में प्रदेश व केंद्र में उच्च पदों पर आसीन विद्यालय के पूर्व छात्र भी उपस्थित हुए। इस दौरान समारोह में आए पूर्व छात्रों ने ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन का गठन किया, जिसमें ओमकार को अध्यक्ष, राजेश राणा उपाध्यक्ष, राकेश राणा को सचि, रामिक राणा को सह सचिव, जगदीश राणा कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं, पंजाब सिंह राणा व मिलाप चंद राणा मुख्य सलाहकार बनाए गए। इस संगठन ने भविष्य में विद्यालय के उत्थान के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा विद्यालय की ओर से दिए गए निमंत्रण एवं विद्यालय में हो रहे कार्यों की सराहना की।

### धानग में 40 रोगियों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारद्वाज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल पालमपुर अरला की ओर से धानग पंचायत में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें निःशुल्क मधुमेह परीक्षण और निःशुल्क दवाएं वितरित की। पंचायत प्रधान रोहित कपूर, डॉ. अक्षय चौहान, पीआरओ संजीव आचार्य, फार्मासिस्ट चंदन कश्यप और लैब तकनीशियन राहुल वालिया ने भाग लिया। शिविर में 40 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

# रक्कड़ तहसील में नायब तहसीलदार का पद खाली, लोग चक्कर काटने को मजबूर

## लोग बोले- जल्द स्थायी नियुक्ति नहीं हुई तो सड़कों पर उतरकर करेंगे आंदोलन

**शालनी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**रक्कड़।** अफसरों की अनुपस्थिति जनता के लिए मुसीबत बन गई है। तहसील रक्कड़ इन दिनों प्रशासनिक शून्यता की गंभीर मार झेल रही है। तहसीलदार और नायब तहसीलदार दोनों पदों के खाली होने के चलते पूरा राजस्व तंत्र अस्त-व्यस्त हो चुका है।

पांच महीनों से अफसरों के कक्ष वीरान पड़े हैं, फाइलें धूल खा रही हैं। सैकड़ों लोग रोजाना न्याय और सेवा की आस में लौटाए जा रहे हैं। सरकारी कागजों में भले ही व्यवस्था कायम हो, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि रक्कड़ तहसील में प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं बची है। नायब तहसीलदार का पद पांच माह से रिक्त पड़ा है, जबकि वर्तमान तहसीलदार अनुजा शर्मा अवकाश पर हैं। हरिपुर के नायब तहसीलदार को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है, लेकिन वह स्वयं अपने क्षेत्र के कार्यों में इतने व्यस्त हैं कि रक्कड़ में उनकी उपस्थिति नाममात्र की ही रह गई है।

> **रिक्त** पदों की सूचना उच्चाधिकारियों को भेजी जा चुकी है और हरिपुर के अधिकारी को फिलहाल अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह व्यवस्था अब केवल 'कागजी राहत' बनकर रह गई है।
>
> **-कुलवंत सिंह, एसडीएम, देहरा।**

इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है, जो दूरदराज से आज रहे हैं। सरड-डोगरी, पीरसलूही, शांतला, सलेटी और पूनणी से रोजाना 15-20 किलोमीटर की दूरी तय कर तहसील कार्यालय पहुंचते हैं। आय प्रमाण पत्र, हिमाचली बोनाफाइड, रजिस्ट्री, इंतकाल जैसे आवश्यक दस्तावेजों के लिए लोग महीनों से चक्कर काट रहे हैं। अब ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र स्थायी नायब तहसीलदार की नियुक्ति नहीं की गई, तो वे सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेंगे।

## परागपुर तहसील में रीडर, सीनियर और जूनियर असिस्टेंट का पद पड़ा खाली

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**परागपुर।** परागुपर तहसील में न रीडर, न सीनियर असिस्टेंट और न ही जूनियर असिस्टेंट है। तहसील में एक भी क्लर्क के न होने से तमाम कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं।

जनता को रोजमर्रा के कामों के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब क्लेरिकल कार्य चपरासी व सहायक स्टाफ के भरोसे चल रहा है। तहसील कार्यालय में दाखिल खारिज, गवाही, निशानदेही, भूमि विवाद निपटारा और दस्तावेज सत्यापन जैसे अहम कार्य लंबे समय से रुके हुए हैं। दूरदराज गांवों नलसुहा, गरली, बणी, चंबा और कालेश्वर से आने वाले ग्रामीणों को निराश होकर वापस लौटना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार इस समस्या को अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में लाया है, लेकिन अब तक न कोई नियुक्ति हुई और न ही कोई वैकल्पिक समाधान। पंचायत प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द खाली पद नहीं भरे गए तो सामूहिक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## साइकिल रैली से दिया फिटनेस का संदेश




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एमवाई भारत कांगड़ा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत ने संयुक्त रूप से कांगड़ा के सभी आयु वर्ग के युवाओं के लिए खेल स्टेडियम धर्मशाला से शहीद स्मारक तक साइकिल रैली का आयोजन किया। यह कार्यक्रम फिट इंडिया मूवमेंट के तहत संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण के तहत 'फिटनेस के डोज आधा घंटा रोज' के आह्वान पर आयोजित किया गया। 30 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और दैनिक जीवन में विशेष रूप से पहाड़ी राज्य हिमाचल में फिटनेस के महत्व का संदेश दिया। साइकिल रैली को अंतरराष्ट्रीय युवा आइकन ज्योति ठाकुर भारतीय राष्ट्रीय एथलीट ने हरी झंडी दिखाई। साइकिल रैली का समापन शहीद स्मारक धर्मशाला में किया गया। इस अवसर पर ध्रुव डोगरा उपनिदेशक, एमवाई भारत कांगड़ा, युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार और राकेश जस्सल मुख्य कोच (टेबल टेनिस), साई धर्मशाला, नीलम चौधरी आदि ने प्रतिभागियों को बधाई दी।

## डीएवी स्कूल तियारा ने जीता खिताब

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** इंटरनेशनल ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से कांगड़ा में आयोजित थर्ड इंटर स्कूल टूर्नामेंट का खिताब डीएवी स्कूल तियारा के नाम रहा। समापन समारोह की अध्यक्षता विधायक पवन काजल ने की। उन्होंने कहा कि कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जहां भी पंचायत जगह उपलब्ध कराएगी, खेल मैदान के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए तक की राशि स्वीकृत करवाकर खेल मैदान बनाएंगे। फेडरेशन के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 250 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का खिताब डीएवी स्कूल तियारा ने जीता, जबकि दूसरे नंबर पर स्प्रिंगल स्कूल जसूर और डीवाई पाटिल कांगड़ा की टीम रही। फर्स्ट रनर अप की ट्रॉफी दिल्ली पब्लिक स्कूल के नाम रही।

## पांच दिन बाद जंगल में घायल अवस्था में मिला लापता लड़का

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** धर्मशाला-मैक्लाडगंज के बीच बसे चांदमारी गांव में पिछले पांच दिन से लापता शिवांश को शनिवार देर शाम टीहरा लाइन के समीपवर्ती पुराने सेंटर स्कूल के साथ लगते जंगल से रेस्क्यू किया गया है।

शिवांश 27 मई की शाम से लापता था। शनिवार की सुबह ही उसके परिजन कांगड़ा के एएसपी डीसी से मिले थे तथा उन्होंने लड़के के लापता होने की सूचना दी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए देर शाम शिवांश को रेस्क्यू कर लिया। शिवांश को जंगल में कराहते हुए क्षेत्र के कुछ स्थानीय युवकों ने सुना था, जिसके बाद उसे धर्मशाला अस्पताल लाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा हे। बताया जा रहा है कि लड़के की बाजू और टांग में चोटें आई हैं। बता दें कि स्कूटी-ऑटो से छेड़छाड़ और पेट्रोल चोरी के आरोप में स्थानीय लोगों की ओर से की गई मारपीट के बाद यह लड़का पिछले पांच दिन से लापता था। सुधेड़ पंचायत के पूर्व प्रधान अजीत ने बताया था कि चांदमारी में युवकों से स्थानीय लोगों ने स्कूटी से छेड़छाड़ करने और उनसे तेल निकालने के आरोप में मारपीट की थी। इसके बाद से शिवांश लापता हुआ था। स्थानीय लोगों ने लड़कों से मारपीट की थी।

लड़के के मिल जाने पर पुलिस ने आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस लड़के के बयानों के आधार पर कार्रवाई करेगी। एएसपी जिला कांगड़ा हितेष लखनपाल ने बताया कि लापता शिवांश को रेस्क्यू कर लिया गया है। बाजू और टांग में चोटें आई हैं, जिसका इलाज धर्मशाला अस्पताल में चल रहा है। शिवांश के बयानों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## कृषि विश्वविद्यालय की भूमि का हस्तांतरण दुर्भाग्यपूर्ण : प्रवीण

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने कहा कि टूरिज्म विलेज को लेकर सरकार ने तानाशाही रुख अपनाकर विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैर शिक्षक व प्रबंधन बोर्ड को विश्वास में लिए बिना चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की 280 एकड़ जमीन का हस्तांतरण टूरिज्म विलेज के नाम कर दिया।

प्रदेश सरकार के इस फैसले का सामाजिक संस्थाओं, विश्वविद्यालय के विभिन्न संगठनों ने सड़कों पर उतरकर कड़ा विरोध जताया है। जब सरकार के पास पालमपुर में 3300 कनाल भूमि (एक समाजसेवी महिला की ओर से दान की गई) का विकल्प उपलब्ध है, तो फिर 45 साल से स्थापित कृषि विश्वविद्यालय की भूमि को क्यों प्रभावित किया जा रहा है। भविष्य में कृषि इंजीनियरिंग, मत्स्य पालन और बिजनेस मैनेजमेंट जैसे महत्वपूर्ण महाविद्यालयों की स्थापना पर संकट खड़ा हो गया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बहु संकाय विश्वविद्यालय के विस्तारीकरण पर भी प्रश्नचिन्ह लग गया है। विश्वविद्यालय के शिक्षक संघ को सरकार के इस फैसले से खफा होकर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

## 500 ई-टैक्सियां होंगी विभिन्न विभागों में तैनात: पठानिया

### टांडा के लिए निजी बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते केवल पठानिया।

**उपमुख्य** सचेतक केवल सिंह पठानिया के प्रयासों से शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों की लंबे समय से लंबित मांग पूरी हो गई। पठानिया ने रविवार को प्रेई, चूड़था, चंबी, मकरोटी, भाटी, मेहरना और जमानाबाद गांवों से टांडा के लिए निजी बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह बस प्रतिदिन सुबह 8 बजे शाहपुर से टांडा के लिए चलेगी और 10:10 बजे टांडा से पुनः शाहपुर के लिए रवाना होगी। यह सेवा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ की गई है और भविष्य में अन्य छूटे हुए गांवों को भी इस सेवा से जोड़ने की योजना है। पठानिया ने कहा कि राजीव गांधी स्टार्टअप योजना के अंतर्गत ई-टैक्सी योजना शुरू की गई है। इस योजना के पहले चरण में 500 ई-टैक्सियां विभिन्न सरकारी विभागों में तैनात की जाएंगी, जिससे प्रदेश को हरित एवं प्रदूषण मुक्त बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि शाहपुर के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी मिनी निजी बसें चलाने की योजना है, जिससे न केवल यातायात सुविधा में सुधार होगा, बल्कि स्थानीय बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने घोषणा की है कि चैरी और भनाला गांवों के लिए बस सेवा आरंभ करने के लिए आवश्यक सरकारी स्वीकृति शीघ्र प्राप्त की जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता नवनीत शर्मा, नशा निवारण बोर्ड के निदेशक सुशील शर्मा, सिंहवा के प्रधान अजय बबली आदि उपस्थित रहे।

## सिटी टॉपर्स अवॉर्ड में स्प्रिंग डेल के 17 बच्चे नवाजे

**अनंत ज्ञान, जवाली।** स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में अमृतसर ग्रुप ऑफ कॉलेजेस संस्था की ओर से अमृतसर ग्रुप ऑफ कॉलेजेस इन कोलेबोरेशन विद फेलिसिटेशन सेरेमनी फॉर द मेरिटोरियस स्टूडेंट्स प्रोग्राम का आयोजन किया गया। स्प्रिंग डेल के 17 बच्चे सिटी टॉपर्स अवॉर्ड में सम्मानित किए गए। इसमें 12वीं कक्षा के टॉपर्स छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 70 फीसदी से ऊपर अंक प्राप्त किए हैं। कांगड़ा जिले के कई सरकारी तथा गैर सरकारी स्कूलों के 12वीं टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्कूल के कमिटी सदस्य डॉक्टर राजेंद्र, चंद्रशेखर को चीफ गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया। स्प्रिंग डेल की छात्रा आरशी, जिसने 97 फीसदी अंक हासिल किए थे। सभी बच्चों को मेडल तथा प्रशंसनिक पत्र से सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल ने वेलकम स्पीच दी गई। 90 फीसदी से अधिक अंक लेने वाले छात्र-छात्राओं को 'स्वर्ण पदक' 80 फीसदी से अधिक अंक लेने वाले छात्र-छात्राओं को रजत, तथा 70 फीसदी से अधिक अंक लेने वाले छात्र-छात्राओं को कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल, अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र, एमडी पवन चौधरी तथा अन्य कमिटी सदस्य ने सभी बच्चों को बधाई दी।

## तृप्ता स्कूल चलवाड़ा के 12वीं कक्षा के होनहार सम्मानित



तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के 12वीं कक्षा के टॉपर्स को सम्मानित किया गया।

**अनंत ज्ञान, जवाली**

**तृप्ता** पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के कक्षा 12वीं के टॉपर्स को अमृतसर ग्रुप ऑफ कॉलेजेस इन कोलेबोरेशन विद फेलिसिटेशन सेरेमनी फॉर द मेरिटोरियस स्टूडेंट्स प्रोग्राम में बारहवीं कक्षा में टॉपर्स, जिनके 75 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें सम्मानित किया गया। सेरेमनी का आयोजन स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल पालौहरा में किया गया, जिसमें 160 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अमृतसर ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के डीन ने शिरकत की। अमृतसर ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की उपलब्धियों के बारे में बताया और सिटी टॉपर्स को सम्मानित किया गया। आकृत धीमान को मैनेजमेंट कमेटी और अमृतसर ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की ओर से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आकृत ने 94% और प्रतिभा के 92.2 %लेकर सिटी टॉपर्स रहे।

80% से 90% के बीच में संचिता, सांची, विकास और वंश गुलेरिया उसके बाद 70% से 80% के बीच में शगुन, विनायक, वंश ठाकुर, समर्थ सिंह मनकोटिया, तानिया और पूर्वा को सम्मानित किया गया। अंत में अमृतसर ग्रुप ऑफ कॉलेजेस का विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने धन्यवाद किया और सभी बच्चों को उज्वल भविष्य की बधाई दी।

## पैरामिलिट्री के सेवानिवृत्त जवानों को न किया जाए नजरंदाज : एमएल ठाकुर

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पैरामिलिट्री कल्याण संगठन हिमाचल व संगठन के राज्य एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता मनवीर चंद कटोच ने कहा कि हाल ही में कांग्रेस पार्टी की ओर से होटल पीटरहॉफ (शिमला) में आयोजित जय हिंद सभा समारोह में सैनिकों और शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया गया, जो सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि समारोह में पैरामिलिट्री फोर्स के पूर्व सैनिकों को आमंत्रित नहीं किया गया, जो एक दुर्भाग्यपूर्ण है। आजादी के बाद जितने भी युद्ध हुए हैं या देश की आंतरिक सुरक्षा में पैरामिलिट्री बल शौर्य, वीरता की अहम भूमिका निभाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपनी जान की परवाह न करते हुए सरहद में दुश्मन का बहादुरी के साथ सामना किया है। दुश्मन की गोलियां का जवाब में गोले दागकर दुश्मन सेना की चौकियों को बर्बाद करने मे सफल रहे हैं। सैनिक चाहे सेना का हो या पैरामिलिट्री जो किसी भी सम्मान की कोई आकांशा नहीं रखते, उनका मनोबल, आत्मविश्वास हमेशा उच्च कोटि का रहता है। प्रदेश सरकार से आग्रह है कि भविष्य में पैरामिलिट्री के देश के अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले बलिदानियों के परिजनों एवं सेवानिवृत्त सैनिकों को नजरंदाज न किया जाए।

## कराटे चैंपियनशिप में शिवांश ने जीता गोल्ड

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रदेश कराटे संघ की ओर से महाराजा पैलेस बैजनाथ में सब जूनियर, कैडेट एवं जूनियर राज्य कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कांगड़ा, शिमला, हमीरपुर, कुल्लू, चंबा, सिरमौर, बिलासपुर और मंडी से कुल 325 खिलाड़ियों ने भाग लिया। चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो 11 से 15 जून तक देहरादून में आयोजित की जाएगी। वहीं, सब जूनियर 7 वर्ष में शिवांश कांगड़ा ने गोल्ड जीता। इसके अलावा 9 वर्ष बालिका काता में कुल्लू के अन्वेशा, एलियस टोपन 13 वर्ष बालक काता, 6 वर्ष बालक काता में शिवम कुमार राम कांगड़ा, 8 वर्ष बालक काता में मंडी शुभांन ठाकुर, 8 वर्ष बालक काता में चंबा के वेदांश पर्नहुलिया कुमार रजत पदक हासिल किया। हानविका (जिला कांगड़ा) ने 7 वर्ष बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक, मंडी की वान्या ठाकुर ने स्वर्ण पदक जीता। वेदिका उज्ज्वल, तेनजिन यूट्सो, त्रिशा ठाकुर कुल्लू, प्रज्ञा बिलासपुर, आराही शर्मा कांगड़ा, आर्या श्री बिलासपुर ने स्वर्ण पदक जीते हैं।

**शिविर** बौहण भाटी में अल्पसंख्यक समुदायों के लिए चलाई योजनाओं की दी जानकारी

# शिक्षा ऋण योजना से युवाओं के सपने साकार

**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान**




बौहण भाटी पंचायत में लगाए जागरूकता शिविर में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते विधायक संजय रत्न।

**ज्वालामुखी।** पंचायत बौहण भाटी में रविवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ज्वालामुखी के विधायक संजय रत्न ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार और प्रबंधक सीएल शर्मा ने अल्पसंख्यक समुदायों के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि टर्म लोन योजना के तहत 30 लाख रुपए तक की लागत वाली परियोजनाओं के लिए ऋण प्रदान किया जाता है। इस योजना में खेती एवं उससे जुड़े कार्य, तकनीकी व्यापार, छोटे व्यवसाय, कारीगर एवं परंपरागत व्यवसाय और परिवहन क्षेत्र के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में ऋण 6 प्रतिशत ब्याज दर पर दिए जाते हैं। शिक्षा ऋण योजना के तहत अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों को व्यावसायिक व तकनीकी कोर्सों के लिए 20 लाख रुपए तक का ऋण 3 प्रतिशत के ब्याज दर पर दिए जाते हैं। कोर्स पूरा होने के बाद ऋण को अधिकतम पांच वर्षों तक वापस करना होता है। विरासत योजना के अंतर्गत कार्यशील पूंजी और उपकरण, औजार, मशीनरी की खरीद के किए कारीगरों को 10 लाख रुपए तक का ऋण दिया जाता है। विधायक ने कहा कि इस तरह के शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना है ताकि लोग इसका फायदा उठा सकें।

उपमंडल अधिकारी ज्वालामुखी डॉ. संजीव शर्मा ने जागरूकता शिविर में राजस्व विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## परमात्मा से आत्मा के जुड़ने तक जीवन अधूरा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में दिव्य साप्ताहिक सत्संग सभा का आयोजन रविवार को बीपी शर्मा जी के निवास स्थान मटौर में किया गया। दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी मनप्रीत जी ने सुसंगठित रूप से उपस्थित श्रद्धालुजनों को ब्रह्मज्ञान एवं भक्ति पथ पर दृढ़ता विषय पर ओजस्वी सत्संग प्रवचन के माध्यम से संबोधित किया। स्वामी मनप्रीत जी ने अपने प्रवचनों में आत्मज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मा के परमात्मा से मिलन के लिए प्रयास करना है, न कि केवल भौतिक उपलब्धियों की ओर भागते जाना। उन्होंने कहा कि जब तक आत्मा परमात्मा से नहीं जुड़ती, तब तक जीवन अधूरा रहता है। यह मिलन केवल ब्रह्मज्ञान के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने ब्रह्मज्ञान की व्याख्या करते हुए कहा कि यह कोई पुस्तकगत ज्ञान या सिद्धांत नहीं, अपितु एक जीवंत अनुभव है।

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रताप वर्ल्ड स्कूल को किया सम्मानित

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



प्रताप वर्ल्ड स्कूल को सम्मानित करते पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस।

**प्रताप** वर्ल्ड स्कूल पठानकोट को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जी एजुकेशन एक्सीलेंस कॉन्क्लेव 2025 में सम्मानित किया गया। यह सम्मान पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस की ओर से प्रदान किया गया। स्कूल को शैक्षणिक, खेल, सह पाठ्यक्रमीय और अतिरिक्त पाठ्यक्रमीय क्षेत्रों में इसके प्रगतिशील कार्य और छात्रों के समग्र विकास के प्रति इसकी प्रतिबद्धता के लिए सराहा गया। यह सम्मान निदेशक सनी महाजन और प्रधानाचार्या शुभ्रा रानी ने चंडीगढ़ में आयोजित एक भव्य समारोह में प्राप्त किया।

महाजन ने कहा कि स्कूल का उद्देश्य नवाचार आधारित और मूल्य आधारित शिक्षा के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार नागरिकों का निर्माण करना है। एक प्रतिष्ठित शैक्षिक नेतृत्वकर्ता के रूप में, निदेशक सनी महाजन को एक उच्चस्तरीय पैनल चर्चा में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया, जिसमें शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया, जैसे कि बोर्डिंग स्कूल की विशेषताएं, परीक्षा तनाव प्रबंधन, प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी, और छात्रों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करना। निदेशक सनी महाजन ने कहा कि यह पुरस्कार हमारी टीम की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। प्रधानाचार्या शुभ्रा रानी ने कहा कि यह सम्मान हमें समग्र शिक्षा प्रदान करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित करता है। हमारा ध्यान हमेशा हर बच्चे के सम्पूर्ण विकास, शैक्षणिक, रचनात्मक और नैतिक पर रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### चौपाल में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, चौपाल/ नेरवा।** उपमंडल चौपाल के अंतर्गत आने वालें क्षेत्र चौपाल, देवत, शंठा, मझोटली, थाना, बोधना, सरांह, धबास, खादर, लिंग्जार, खगना में मंगलवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उप मंडल चौपाल हिमांशु नैनवाल ने बताया कि लास्टा धार 22 केवी एचटी लाइन में आवश्यक मरम्मत के चलते उपरोक्त दिन और समय पर बिजली बंद रहेगी और मौसम के अनुकूलता शट डाउन किया जाएगा। उन्होंने समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### विनोद बने सीएंडवी अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष



**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** प्रदेश राजकीय सीएंडवी अध्यापक संघ जिला शिमला की त्रिवार्षिक चुनाव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टूटी कंडी शिमला के सभागार रविवार को संपन्न हुए। इस चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण करवाने के लिए राज्य की ओर से आए चुनाव पर्यवेक्षक जिला सिरमौर वीर सिंह और जिला सोलन से वर्तमान जिला अध्यक्ष जीतराम रघुवंशी व सह पर्यवेक्षक मनोज कुमार मौजूद रहे । इस चुनाव में जिला शिमला के 21 खंडों से आए 75 सदस्य व खंड प्रतिनिधियों ने भाग लिया। चुनाव प्रक्रिया के जिला शिमला के सभी खंडों के प्रतिनिधियों ने आम सहमति से जिला के महत्वपूर्ण चार पदों का चुनाव संपन्न हुआ है। इसमें अध्यक्ष पद पर विनोद चौहान, महासचिव महासचिव अचला शर्मा और कोषाध्यक्ष शेर सिंह व जिला शिमला महिला मोर्चा की अध्यक्ष रजनी ठाकुर को चुना गया। इस अवसर पर ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ टीचर आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय मुख्य प्रेस सचिव प्रेम शर्मा और अमित ठाकुर भी मौजूद रहे। सीएंडवी अध्यापक संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप कांत शर्मा व सचिव बॉबी गेढटा ने 21 खंडों के सभी शिक्षकों का शांतिपूर्ण ढंग से इन चुनाव को संपन्न करवाने के लिए आभार व्यक्त करते हुए और खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि 21 खंडों के 1031 सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की है अगर ऐसा ही सहयोग रहा तो जिला शिमला राज्य के चुनाव में भी अपनी दावेदारी पेश करेगा।

### शिमला में पर्यटकों की भीड़, होटल बुक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में इस वीकेंड पर पर्यटकों की भारी आमद देखने को मिली, जिससे शहर के पर्यटन क्षेत्र में रौनक लौट आई है। शिमला के मुख्य पर्यटन स्थलों जैसे मॉल रोड, रिज और जाखू मंदिर में पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। अधिकांश होटल और गेस्ट हाउस पूरी तरह से बुक थे, और स्थानीय व्यवसायियों ने बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह उछाल गर्मियों की छुट्टियों के शुरू होने और मौसम सुहावना होने के कारण हुआ है। इससे पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों में खुशी का माहौल है।

### एमसी ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला नगर निगम ने शहर के विभिन्न हिस्सों में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रखा। इस दौरान, अनाधिकृत रूप से किए गए निर्माणों और दुकानों के बाहर रखे गए सामान को हटाया गया। विशेष रूप से लोअर बाजार और राम बाजार जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों को लक्षित किया गया। निगम अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान शहर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, ताकि पैदल चलने वालों और यातायात को सुगम बनाया जा सके। अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई है कि भविष्य में पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# डोमेश्वर देवता की मंदिर प्रतिष्ठा में उमड़ा जनसैलाब

## श्रद्धा, उल्लास और वैदिक विधि-विधान के साथ हुआ संपन्न, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** प्रदेश के ठियोग उपमंडल में स्थित क्लींड पंचायत के गुठान गांव में सदियों पुरानी आस्था और आधुनिक भव्यता का अनूठा संगम देखने को मिला, जब देवता डोमेश्वर महाराज के नवनिर्मित मंदिर की प्रतिष्ठा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में न केवल स्थानीय अपितु दूरदराज से आए हजारों श्रद्धालुओं, भक्तों और विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया, जिससे समूचा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

लगभग पांच वर्षों के अथक परिश्रम, जन सहयोग और समर्पित प्रयासों के पश्चात निर्मित हुए इस भव्य मंदिर के शिखर पूजन के साथ ही, देवता डोमेश्वर महाराज को पूर्ण विधि-विधान से उनके नव-निर्मित गर्भगृह में प्रतिष्ठित किया गया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज कई घंटों तक वातावरण में गूंजती रही, जिसने उपस्थित हर व्यक्ति को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। यह क्षण डोमेश्वर महाराज में अटूट आस्था रखने वाले भक्तों के लिए परम संतोष और गौरव का प्रतीक बन गया।

इस पावन और अद्वितीय अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से अनेक देव शक्तियों को सादर आमंत्रित किया गया था। इनमें प्रमुख रूप से देवता डोमेश्वर बमनोल (चौपाल), कुथिल (सिरमौर), मौठ (सिरमौर), कथोड़ी (चौपाल), कदोग (सुन्नी) और धनच (सिरमौर) के साथ-साथ देवी कोटेश्वरी माता खशधार भी शामिल थीं। शुक्रवार को गुठान में इन सभी देवी-देवताओं का भव्य और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया ।

तीन दिवसीय इस भव्य आयोजन का समापन रविवार को देवठियों से पधारे समस्त कारदारों की भावभीनी विदाई के साथ हुआ। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान, स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष यातायात प्रबंधन योजना लागू की गई, जिसने श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाया और महोत्सव के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### मंदिर परिसर में श्रद्धा का सैलाब व सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन

**मंदिर** परिसर में आस्था का ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि तिल रखने की भी जगह नहीं बची। देवताओं के साथ आए कलैणों (स्थानीय भक्त समूह) और अन्य श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर भावविभोर कर देने वाले देव नृत्य प्रस्तुत किए। यह दृश्य अत्यंत मनमोहक और आत्म-विभोर करने वाला था, जिसे देखकर हर कोई भावविभोर हो उठा। डोमेश्वर महाराज की यह प्रतिष्ठा न केवल धार्मिक आस्था का सुदृढ़ीकरण था, बल्कि इसने क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को भी एक नई ऊर्जा और पहचान प्रदान की।

### अपनत्व की मिसाल का अनूठा मेल

**इस** आध्यात्मिक पर्व पर श्रद्धालुओं का अपार सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान एक अत्यंत हृदयस्पर्शी और अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब दूरदराज के क्षेत्रों में विवाहित बेटियां विशेष रूप से अपने मायके, गुठान गांव, लौटीं। उनका उद्देश्य अपने इष्ट देवता डोमेश्वर महाराज के समक्ष शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त करना था।

### भाईचारे की एक जीवंत मिसाल

**मंदिर** समिति द्वारा आयोजन में आने वाले समस्त श्रद्धालुओं के लिए ठहरने और भोजन-प्रसाद की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई थी, परंतु इससे भी बढ़कर मानवता और अपनत्व का अप्रतिम उदाहरण तब देखने को मिला, जब स्थानीय निवासियों ने इन श्रद्धालुओं को अपने घरों में सादर आमंत्रित कर व्यक्तिगत रूप से उनका आदर-सत्कार किया। यह हृदयस्पर्शी नज़ारा हिमाचल की समृद्ध देव परंपरा, आपसी भाईचारे व निस्वार्थ सेवा की एक जीवंत मिसाल बना।

### शिक्षा उपनिदेशक ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के चौपाल दौरे के बाद चौपाल क्षेत्र के स्कूलों का शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। उपनिदेशक निशा बलूनी ने क्षेत्र के पाठशालाओं नेरुवा, केदी, चौपाल के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों से संवाद भी किया व स्कूल की गतिविधियों को निरीक्षण किया। मध्यान्ह भोजन, विद्यालय की सफाई व्यवस्था, कक्षा का पीने के पानी की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के आदेश भी दिए। उन्होंने चौपाल व नेरवा में बनी लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नेरवा, कुपवी, चौपाल व देहा खंड के केंद्रिय मुख्य शिक्षकों व बीईओ के साथ बैठक भी की व उन्हे सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को अच्छी तरह लागू करने के आदेश भी दिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरि शर्मा, दिनेश स्टेटा, एडीपीओ राजेश चौहान भी उपस्थित रहे। उपनिदेशक ने नेरवा के मैस किचन में गंदगी पर फटकार लगाई तो वहां तैनात कर्मियों ने 2 घंटे के भीतर किचन चकाचक किया।

# चौपाल के प्रताप ने 692 ब्लैक बेल्ट तैयार कर बनाया रिकॉर्ड

## राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर में अनेक उपलब्धियां हासिल कर कमा चुके हैं नाम

**सपना सूद, अनंत ज्ञान**

**चौपाल/नेरवा।** 1989 से ऑल इंडिया सीगोकन गोजूरियू कराटे एसोसिएशन के महासचिव पद पर तैनात चौपाल के प्रताप पंवार कई उपलब्धियां अर्जित कर देश और दुनिया में नाम कमा चुके हैं। यूं तो उनके नाम एक से बढ़ कर एक उपलब्धियां दर्ज है, परंतु 692 ब्लैक बेल्ट तैयार करना उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने 1989 में देहरादून में दून कराटे अकादमी की स्थापना की थी। इसके बाद उन्होंने अपने गृह क्षेत्र के तहत नेरवा में पंवार कराटे अकादमी स्थापित की। आज जिला शिमला ही नहीं प्रदेश भर के हजारों युवक और युवतियां उनकी रहनुमाई में आत्मरक्षा में महारत हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उनके द्वारा प्रशिक्षित कराटे खिलाड़ी जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से नाम कमा चुके हैं। उनके एक शिष्य अंकुश रावत ने मात्र साढ़े छह वर्ष की आयु में ब्लैक बेल्ट प्राप्त कर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया था, जिसे 1995 में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए नामित किया गया था। प्रताप पंवार वर्ष 2015 और 2018 में भारतीय कराटे दल का नेतृत्व किया, जिसमे उनके शिष्य ने रजत पदक हासिल किया एवं सर्वश्रेष्ठ फाइटर का खिताब हासिल किया।

पंवार की उपलब्धियों की फेहरिस्त यहीं खत्म नहीं होती, उन्हों ने वर्ष 2013 में जिला शिमला के कोटखाई स्थित रूट्स कंट्री स्कूल बाघी में 135 कराटे ब्लैक बेल्ट तैयार कर एक रिकॉर्ड कायम किया, जिसे लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शिमला किया गया। उनके निर्देशन में सेंसई अनिल जिस्टा रूट्स कंट्री स्कूल में छात्रों को कराटे की शिक्षा दे रहे है । इसके आलावा उनके एक शिष्य अरुण ध्यानी को वर्ष 2015 में राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। उनके द्वारा वर्ष 2018 प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में 1300 छात्राओं को आत्मरक्षा तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। इसके आलावा वह 2020 में मिशन शक्ति सेना भारत-महिला आत्मरक्षा और सशक्तिकरण कार्यक्रम में तकनीकी सदस्य नियुक्त किये गए थे। 1998 से 2002 तक एक वकील के रूप में दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के सदस्य रहे व 2001 से प्रदेश हाईकोट बार एसोसिएशन के सदस्य हैं।



### उपलब्धियों के लिए मिल चुका है सम्मान

**प्रताप** पंवार को उनकी उपलब्धियों के लिए 2016 में एसडीएम चौपाल द्वारा वरिष्ठ एंड उत्कृष्ट सिटीजन ऑफ चौपाल तथा 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सुनील उपाध्याय ट्रस्ट प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया जा चुका है ।

# शिमला ग्रीष्म उत्सव का आगाज, महानाटी से दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश



शिमला ग्रीष्म उत्सव में पुलिस अपने बैंड की धुनों से लोगों का मनोरंजन करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** की राजधानी शिमला में रविवार, एक जून को शिमला ग्रीष्मोत्सव का रंगारंग आगाज हो गया। उत्सव के पहले दिन 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की थीम पर एक भव्य महानाटी का आयोजन किया गया, जिसमें शिमला शहरी और मशोबरा प्रोजेक्ट की लगभग 150 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महानाटी के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा और अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा भी उपस्थित रहे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, ममता पॉल ने जानकारी दी कि शिमला ग्रीष्मोत्सव के दौरान अगले पांच दिनों तक महिलाएं इस महानाटी में हिस्सा लेती रहेंगी। इस सांस्कृतिक प्रस्तुति के अलावा, हिमाचल प्रदेश पुलिस ब्रास बैंड के जवानों ने भी अपनी मधुर धुनों से उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया, जिससे उत्सव का माहौल और भी खुशनुमा हो गया।

### पांच दिनों तक चलेगा महानाटी का सिलसिला

# शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, सुबह चार बजे खोल दिए थे मंदिर के कपाट, सुरक्षा के कड़े इंतजाम



श्री नयना देवी मंदिर के बाहर मां के दर्शनों के लिए लाइनों में लगे भक्त।

**मुकेश गौतम, अनंत ज्ञान**

**नयना देवी।** शक्तिपीठ माता श्री नयना देवी के दरबार में रविवार को श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल और अन्य राज्यों से आए 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

मंदिर अधिकारी संजीव के दिशा-निर्देशानुसार मंदिर के कपाट सुबह 4:00 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस दौरान श्रद्धालुओं को व्यवस्थित ढंग से लाइन में लगाकर दर्शन के लिए भेजा गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मंदिर के बाहर होमगार्ड के जवानों ने सुरक्षा का मोर्चा संभाला, जबकि मंदिर परिसर के भीतर पूर्व सैनिकों (एक्स-सर्विसमैन) की विशेष सुरक्षा टीम भीड़ नियंत्रण में जुटी रही। प्रशासन की सतर्कता और सुरक्षाबलों की मुस्तैदी के चलते श्रद्धालुओं को सुचारु रूप से दर्शन करवाए गए।

### दो से तीन घंटे लाइनों में लगकर भक्तों ने किए दर्शन

भारी भीड़ के चलते माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को 2 से 3 घंटे तक लाइनों में इंतजार करना पड़ा, लेकिन बावजूद इसके भक्तों के चेहरों पर आस्था और श्रद्धा की झलक स्पष्ट दिखाई दी। गर्मी के मौसम को देखते हुए मंदिर के मुख्य और निकासी द्वारों पर पंजाब की विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं की ओर से ठंडे पानी की छबीलें लगाई गई थीं। श्रद्धालुओं ने ठंडे जल का सेवन कर राहत महसूस की और इन संस्थाओं के साथ-साथ मंदिर न्यास का भी आभार व्यक्त किया। श्रद्धालुओं की इतनी बड़ी संख्या में उपस्थिति ने एक बार फिर साबित कर दिया कि माता नैना देवी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए लोगों की आस्था और श्रद्धा अटूट है। प्रशासन और सुरक्षा बलों की सतर्कता तथा समाजसेवी संस्थाओं की सेवा भावना ने इस धार्मिक आयोजन को सफल और सुव्यवस्थित बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# 5,000 भक्तों ने टेका बाबा बालकनाथ के मंदिर में माथा



शाहतलाई में गरूणा झाड़ी और माता रत्नो लस्सी रोटी मंदिर में दर्शनों के लिए लाइनों में लगे भक्त।

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** उपमंडल झंडूता के शाहतलाई क्षेत्र में स्थित उत्तर भारत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर शाहतलाई में जून माह के पहले रविवार के दिन भारी संख्या में भक्त माथा टेकने पहुंचे।

सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में आना शुरू हो गया था। शाहतलाई में स्थित गरूणा झाड़ी और माता रत्नो लस्सी रोटी मंदिर में करीब 5000 भक्त माथा टेकने पहुंचे। पांच बजे से ही भीड़ मंदिर में दर्शन करने पहुंची। मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए पूरे इंतजाम किए गए हैं।

मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था की गई है। जगह-जगह सफाई कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं, ताकि मंदिर परिसर में किसी भी तरह की गंदगी न फैले। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग मंदिर में 50,000 श्रद्धालुओं ने माथा टेका। मंदिर परिसर में जगह-जगह सार्वजनिक शौचालय बनाए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की दिक्कत न हो। मंदिर के पुजारी राकेश शर्मा ने बताया कि सुबह से ही लोग बाबा बालकनाथ मंदिर शाहतलाई में दर्शनों के लिए पहुंचे।

### भडोली कला में आदि निशान स्थापना दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के कोटधार क्षेत्र के भडोली कला गांव में संत शिरोमणि गुरु रविदास गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से आदि निशान स्थापना दिवस मनाया गया। सत्संग में 707 स्वामी रविचरणदास जी महाराज के गद्दीनशीन संत बलवीर दास ने सत्संग प्रवचन के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को गुरु रविदास जी के उपदेशों और उनके जीवन दर्शन से अवगत कराया। श्रद्धालुओं ने गुरु रविदास जी के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर झंडूता के कांग्रेस नेता विवेक कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी का जीवन समानता, भाईचारा और मानवता का संदेश देता है, जो आज के समय में भी प्रासंगिक है। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सभी श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था की, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रबंधक कमेटी ने इस सफल आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### जिले में युवाओं की मौत पर जताई चिंता



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं संस्कार सोसायटी घुमारवीं के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने बिलासपुर जिले में बीते कुछ महीनों में संदिग्ध अवस्था में हुई सात युवाओं की मौत पर गहरी चिंता जताते हुए इसे अत्यंत दुखद व चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि संदेह जताया जा रहा है कि यह सब मौतें चिट्टे से हुई हैं और अगर इस संदेह सही है तो यह आंकड़ा न केवल दुख पहुंचाने वाला है, बल्कि समाज को एक गंभीर आत्ममंथन की आवश्यकता की ओर इंगित करता है। उन्होंने कहा कि एक ओर प्रदेश के युवा चिट्टे जैसे घातक नशे की गिरफ्त में आकर अपनी जान गंवा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नशा तस्करी से जुड़े मामलों में शासन-प्रशासन का ढुलमुल रवैया सामने आ रहा है। हाल ही में शिमला पुलिस अधीक्षक की ओर से पुलिस महानिदेशक कार्यालय के एक कर्मचारी पर चिट्टा तस्करी के गंभीर आरोप लगाए गए थे, लेकिन सरकार ने अब तक उस पर कोई ठोस कार्रवाई या जांच का आदेश नहीं दिया। इससे स्पष्ट है कि सरकार इस मुद्दे को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि केवल सरकार पर निर्भर रहने की बजाए समाज का हर जागरूक नागरिक, विशेषकर राजनीति से जुड़े लोग, इस गंभीर समस्या पर व्यक्तिगत स्तर पर आत्मचिंतन करें और नशा मुक्ति की दिशा में ठोस कदम उठाएं।

**कार्यक्रम** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं में निपटाईं लोगों की जनसस्याएं

# अधिकारी शिकायतों को निपटाने में न बरतें लापहरवाही

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**विधायक** एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने रविवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह घुमारवीं में लोगों की समस्याओं को सुना। मंत्री ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया। जनसुनवाई के दौरान सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, वृद्धावस्था पेंशन और अन्य सामाजिक कल्याण से संबंधित मुद्दे प्रमुखता से सामने आए।

धर्माणी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों का समाधान संवेदनशीलता और समयबद्धता के साथ किया जाए। जटिल समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाने का भी आश्वासन दिया गया। धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार घुमारवीं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विशेष रूप से सड़क निर्माण और रखरखाव को विकास की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि सड़कें किसी भी समाज की जीवन रेखा होती हैं। बेहतर सड़कों से न केवल आवागमन सुलभ होता है, बल्कि आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने जानकारी दी कि क्षेत्र के कई गांवों को बेहतर सड़क नेटवर्क से जोड़ने के लिए विभिन्न परियोजनाएं प्रगति पर हैं।

बिजली व्यवस्था को लेकर भी मंत्री ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से लो वोल्टेज, बिजली कटौती और ट्रांसफॉर्मर से जुड़ी समस्याएं सामने आती रही हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। विद्युत प्रणाली को मजबूत और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से कई योजनाएं लागू की जा रही हैं, ताकि लोगों को स्थायी समाधान मिल उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायतों के समाधान में लापरवाही या देरी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह घुमारवीं में लोगों की समस्याओं को सुनते तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।

### रासायनिक खाद और कीटनाशक से भूमि की उर्वरता हो रही समाप्त : जीतराम कटवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने 4 जून को क्षेत्रीय संगोष्ठी के आयोजन की घोषणा की है। यह संगोष्ठी प्राकृतिक खेती स्वस्थ भारत, खुशहाल किसान के संकल्प के साथ झंडूता में आयोजित की जाएगी। बिलासपुर में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक जीतराम कटवाल ने बताया कि यह संगोष्ठी साई एटरनल फाउंडेशन शिमला और मानव विकास संस्थान कलोल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जाएगी। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में गुजरात के राज्यपाल एवं प्राकृतिक खेती के प्रखर समर्थक आचार्य देवव्रत शिरकत करेंगे। इसके अलावा पद्मश्री से सम्मानित मंडी के करसोग निवासी 'मिलेट्समैन' नेकराम शर्मा और बिलासपुर के पन्याला निवासी 'सेब सम्राट' हरिमन शर्मा सहित हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा के प्रगतिशील किसान भी इस आयोजन में भाग लेंगे। संगोष्ठी में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उनके मंत्रिमंडल के सदस्य और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को भी आमंत्रित किया गया है। कटवाल ने कहा कि आज रासायनिक खादों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग न केवल भूमि की उर्वरता को समाप्त कर रहा है, बल्कि मानव और पशुओं पर भी गंभीर प्रभाव डाल रहा है।

# विद्युत बोर्ड के करोड़ों रुपए पर कुंडली मारकर बैठे सरकारी विभाग और व्यावसायिक उपभोक्ता

## 7 विद्युत उपमंडलों में उपभोक्ताओं पर 6.28 करोड़ से ज्यादा राशि बकाया

**नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** विद्युत मंडल घुमारवीं के सैकड़ों उपभोक्ता बिजली बोर्ड के करोड़ों रुपए पर कुंडली मारकर बैठे हैं। घुमारवीं मंडल के तहत आने वाले सात विद्युत उपमंडलों में उपभोक्ताओं पर विद्युत बोर्ड की कुल 6 करोड़ 28 लाख 50 हजार 250 रुपए की राशि बकाया है। सरकारी विभागों पर 4 करोड़ 99 लाख 2 हजार 742 रुपए की राशि बकाया है। व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर 39 लाख 38 हजार 955 रुपए और घरेलू उपभोक्ताओं पर लगभग 40 लाख रुपए का बकाया है, जो समय के साथ लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

विद्युत बोर्ड की ओर से पहले भी कई बार उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। कई उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन भी काटे गए हैं। इसके बावजूद स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं आया है।

आम उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि बड़े व्यवसायी और सरकारी कार्यालय भी बिजली बिलों का भुगतान करने में लापरवाही बरत रहे हैं। अब बिजली बोर्ड ने सख्त रुख अपनाते हुए तय किया है कि जो उपभोक्ता निर्धारित समय पर बिजली बिल जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और उनके बिजली कनेक्शन काटने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

विद्युत उपमंडल स्तर पर नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उपभोक्ताओं को 15 दिन का समय बिल जमा करने को दिया जाएगा, जिसके बाद बिजली काट दी जाएगी। विद्युत मंडल घुमारवीं के अधीन विद्युत उपमंडल घुमारवीं-1, घुमारवीं-2, बरठीं, कंदरौर, तलाई, झंडूता और भराड़ी शामिल हैं।

> **सभी** उपभोक्ताओं से अपील है कि वह अपनी बकाया बिलों की राशि को जल्द से जल्द जमा करवाएं, अन्यथा उपभोक्ताओं के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, ताकि विभाग की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा सके।
>
> **-कर्ण चंदेल, अधिशाषी अभियंता, घुमारवीं।**

**सरकारी विभागों पर 4 करोड़ 99 लाख 2 हजार 742 रुपए की राशि बकाया**

# चंबा-साहू मार्ग पर भू-स्खलन; घंटों यातायात रहा ठप, एंबुलेंस भी फंसी

## भारी मात्रा में गिरी मिट्टी व पत्थर, लोक निर्माण विभाग के कर्मियों ने हटाया सड़क से मलबा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा-साहू** मुख्य मार्ग पर रविवार दोपहर को चमीनू और पलयूर के बीच अचानक हुए भू-स्खलन से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। यह घटना लगभग दोपहर 2 बजे से 2:30 बजे के बीच हुई, जब भारी मात्रा में मिट्टी और बड़े आकार के पत्थर सड़क पर आ गिरे, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया।

घटना के तुरंत बाद दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, और लगभग डेढ़ से दो घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। सबसे चिंताजनक स्थिति तब सामने आई जब एक एंबुलेंस, जो मरीज को लेकर जा रही थी, इसी जाम में फंस गई। हालांकि स्थानीय लोगों और अधिकारियों के प्रयासों से स्थिति को जल्द काबू में लाया गया। भूस्खलन की सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग एक घंटे बाद पहुंची और मलबा हटाने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस दौरान एक एंबुलेंस भी फंसी रही, जिससे मरीज और उसके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने विभाग को तुरंत सूचना दी, जिसके बाद राहत कार्य शुरू किया गया।



चंबा-साहू मुख्य मार्ग पर भू-स्खलन से सड़क पर लगा लंबा जाम।

### प्रशासन की अपील

**प्रशासन** ने यात्रियों से अपील की है कि वे मौसम को देखते हुए सावधानी बरतें और इस मार्ग से यात्रा करने से पूर्व संबंधित विभाग से जानकारी प्राप्त करें। साथ ही, संभावित भूस्खलन क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता जताई गई है।

### स्थानीय प्रतिक्रिया

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह क्षेत्र लंबे समय से भू-संवेदनशील रहा है और बार-बार ऐसी घटनाएं सामने आती रही हैं। समय रहते स्थायी समाधान की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

# चंबा में ड्राइविंग टेस्ट 13 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) चंबा कार्यालय द्वारा जून माह के लिए वाहन फिटनेस और ड्राइविंग टेस्ट का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। एमवीआई इंजीनियर अनुराग धीमान की देखरेख में यह परीक्षण जिले के विभिन्न आरएलए कार्यालयों में तय तिथियों पर आयोजित किए जाएंगे। आरटीओ चंबा के अनुसार, वाहन फिटनेस की जांच 4, 9, 12, 23, 24, 25 व 27 जून को की जाएगी, जबकि ड्राइविंग टेस्ट 4, 9, 10, 13, 23, 25, 26 और 27 जून को अलग-अलग स्थानों पर होंगे। आरटीओ चंबा में 13 व 26 जून, आरएलए चंबा में 10 जून, आरएलए डलहौजी/बणिखेत में 9 जून, आरएलए चुवाड़ी/भटियात में 23 जून, आरएलए चुराह/टिस्सा में 4 जून, आरएलए सलूणी में 27 जून, आरएलए भरमौर में 25 जून को ड्राइविंग टेस्ट होंगे। आरटीओ कार्यालय ने सभी संबंधित आरएलए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने कार्यालयों से प्रत्येक उम्मीदवार को टोकन नंबर या फाइल नंबर अनिवार्य रूप से प्रदान करें।

# पीएमश्री योजना में चयनित हुआ तीसा स्कूल

## बच्चों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं, ग्रीन स्कूल के रूप में होगा विकसित

**हाशु शेख, अनंत ज्ञान**

**चुराह।** आकांक्षी ब्लॉक तीसा में शिक्षा व्यवस्था में बदलाव आएगा। केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित महत्वाकांक्षी पीएमश्री योजना के अंतर्गत आदर्श विद्यालय तीसा का चयन हुआ है। इस योजना के अंतर्गत स्कूल में बुनियादी स्तर की शिक्षा को मजबूत करने के लिए बच्चों को स्मार्ट तरीके से शिक्षा प्रदान की जाएगी। इससे स्कूल में शिक्षा व्यवस्था एक नए आयाम पर योजना के अंतर्गत स्कूल को ग्रीन स्कूल के रूप में भी विकसित किया जाएगा। इसके लिए स्कूल में प्राकृतिक रूप से खेती करना, पोषण उद्यान, स्मार्ट अपशिष्ट निपटान, जल संरक्षण, सौर पैनल व संचयन प्रणाली आदि को शामिल किया जाएगा।

यह कदम न केवल शिक्षा के स्तर को ऊंचा करेगा, बल्कि छात्रों के भविष्य को भी सशक्त बनाएगा। इसमें निजी स्कूलों की तर्ज पर विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। यही नहीं, पढ़ाई के लिए स्कूल में बेहतर वातावरण तैयार किया जाएगा। इसमें विद्यार्थियों के लिए अलग से स्मार्ट क्लास रूम तैयार किए जाएंगे। इसके साथ आधुनिक लैब समेत अन्य आधुनिक व्यवस्था विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी। स्कूल के विकास कार्यों को करवाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से बजट भी जारी किया जाएगा। पीएम श्री विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी घटकों को झलक होगी। इनमें आधुनिक लैब स्थापित की जाएगी। पीएमश्री योजना के तहत स्कूल को केंद्र सरकार विशेष सुविधाएं प्रदान करेगी।

### ये सुविधाएं मिलेंगी

**चयनित** स्कूलों को पेयजल, शौचालय, खेलकूद की सुविधाएं और अन्य बुनियादी ढांचे से लैस किया जाएगा। छात्रों के लिए स्मार्ट क्लास रूम, डिजिटल शिक्षण उपकरण और पुस्तकालय जैसी सुविधाओं का प्रावधान किया जाएगा।

# छात्रों को तंबाकू के दुष्परिणामों के बारे में किया जागरूक

अनंत ज्ञान, चंबा। पीएमश्री राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चंबा में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल, चंबा नवीन सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों एवं संबंधित कानूनी पहलुओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू का सेवन न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुँचाता है, बल्कि यह समाज पर भी घातक प्रभाव डालता है।

# साहू में लोगों को दी निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी



साहू में जागरूकता शिविर के दौरान असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल नवीन व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण, चंबा द्वारा ग्राम पंचायत साहू में एक कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस शिविर का उद्देश्य मानसिक बीमारी एवं बौद्धिक विकलांगता से पीड़ित व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता से संबंधित प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल नवीन सिंह ठाकुर ने प्रतिभागियों को कानूनी सहायता योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि निम्नलिखित श्रेणियों के व्यक्ति निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने के सभी महिलाएं, अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) के सदस्य, मानसिक या शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे पात्र हैं।

इस अवसर पर डॉ. करण हितैशी, अधिवक्ता गिरीश सिंह, अक्षय कुमार (तहसील कल्याण अधिकारी), कपिल शर्मा (समन्वयक, चिल्ड्रन हेल्पलाइन चंबा), कुलदीप सिंह (पीएलवी), राहुल (स्टेनो), पंचायत प्रधान साहू एवं पंचायत सचिव साहू भी उपस्थित रहे।

# भारत माता की जय के नारों से गूंजा बकलोह

## गोरखा सोशल वेलफेयर कमेटी की अगुवाई में लोगों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान**

**भटियात।** चंबा जिले के भटियात विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बकलोह में रविवार को देशभक्ति की अद्भुत मिसाल पेश करते हुए गोरखा सोशल वेलफेयर कमेटी, बकलोह के अध्यक्ष कमल थापा की अगुवाई में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा ककीरा रेस्ट हाउस से आरंभ होकर कुमलाड़ी, चिलामा, घटासनी और बकलोह होते हुए कालूगंज तक पहुंची।

इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में बकलोह क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी पूरे जोश और उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा, वहीं पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोगों ने भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य को सलाम किया। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष कमल थापा ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा हाल ही में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता हम सभी देशवासियों के लिए गर्व का विषय है। यह तिरंगा यात्रा हमारे सैनिकों के सम्मान और बलिदान को समर्पित है। हमें अपनी तीनों सेनाओं पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा न केवल एक श्रद्धांजलि है, बल्कि यह भी संदेश है कि यदि भविष्य में पाकिस्तान ने कोई दुस्साहस किया, तो हम सभी भूतपूर्व सैनिक देश की रक्षा के लिए फिर से हथियार उठाने को तैयार हैं।

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता ने समूचे देश में उत्साह का संचार किया है, और बकलोह की यह तिरंगा यात्रा इस देशभक्ति की भावना का एक जीवंत प्रतीक बन गई है। इस गौरवपूर्ण आयोजन में स्थानीय ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और पूर्व सैनिकों की सक्रिय भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि बकलोह क्षेत्र के लोग सदैव देशहित में एकजुट हैं और सेना के साथ खड़े हैं।



गोरखा सोशल वेलफेयर कमेटी बकलोह के अध्यक्ष कमल थापा की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकालते हुए लोग।

# राजस्व लोक अदालत में निपटाए 737 इंतकाल सहित कई मामले

**अनंत ज्ञान, चंबा**

- चंबा जिले की सभी तहसीलों व उपतहसीलों में 30 व 31 मई को लगाए शिविर

**प्रदेश** सरकार द्वारा राजस्व विभाग के अंतर्गत प्रत्येक माह के अंतिम दो कार्य दिवसों को सम्पूर्ण प्रदेश में 'राजस्व लोक अदालत' के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में, जिला चंबा की सभी तहसीलों एवं उप-तहसीलों में 30 व 31 मई 2025 को विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का नेतृत्व तहसीलों और उप-तहसीलों में पदस्थ सहायक समाहर्ता (प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी) अधिकारियों द्वारा किया गया। पूर्व-निर्धारित स्थानों पर आयोजित इन शिविरों में आमजन की भागीदारी भी उत्साहजनक रही।

दो दिवसीय शिविरों के दौरान जिला चंबा में कुल 737 इंतकाल, 6 तकसीम भूमि, 8 निशानदेही तथा 9 अन्य राजस्व प्रविष्टियों के मामलों का त्वरित समाधान किया गया। इससे पहले मई माह के दौरान पूरे जिले में कुल 1164 इंतकाल , 41 तकसीम भूमि, 84 निशानदेही एवं 51 अन्य राजस्व प्रविष्टियों के मामलों का निपटारा किया गया।

यह पहल न केवल राजस्व मामलों के त्वरित निपटारे को सुनिश्चित कर रही है, बल्कि आम नागरिकों को उनके द्वार पर ही न्याय एवं सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हो रही है। प्रशासन का यह प्रयास जन सेवा को सुलभ और सरल बनाना के उद्देश्य को साकार कर रहा है। प्रशासन ने अपील की है कि अधिक से अधिक नागरिक इन लोक अदालतों का लाभ उठाएं और अपने लंबित राजस्व मामलों का समाधान शीघ्र करवाएं।

# एआरटी और आईवीएफ तकनीक दिलाएगी बांझपन की समस्या से निजात : डॉ. शीतल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**असिस्टेड** रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी एआरटी और इन विट्रो फर्टिलाइजेशन आईवीएफ तकनीक से बांझपन की समस्या से निजात दिलाकर हर घर के आंगन में किलकारी गूंज सकती है। नॉर्थ इंडिया के सबसे मशहूर और बड़े सेंटर जिंदल आईवीएफ ने अपने फ्लैगशिप प्रोग्राम एआरटी अपडेट सीएमई का 20वां एडिशन सफलतापूर्वक आयोजित किया। जिसमें इस बार की थीम थी बेसिक इंफर्टिलिटी और आईवीएफ के मिथक और सच्चाई। यह कार्यक्रम मंडी जिला के मंडी हाईटस होटल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के बारे में जिंदल आईवीएफ़ के सभी सीनियर डॉक्टर डॉ. उमेश जिंदल और डॉ. शीतल जिंदल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में प्रजनन स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम था।



मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए डॉ. उमेश जिंदल व डॉ. शीतल जिंदल।

उन्होंने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन मांडव हॉस्पिटल मंडी, कुल्लू वैली हॉस्पिटल कुल्लू, साईं हॉस्पिटल हमीरपुर और सिटी हॉस्पिटल कांगड़ा के सहयोग से किया गया। जिसमें 70 से ज्यादा डॉक्टरों ने भाग लिया। जिनमें जनरल प्रैक्टिशनर, गायनेकोलॉजिस्ट और फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट बनने की तैयारी कर रहे डॉक्टर शामिल थे। जिंदल आईवीएफ़ के सभी सीनियर डॉक्टर जैसे डॉ. उमेश जिंदल, डॉ. शीतल जिंदल और अन्य एक्सपर्ट्स ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने एक्सपीरियंस शेयर किए। डॉ. स्वाति वर्मा, डॉ. निधि शर्मा, डॉ. अनुपम गुप्ता, डॉ. नीरजा चंदेल और डॉ. प्रभनीत कौर ने अपनी की-नोट स्पीच दी। वहीं, पैनल डिस्कशन में डॉ. गीतिका, डॉ. मनीषी मित्तल, डॉ. संगीता खट्टर और डॉ. उदय भानु ने हिस्सा लिया।

# प्रयास एक जरिया संस्था ने चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान

## डोर-टू-डोर सर्वे कर नागरिकों को किया जागरूक

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**स्वच्छता** और सेवा के लिए समर्पित सामाजिक संस्था 'प्रयास एक जरिया' द्वारा आज चुंगी मोड़ से करियां क्षेत्र तक एक विशेष डोर-टू-डोर सर्वे और जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्था की सक्रिय टीम ने घर-घर जाकर नागरिकों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और कचरा पृथक्करण के महत्व के बारे में जानकारी दी।

इस अभियान के तहत टीम ने लोगों को बताया कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखना न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि यह स्थानीय सफाई व्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाता है। नागरिकों को सरल भाषा में यह समझाया गया कि कचरे के सही निस्तारण से न केवल बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है, बल्कि स्वच्छता का स्तर भी सुधरता है।



सर्वे के दौरान कई स्थानीय लोगों ने यह चिंता भी जाहिर की कि क्षेत्र में कचरे के निस्तारण की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। नियमित सफाई न होने के चलते स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस गंभीर विषय को संज्ञान में लेते हुए प्रयास एक ज़रिया संस्था ने प्रशासन से जल्द से जल्द उचित कदम उठाने की अपील की है।

इस जनहित अभियान में शामिल रहे स्वयंसेवकों में मूविन, दीक्षा, करण, सीमा, आस्था, तितिक्षा, स्मायरा, यश, हर्ष, पूरव, अंकुश, शहुबुदीन, वीणा, रक्षित और अभिषेक जैसे युवा नाम प्रमुख रहे, जिन्होंने अपने जोश और समर्पण से लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई। संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रयास एक ज़रिया भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों को निरंतर चलाता रहेगा, ताकि हर नागरिक स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझे और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दे।

# छोटी पोहलानी माता मंदिर में भक्तों ने लगाए जयकारे

**अनंत ज्ञान, चंबा।** ग्राम पंचायत ओडा के कंदारा, ठांडरा व संदेटा गांवों के बच्चों और युवाओं ने शनिवार को छोटी पोहलानी माता मंदिर में दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर जयकारे लगाए और भक्ति में झूमते नजर आए। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब भी खेतों में फसल बीजने के समय बारिश नहीं होती, तो ग्रामवासी माता रानी के मंदिर जाकर सच्चे मन से पूजा-अर्चना करते हैं।



हैरानी की बात यह है कि उसी दिन वर्षा भी हो जाती है। यह चमत्कार आज भी लोगों को आस्था से जोड़ता है और माता रानी में उनकी अटूट श्रद्धा का प्रतीक बना हुआ है। ग्रामीणों की यह धार्मिक यात्रा एकता, श्रद्धा और संस्कृति का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करती है। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाएंगे।

### सूडोकु नवताल- 7448

**** कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7447 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

**सोमवार, 2 जून 2025**

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** सप्तमी (08:02): **नक्षत्र** मघा (22:55), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** ध्रुव (09:11), अभीजित (11:55-12:43)। **राहुकाल** (10:35-12:19)।

### विशेष दिन

02 जून 2025 : नवतपा आज होगा समाप्त।

**मेष:** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृष:** लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा।

**मिथुन:** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**कर्क:** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**सिंह:** पैतृक संपत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कन्या:** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**तुला:** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिक:** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से बचें।

**धनु:** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर:** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**कुंभ:** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर कर लें तो अच्छा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मीन:** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन है।

# विभाग की लापरवाही से हो रहा चौपाल में पेयजल संकट : चंदेल

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

**नगर** पंचायत चौपाल में जल शक्ति विभाग द्वारा पांच दिन बाद की जा रही जल आपूर्ति के लिए समाजसेवी रविंद्र चंदेल ने जल शक्ति विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चौपाल में जलसंकट के लिए विभाग ही पूरी तरह जिम्मेदार है। उनका कहना है कि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी निष्ठा और वफादारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे तो यहां पर जल का संकट पैदा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारी गलत बयानबाजी करते हैं, स्रोत में पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी नियमित रूप से मुख्य स्रोत तक पहुंच ही नहीं पाते क्योंकि वहां तक जाने के लिए पैदल 3 से 4 घंटे लगते हैं। स्रोत भंडारण टैंक जर्जर अवस्था में हैं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं उस स्थान पर जा कर निरीक्षण कर चुके हैं और पाया कि स्रोत में 8 से 10 इंच पानी उपलब्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस योजना की मुख्य लाइन में 9 स्थानों पर अज्ञात लोगों ने अवैध रूप से पानी के कनेक्शन ले रखे हैं जिसके परिणामस्वरूप चौपाल तक पानी नहीं पहुंचता है। विभाग को चाहिए कि जिन लोगों ने सरकारी संपति को नुकसान पहुंचा कर मेन लाइन फाड़ कर अवैध रूप से पानी के कनेक्शन ले रखे हैं उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करें। यदि जल शक्ति विभाग स्रोत में जल भंडारण टैंक की मरम्मत करता है और मेन लाइन में जो 9 स्थानों पर अज्ञात लोगों द्वारा अवैध कनेक्शन ले रखे हैं उन्हें तत्काल बंद किया जाता है तो चौपाल मुख्यालय में पानी की किल्लत नहीं होगी।

### शिक्षा मंत्री व विधायक के फटकार के बाद हरकत में आया विभाग

**उधर,** सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर एवं विधायक बलवीर वर्मा द्वारा फोन पर जल शक्ति विभाग को फटकार लगाने के बाद विभाग के अधिकारी हरकत में नजर आए। अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग रजनीश वर्मा ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पेयजल लाइन का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को लीकेज बंद करने के निर्देश भी दिए। चौपाल नगर पंचायत में लगातार हो रहा पानी के संकट पर जल शक्ति विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित आम लोगों से बैठक की और पेश आ रही समस्याओं पर भी अवगत करवाया। अधिशाषी अभियंता ने कहा कि आने वाले समय के लिए चौपाल क्षेत्र के लिए करीब 50 करोड़ की लागत से पेयजल योजना का प्रस्ताव तैयार किया गया है जोकि वर्ल्ड बैंक को भेजा जाएगा। उन्होंने उन लोगों को भी चेतावनी दी है कि जो मेन पाइप लाइन में पिन लगाकर पानी को चोरी करने का प्रयास करेंगे उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# स्कूल ज्ञान का मंदिर नहीं, संस्कारों की भी प्रयोगशाला: अंजू

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर हर रोज प्रात: 4:00 बजे 84 प्रांगण में एक प्रेरणादायक और अनुकरणीय दृश्य देखने को मिलता है कि जब विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू बाला ने स्वयं झाड़ू उठाकर अपनी श्रद्धा से सफाई करती हैं।

प्रधानाचार्या अंजू बाला ने कहा कि विद्यालय केवल ज्ञान का मंदिर नहीं, बल्कि अनुशासन और संस्कारों की प्रयोगशाला भी है। जब शिक्षक और प्रशासक स्वयं सफाई जैसे कार्यों में भाग लेते हैं, तो वह छात्रों के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता केवल एक कार्य नहीं, बल्कि एक सोच है जिसे हर विद्यार्थी को अपनाना चाहिए। धार्मिक स्थल आस्था और श्रद्धा का प्रतीक होते हैं, जहां प्रतिदिन हजारों लोग दर्शन के लिए आते हैं। बल्कि श्रद्धालुओं की भावना भी आहत होती है। स्वयं सेवा के रूप में सफाई करना एक सच्ची सेवा और पुण्य का कार्य है। व्यक्ति कितने भी बड़े स्थान पर पहुंच जाए। परंतु अपना व्यवहार और अपना देव देवताओं के प्रति श्रद्धा नहीं छोड़नी चाहिए और समाज में एक अच्छा व्यक्ति होना और व्यक्ति निर्माण करना जो समाज को अच्छी शिक्षा और सोच दे । वहीं सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति की पहचान होती है।

# बाल आश्रम साहू का किया औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चंबा की ओर से बाल आश्रम साहू का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल का नेतृत्व असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल नवीन सिंह ठाकुर ने किया। निरीक्षण के दौरान नवीन ठाकुर ने आश्रम की सफाई व्यवस्था, खानपान एवं पोषण स्तर, तथा सुरक्षा प्रबंधन की विस्तृत जांच की। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी दिनचर्या, सुविधाओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर नवीन ठाकुर ने बच्चों को बाल हितैषी विधिक सेवाओं तथा चिल्ड्रन स्कीम 2024 के बारे में जानकारी दी और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान पैनल अधिवक्ता गिरिश सिंह, स्टेनो राहुल तथा पैरा लीगल वालंटियर कुलदीप सिंह भी उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत ब्याड़ा
विकास खंड पंचरुखी, तह. पालमपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

**ग्राम** पंचायत ब्याड़ा की बैठक में प्रधान महोदया जी ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न मदों से किए जाने वाले विकास कार्यों हेतु सामग्री क्रय करने के लिए निविदाएं आमंत्रित की जानी हैं तथा निविदाएं दिनांक 09/06/2025 को पंचायत के समक्ष 12:00 खोली जाएंगी। सामग्री का विवरण निम्न है और कुटेशन खोलने वाली दिनांक को किसी भी सप्लायर को डाक या विशेष रूप से आमंत्रित नहीं किया जाएगा।

1. रेत क्रशर-प्रति फुट, 2. क्रशर बजरी- प्रति फुट, 3. बोल्डर- प्रति फुट, 4. कट स्टोन-प्रति नं., 5. ईंट अव्वल-प्रति नं., 6. ईंट दोयम-प्रति नं., 7. पत्थर फाड़ा-प्रति फुट, 8. सेटरिंग फट्टा-प्रति SQFT, 9. सेटरिंग प्लेट- प्रति SQFT, 10. गटका-प्रति फुट, 11. सीमेंट किराया लोडिंग अनलोडिंग सहित पंचरुखी से ब्याड़ा पंचायत घर-प्रति बैग, 12. टेक्टर फेरा लोकल-प्रति KM, 13. J.C.B- प्रति घंटा, 14. बेंच-प्रति नं., 15. साईन बोर्ड-प्रति नं. 16 वाटर कूलर-प्रति नं.

**नियम व शर्तें:** इच्छुक विक्रेता/फर्म के पास GST NO होना अनिवार्य है बिना GST NO के कोई भी निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। निविदाएं दिनांक 08/06/2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत ब्याड़ा में केवल डाक के मध्यम से प्राप्त की जाएंगी। निविदा में सभी सामग्री का मूल मूल्य व GST दर राशी अलग से दर्शाना अनिवार्य है। निविदायों की दरें F.O.R ग्राम पंचायत ब्याड़ा में GST सहित होनी चाहिए। वेंडर द्वारा सामग्री बिल सहित HP MINERAL RULES 2015 के अंतर्गत आवश्यक फार्म X.Y भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होंगे। सप्लाई आर्डर मिलने के तीन दिन के भीतर सामग्री आपूर्ति करवानी होगी। विक्रेता को सिक्योरटी मनी के तौर पर 25000/- रुपये की F.D स्वरूप निविदा सहित जमा करवाने होंगे, अन्यथा निविदा रद्द की जाएगी। निविदा पारित होने पर सप्लाई न देने पर विक्रेता को ग्राम पंचायत द्वारा आगामी पांच वर्षों के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाएगा। विक्रेता को सिक्योरटी मनी के तौर पर जमा 25000/-रुपये (FD) स्वरूप वापस नहीं की जाएगी। किसी भी विवाद या सामग्री आपूर्ति समय पर न मिलने पर पंचायत किसी भी समय निविदा को रद्द करने हेतु सक्षम होगी।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत, ब्याड़ा**
**विकास खंड पंचरूखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**संघर्ष** ने मुझे मनुष्य बनाया, मुझमें आत्मविश्वास उत्पन्न हुआ, जो पहले मुझमें नहीं था। –**सुभाष चंद्र बोस**

## संपादकीय

# एक बढ़ता संकट

हिमाचल प्रदेश, जिसे देवभूमि के नाम से जाना जाता है, आजकल एक और गंभीर समस्या से जूझ रहा है जिसका नाम है चिट्टा यानी सिंथेटिक ड्रग। इस नशे की तस्करी और लत जानलेवा है। यह समस्या न केवल राज्य की सामाजिक संरचना को खोखला कर रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी अंधकारमय बना रही है। बिलासपुर जिले में एक युवक की चिट्टे की ओवरडोज से हुई मौत इस संकट की गंभीरता को उजागर करती है। यह घटना सिर्फ एक मौत नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक चेतावनी है। चिट्टा एक प्रकार का सिंथेटिक ड्रग है जो हेरोइन, ब्राउन शुगर या अन्य खतरनाक केमिकल्स से बनाया जाता है। यह बेहद नशेड़ी और जानलेवा होता है। इसकी लत इतनी तीव्र होती है कि एक बार इसका सेवन करने वाला व्यक्ति बार-बार इसकी ओर खिंचता चला जाता है। कुछ ही समय में यह शारीरिक और मानसिक रूप से व्यक्ति को पूरी तरह जकड़ लेता है। यही वजह है कि हिमाचल प्रदेश के युवा तेजी से इसकी चपेट में आ रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करी का नेटवर्क गहराई से फैला हुआ है। पड़ोसी राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड से चिट्टा हिमाचल लाया जाता है और फिर यहां के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में बेचा जाता है। कुछ स्थानीय लोग भी इस नेटवर्क में शामिल हो चुके हैं, जो लालच और बेरोजगारी की वजह से इस अपराध में उतर चुके हैं। पुलिस और एनसीबी (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) की समय-समय पर छापेमारी के बावजूद यह नेटवर्क बार-बार नए रूप में सामने आ जाता है। हिमाचल प्रदेश में न्यायपालिका भी इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है। हाल ही में रोहड़ू स्थित विशेष सत्र न्यायालय ने चिट्टा तस्करी के दोषी पाए गए एक पिता-पुत्र को 7 साल की सजा और 50 हजार रुपए जुर्माना सुनाया। यह निर्णय न केवल अपराधियों के लिए चेतावनी है, बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी है कि कानून ऐसे अपराधियों को बख्शने वाला नहीं है। यह सख्त रुख न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और दृढ़ता को दर्शाता है।

हिमाचल प्रदेश सरकार भी चिट्टा तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। राज्य पुलिस ने ड्रग-फ्री हिमाचल जैसे अभियानों की शुरुआत की है, जिसमें स्कूली बच्चों, कॉलेज छात्रों और युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। सरकार ने हाल ही में यह भी निर्णय लिया है कि जो भी व्यक्ति चिट्टा तस्करी में संलिप्त पाया जाएगा, उसकी संपत्ति को जब्त किया जाएगा। यह एक मजबूत कदम है जिससे तस्करों को आर्थिक रूप से भी नुकसान पहुंचाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि ड्रग माफियाओं की संपत्ति कुर्क कर उन्हें सामाजिक रूप से अलग-थलग किया जाए। इसके अतिरिक्त, नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ाने और उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। सरकार और न्यायपालिका की कोशिशें तब तक पूरी तरह सफल नहीं हो सकतीं जब तक कि आम जनता जागरूक न हो।

यह केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का विषय भी है। युवाओं को बचपन से ही नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया जाना चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में विशेष कार्यशालाएं, नाटक, गीत-संगीत और लेखन प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशे के खिलाफ संदेश पहुंचाया जाना चाहिए। माता-पिता, शिक्षक, और समाज के अन्य जिम्मेदार नागरिकों को यह समझना होगा कि यह सिर्फ 'किसी और के बच्चे की समस्या' नहीं है, बल्कि यह हमारे पूरे समाज का संकट है। अगर आज हम चुप रहे, तो कल हमारे घर का कोई सदस्य भी इसका शिकार हो सकता है। इस समस्या को पूरी तरह से समाप्त करना कोई आसान कार्य नहीं है। तस्करों का नेटवर्क बहुत जटिल है और यह सीमाओं से परे फैला हुआ है। पुलिस को तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बनाने की आवश्यकता है ताकि वे इंटरनेट, डार्क वेब, और सोशल मीडिया पर चल रही ड्रग डीलिंग गतिविधियों पर नजर रख सकें।

इसके अलावा, पुलिस बल में भ्रष्टाचार पर भी कठोर निगरानी रखनी होगी, क्योंकि कई बार तस्करों को स्थानीय स्तर पर समर्थन भी मिल जाता है। दूसरी चुनौती यह है कि कई बार समाज नशे के शिकार व्यक्ति को अपराधी मानता है, जबकि असल में वह एक पीड़ित होता है जिसे इलाज और समर्थन की जरूरत होती है। इसलिए समाज की सोच में बदलाव लाना अत्यंत आवश्यक है। हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करी एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संकट बन चुका है। सरकार, न्यायपालिका और प्रशासन की ओर से कई सख्त कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन समस्या की जड़ तक पहुंचने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। इस समस्या से लड़ने के लिए कानून, प्रशासन, शिक्षा, और समाज को एकजुट होकर काम करना होगा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि एक जागरूक समाज ही स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की नींव रख सकता है। आज जरूरत है साहसिक कदम उठाने की, न सिर्फ सरकार द्वारा, बल्कि हर नागरिक द्वारा, ताकि हिमाचल फिर से अपने देवभूमि स्वरूप को प्राप्त कर सके और युवाओं का भविष्य नशे के अंधेरे से निकलकर उम्मीद की रोशनी में चमक सके। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत की प्रथम तीरंदाज महिला खिलाड़ी

**डोला** बनर्जी भारत की प्रथम तीरंदाज महिला खिलाड़ी हैं, उन्होंने 18वां 'गोल्डन एरो ग्रैंड प्रिक्स टूर्नामेंट' जीता। डोला बनर्जी का जन्म झारखंड में हुआ था। भारत की पहली महिला खिलाड़ी हैं, जिन्हें तीरंदाजी में राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति पाने वाली प्रथम महिला खिलाड़ी होने का श्रेय जाता है। भारत में तीरंदाजी को मुख्य रूप से पुरुषों का खेल समझा जाता है, लेकिन डोला बनर्जी ने इस खेल में न सिर्फ भाग लिया, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता भी अर्जित की। डोला बनर्जी ने तीर से निशानेबाजी की शिक्षा टाटा आर्चरी अकादमी, जमशेदपुर से प्राप्त की। उन्होंने तीरंदाजी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर एकमात्र सफल खिलाड़ी होने का नाम कमाया है। न्यूयार्क में हुई 42वीं 'विश्व आउटडोर टार्गेट आर्चरी चैंपियनशिप' में अपने कुशल प्रयास से वह सफल रहीं और भारत की प्रथम तीरंदाज महिला बन गईं तथा ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिए क्वालीफाई कर लिया। उनकी उपलब्धियों को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें 2005 में 'अर्जुन पुरस्कार' देकर सम्मानित किया गया। डोला बनर्जी भारत की ऐसी महिला तीरंदाज हैं, जिन्होंने ओलंपिक में भाग लेने के लिए क्वालीफाई किया था। ■



डोला बनर्जी
जन्म : 2 जून, 1980



कविता

### जिंदगी कहां किसकी सुनती है

*संजय एम तराणेकर (कवि, लेखक व समीक्षक)*

**जिंदगी** कहां, कब किसकी सुनती है,
उसकी हरदम गिनती चलती रहती हैं।
बचपन से जवानी तक ली अंगड़ाई हैं,
उम्र का दरिया आधा पार कर आई है।
यह अफसोस न करना इसके जाने का,
जन्म-दिन मनाना एक साल होने का।
जिंदगी कहां, कब किसकी सुनती है,
उसकी हरदम गिनती चलती रहती हैं।
इसे हंसी-खुशी से जी ले वो दीवाना है,
जलने वाला तो सिर्फ एक परवाना है।
जिंदगी कहां, कब किसकी सुनती है,
उसकी हरदम गिनती चलती रहती हैं।
हर पल का आनंद लेने अब सोच लो,
समय बचा है कम अब उसे दबोच लो।
हां, हमेशा सकारात्मक रहके परख लो,
जिंदगी खट्टे-मीठे अनुभव हैं समेट लो।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# प्लास्टिक प्रदूषण के गंभीर खतरे से जूझता हिमाचल



हमारे देश में पर्यावरण संरक्षण एक जटिल चुनौती बन चुका है। हिमालय की गोद में बसा हिमाचल प्रदेश, जो प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन के लिए बेहद प्रसिद्ध है, आज प्लास्टिक प्रदूषण के गंभीर खतरे से जूझ रहा है। हालांकि, हिमाचल सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सख्त कदम उठाए हैं, फिर भी इन प्रतिबंधों को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। सरकार ने प्लास्टिक पर नियंत्रण के लिए कई कड़े निर्णय लिए हैं। हिमाचल में 500 मिलीलीटर तक की प्लास्टिक पानी की बोतलों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है, विशेष रूप से सरकारी कार्यक्रमों और होटलों में। इसके अलावा, राज्य में पर्यटक वाहनों, टैक्सियों और सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में कूड़ादान रखना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे प्लास्टिक कचरा सड़कों पर न फैले। केंद्र सरकार ने भी देशभर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया है। प्रतिबंधित वस्तुओं में 75 माइक्रोन से कम मोटाई वाले पॉलीथिन कैरी बैग, प्लास्टिक ईयर बड्स, गुब्बारे की प्लास्टिक स्टिक, कैंडी स्टिक और आइसक्रीम स्टिक, थर्मोकोल प्लेटें, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, मिठाई के डिब्बों की प्लास्टिक रैपिंग, प्लास्टिक झंडे, स्ट्रॉ, सिगरेट के पैकेट, ट्रे आदि शामिल हैं। वहीं, 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले पीवीसी बैनर और स्टिकर बैन हैं।

**चोरी-छिपे प्लास्टिक उपयोग :** प्लास्टिक पानी की बोतलों पर प्रतिबंध की घोषणा प्रशंसनीय कदम है, लेकिन जमीनी हकीकत थोड़ी भिन्न है। हिमाचल में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग चोरी-छिपे कई क्षेत्रों में फिर से शुरू हो गया है। स्थानीय दुकानदार, फेरीवाले और कुछ रेस्टोरेंट अब भी प्रतिबंधित पॉलीथिन बैग और प्लास्टिक कटलरी का उपयोग कर रहे हैं। वैकल्पिक पैकेजिंग जैसे पेपर बैग, कपड़े की थैलियां या बायोडिग्रेडेबल कटलरी आमतौर पर महंगी होती हैं या आसानी से उपलब्ध नहीं होतीं, जिससे दुकानदार सस्ती और आसानी से मिलने वाली प्लास्टिक सामग्री का सहारा लेते हैं। आम नागरिकों और छोटे व्यवसायियों में अब भी पर्यावरणीय खतरों के प्रति जागरूकता की कमी है। बहुत से लोग नहीं जानते कि ये नियम क्यों बनाए गए हैं और इनका उल्लंघन कितना नुकसानदायक हो सकता है।

**पर्यावरण को नुकसान :** प्लास्टिक, विशेषकर सिंगल यूज प्लास्टिक, धरती पर सबसे बड़ा प्रदूषणकारी पदार्थ बन चुका है। इससे सबसे बड़ा नुकसान पर्यावरण को होता है। चूंकि प्लास्टिक न तो आसानी से नष्ट होता है और न ही इसका पुनर्चक्रण आसान है। यह सैकड़ों वर्षों तक मिट्टी में बना रहता है और भूमि की उर्वरता को समाप्त कर देता है।

**जल प्रदूषण :** आज जल प्रदूषण विश्व के सामने एक विकराल समस्या बन चुका है और इस संकट का सबसे बड़ा कारण बन रहा है प्लास्टिक कचरा। नदियों, झीलों और समुद्रों में फेंके जा रहे प्लास्टिक उत्पाद न केवल जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डाल रहे हैं। हर वर्ष लाखों टन प्लास्टिक कचरा सीधे या परोक्ष रूप से जल स्रोतों में पहुंचता है। प्लास्टिक बोतलें, बैग, स्ट्रॉ, कटलरी और अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक आइटम पानी में वर्षों तक रहते हैं, क्योंकि ये जैविक रूप से नष्ट नहीं होते। धीरे-धीरे यह प्लास्टिक टूटकर माइक्रोप्लास्टिक में परिवर्तित हो जाता है, जो आकार में इतना सूक्ष्म होता है जिसे जलीय जीव आसानी से निगल लेते हैं। मछलियां, कछुए, डॉल्फिन और पक्षी अक्सर प्लास्टिक को भोजन समझकर खा लेते हैं, जिससे उनकी आंतें बंद हो जाती हैं और वे भूख से मर जाते हैं। शोध बताते हैं कि प्लास्टिक खाने से हर वर्ष लाखों समुद्री जीवों की मौत हो रही है। यह सिर्फ एक पारिस्थितिकीय संकट नहीं है, बल्कि एक मानवीय समस्या भी बन चुका है। जब ये मछलियां या अन्य समुद्री जीव मनुष्यों द्वारा खाए जाते हैं, तो माइक्रोप्लास्टिक हमारे शरीर में प्रवेश कर जाता है। वैज्ञानिकों ने पेयजल, नमक और यहां तक कि मानव रक्त और फेफड़ों में भी माइक्रोप्लास्टिक के अंश पाए हैं। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है, क्योंकि माइक्रोप्लास्टिक शरीर में सूक्ष्म स्तर पर कोशिकाओं और अंगों को प्रभावित कर सकता है, जिससे कैंसर, हार्मोन असंतुलन, प्रजनन संबंधी समस्याएं और अन्य गंभीर रोग हो सकते हैं।

यथार्थ



समरजीत

**स्वास्थ्य पर प्रभाव :** प्लास्टिक को जलाने पर निकलने वाला धुआं जहरीला होता है, जिसमें डाइऑक्सिन और फ्यूरान जैसे खतरनाक रसायन होते हैं। ये अस्थमा, कैंसर, त्वचा रोगों और प्रजनन संबंधी बीमारियों का कारण बन सकते हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि लोग 'धाम' जैसी पारंपरिक पहाड़ी दावतों का भोजन भी प्लास्टिक की थैलियों में पैक कर ले जा रहे हैं, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन जाता है। गर्म भोजन को प्लास्टिक बैग्स में पैक करने से उसमें मौजूद रसायन भोजन में मिल जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इससे कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

**पशुओं पर प्रभाव :** प्लास्टिक कचरा खाने से गउएं, बंदर, कुत्ते और अन्य जानवर बीमार हो रहे हैं और उनकी मौतें भी हो रही हैं। हिमाचल में पशुओं को लावारिस छोड़े जाने से यह समस्या और ज्यादा विकराल हो गई है। पेट भरने के लिए घास न मिलने की सूरत में ये लावारिस पशु इधर-उधर मुंह मारते हैं तथा कूड़ेदानों और सड़कों व नालियों पर बिखरे प्लास्टिक को खाकर अपना पेट भरते हैं, लेकिन इससे उनकी जान पर बन आती है।

**जागरूकता की आवश्यकता :** प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। आम नागरिकों, व्यापारियों, छात्रों और पर्यटकों को भी इसके खतरों के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए। विद्यालयों और कॉलेजों में प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर निबंध प्रतियोगिताएं, चित्रकला प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक आदि आयोजित किए जा सकते हैं। ग्राम पंचायतों, नगर निगमों और स्थानीय संस्थाओं को भी स्वच्छता मिशन से जोड़ना आवश्यक है। सरकारी कार्यक्रमों में, विशेष रूप से पंचायत और शहरी निकाय स्तर पर, आम जनता के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाए जाने चाहिए जहां उन्हें बताया जाए कि वे किस तरह प्लास्टिक के बिना भी अपना जीवन सरलता से चला सकते हैं।

**समाधान और विकल्प :** जूट, कपड़े और कागज के बैग का उपयोग ज्यादा से ज्यादा करें। भोजन और जल के लिए स्टील, तांबा, कांसा या कांच के बर्तनों का प्रयोग किया जा सकता है। बाजार में अब बायोडिग्रेडेबल थालियां, कप और चम्मच उपलब्ध हैं, जो पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। गीले और सूखे कचरे को अलग करना और गीले कचरे को कंपोस्ट करना, प्लास्टिक कचरे को रिसाइक्लिंग के लिए देना, ये आदतें पर्यावरण संरक्षण में बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। सरकार प्लास्टिक की बोतलें और अन्य रिसाइक्लेबल प्लास्टिक सामग्री को वापस खरीदने की योजना शुरू कर सकती है, जिससे नागरिकों को आर्थिक प्रोत्साहन भी मिलेगा।

**सरकार की भूमिका :** सरकार को चाहिए कि वह प्रतिबंधों का सख्ती से पालन करवाए। प्लास्टिक उत्पाद बनाने वाली कंपनियों पर भारी जुर्माना लगाए। रिसाइक्लिंग उद्योग को प्रोत्साहन दे। पर्यावरण के प्रति संवेदनशील पर्यटन नीति बनाए। सभी नगर निकायों में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए विशेष दल गठित करे। हिमाचल प्रदेश सरकार ने 1 जनवरी 2023 से 60 ग्राम प्रति वर्गमीटर से कम वजन वाले नॉन-वोवन प्लास्टिक बैग्स पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद, 1 जुलाई 2022 से सभी प्रकार के सिंगल-यूज प्लास्टिक आइटम्स, जैसे कैरी बैग्स, थर्मोकोल आइटम्स, कैंडी स्टिक्स, आइसक्रीम स्टिक्स, आदि पर प्रतिबंध लागू किया गया है और अब पहली जून से 500 मिलीलीटर तक की सिंगल-यूज पानी की बोतलें भी बैन कर दी हैं। 2019 में शुरू की गई बाय-बैक नीति के तहत, हिमाचल प्रदेश ने तीन वर्षों में 2,75,000 किलोग्राम सिंगल-यूज प्लास्टिक एकत्रित किया है। इस प्लास्टिक का उपयोग सड़क निर्माण में किया गया है, जिससे 227 किलोमीटर सड़कें बनाई गई हैं ।

**प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट:** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत, 2020-21 में राज्य के 88 ब्लॉकों को प्रत्येक को 16 लाख रुपए आवंटित किए गए थे, ताकि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार किया जा सके। हालांकि, सिर्फ 16 ब्लॉकों में मशीनें स्थापित की गई हैं और शेष में प्रक्रिया जारी है। पालमपुर, बीड़-बिलिंग, मैक्लोडगंज, धर्मशाला, शिमला, मनाली आदि पर्यटन स्थलों में प्लास्टिक कचरा बड़े पैमाने पर पाया जाता है। इन क्षेत्रों में जल स्रोतों और वन क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरा फेंका जा रहा है, जिससे जैव विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

**सामूहिक प्रयास लाजिमी:** हिमाचल प्रदेश में प्लास्टिक प्रदूषण एक बहुत गंभीर समस्या बन चुकी है। प्रदेश सरकार ने सराहनीय कदम जरूर उठाए हैं, लेकिन इन प्रयासों को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए नागरिकों, व्यापारियों और पर्यटकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। केवल सामूहिक प्रयासों से ही हम अपने राज्य को प्लास्टिक मुक्त बना सकते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए सबसे जरूरी है जन-जागरूकता। यदि लोगों को यह समझाया जाए कि प्लास्टिक हमारे पर्यावरण, जल स्रोतों और पशुओं के लिए कितना हानिकारक है, तो वे स्वेच्छा से प्लास्टिक का उपयोग छोड़ सकते हैं। विद्यालयों, कॉलेजों, और पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। युवाओं को इस मुहिम का चेहरा बनाकर प्लास्टिक के विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। व्यापारियों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि दुकानदार और विक्रेता प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग बंद कर दें और पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग को अपनाएं, तो प्लास्टिक के उपयोग में उल्लेखनीय गिरावट आ सकती है।

सरकार को चाहिए कि वह बायोडिग्रेडेबल विकल्पों को किफायती बनाए और उन्हें व्यापारियों तक आसानी से उपलब्ध कराए। साथ ही, हिमाचल आने वाले पर्यटकों की भी जिम्मेदारी है कि वे राज्य की नाजुक पारिस्थितिकी का सम्मान करें। उन्हें जानकारी दी जानी चाहिए कि वे अपने साथ लाए प्लास्टिक कचरे को वापस ले जाएं या उसे सही तरीके से निष्पादित करें। प्लास्टिक प्रदूषण से लड़ाई कोई एक व्यक्ति, संस्था या सरकार अकेले नहीं लड़ सकती। सामूहिक प्रयास से ही इससे नियंत्रित और खत्म किया जा सकता है। सरकार, आम नागरिक, व्यापारी वर्ग और पर्यटक सभी मिलकर सहभागी बनें। अगर हम अभी नहीं चेते, तो वह दिन दूर नहीं जब हमारी प्राकृतिक धरोहरें प्लास्टिक के ढेर में दब जाएंगी, लेकिन यदि हम एकजुट होकर प्रयास करें, तो हिमाचल प्रदेश को पुनः स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाना संभव है। यही सच्चा पर्यावरण प्रेम और भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। आओ, हिमाचल को पर्यावरण मुक्त बनाएं।

**रिस्पांस करें:** editoranantgyaan@gmail.com

# महिलाएं बदलते स्वरूप के साथ खुद को और भी सशक्त व मजबूत बनाएं

हर युग में हर परिस्थिति में महिलाओं ने हर संभव कोशिश की है कि वो पुरुष के कंधे से कंधा मिलाकर काम करें। शारीरिक परिस्थिति कैसी भी रही हो उन्होंने अपने आप को सदैव पुरुषों से बलवान ही समझा है। जब भी कठोरता का परिचय देना हो या नम्रता का, उदारता का या संयम का, प्यार का या नफरत का हमेशा दृढ़ निश्चय लेने में स्वयं को सक्षम समझा है। चाहे युद्ध का समय हो, अपने देश को बचाने के लिए कोई संधि करनी हो या समझौता करना हो उनकी कुर्बानियों से इतिहास भरा पड़ा है। रानी दुर्गावती हो या अहिल्याबाई, लक्ष्मीबाई हो या रजिया सुल्तान हो इनकी कर्मठता, हठधर्मिता, साहस ,विवेकशीलता, निर्णय लेने की क्षमता और दृढ़संकल्प किसी से छिपा नहीं है।



लेखिका : एडवोकेट नीलम नारंग
खरड़, मोहाली (पंजाब)

अपना अंतर्विरोध, पारिवारिक कलह आसपास के लोगों द्वारा रचे गए षडयंत्र, बाह्य आक्रमण व स्त्री जनय परिस्थितियां भी इनको अपना कर्म करने से नहीं रोक पाई। बात सिर्फ भारतीय इतिहास की नहीं है अन्य देशों का इतिहास भी इन सब बातों का गवाह है। हालांकि ऐसी औरतों की संख्या बहुत कम है और इन सब के नाम ऊंगलियों पर गिने जा सकते है, लेकिन ये वो नाम है जिन्होंने इतिहास को बदल डाला जैसे इडा वेल्स बारनेट नस्लीय न्याय के लिए एक प्रारंभिक कार्यकर्ता थी। सोजॉरनर टूथ अफ्रीकन अश्वेत कार्यकर्ता थी, जो न सिर्फ अपने, बल्कि अन्य महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई के लिए लंबे समय तक लड़ी। रोजापाकरस का नाम कौन नहीं जानता। उसने मौलिक मानवीय अधिकारों के लिए आवाज उठाई जिसके साहस के किस्से भारतीय बच्चे अपने इतिहास की किताबों में पढ़ते हैं और प्रेरणा लेते है।

एलिनोर रूजवेल्ट अमेरिकी महिला भी नागरिक अधिकार कार्यकर्ता के रूप में पहचानी जाती है। मानवाधिकार मूल रूप से वे अधिकार है जो प्रत्येक व्यक्ति को इंसान होने के कारण मिलते हैं। हालांकि इन अधिकारों को कानून द्वारा संरक्षित किया गया है, लेकिन फिर भी इनमें से कई अधिकारों का उल्लंघन समय असमय, वक्त बेवक्त, युद्ध या शांति के समय अकसर ही किया जाता है। हर व्यक्ति को अपने अधिकार की जानकारी होने के साथ-साथ ही कानूनी संरक्षण की भी जानकारी का होना अत्यंत आवश्यक है। खासतौर पर यह बात महिलाओं के लिए तो बहुत ही आवश्यक है। इतने लंबे समय से महिलाएं अपने अधिकारों के लिए लड़ रही है। इसके बावजूद दैहिक शोषण, मानसिक शोषण, सामाजिक शोषण, बलात्कार, नारी पर तेजाब फेंकना, राजनीतिक सरगर्मियों में उन्हें पुरुषों के बराबर न समझ जाना, अभी भी उनको दोयम दर्जे का मानना जैसी कुरीतियों न सिर्फ भारत में, बल्कि पूरे विश्व में देखने को मिल जाती हैं। मानवाधिकार कहने को तो हर मनुष्य के लिए हैं, लेकिन शायद कहने सुनने के लिए ही ज्यादा है, असल में या यर्थाथ के धरातल पर ये अधिकार खरे नहीं उतरते। अधिकतर अधिकार या नियम औरतों पर वैसे क्यों लागू नहीं होते जैसे पुरुषों पर होते हैं। मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा जो 10 दिसंबर 1948 को की गई। इसे नए संयुक्त राष्ट्र की पहली और महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक माना जाता है।



भारत में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एक स्वतंत्र विधिक संस्था है इसकी स्थापना 12 अक्तूबर 1993 को हुई थी। यह आयोग देश में मानवाधिकारों का प्रहरी है इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। यह संस्थान मानव अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने की दिशा में काम करती हैं, ताकि लोगों को उनके अधिकारों के बारे में अच्छी जानकारी मिल सके।

मानवाधिकार सभी के लिए है, क्योंकि इसमें एक शब्द इंसान का प्रयोग किया गया है, जिससे पता चलता है उसमें महिलाएं भी शामिल है। हालांकि कई बार महिलाओं की स्थिति में बात पलट दी जाती है सारे अधिकार उनको नहीं दिए जाते। लिंग आधारित हिंसा जो लगभग हर समाज में व्याप्त है एक और उदाहरण है जिसमें राज्य महिलाओं को अमानवीय या अपमानजनक व्यवहार से बचने के उनके अधिकार के उल्लंघन से बचाने में असफल रहा है, हालांकि समय-समय पर इसके बारे में आंकड़े भी इकट्ठा किए जाते हैं और उनके आधार पर नए कानून भी बनाए जाते हैं, लेकिन फिर भी मानवाधिकार के अनुसार उनको वह सब अधिकार नहीं मिले, जो एक इंसान होने के नाते महिलाओं को भी मिले होने चाहिए थे। हालांकि संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के साथ ही महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करने के प्रयास किए गए, परंतु इतने प्रयासों के बाद हिंसा के मामलों में कोई कमी नहीं आई। हां इसका स्वरूप जरूर बदलकर पहले से ज्यादा भयावह हो गया है। जिसके लिए चिंतित होना अवश्यंभावी है और चिंतन करना स्वभाविक। इसमें मैं एक उदाहरण और जोड़ना चाहूंगी युद्ध हमेशा से ही आदमियों के बीच लड़े जाते रहे हैं।

मारे भी आदमी ही जाते रहे हैं, परंतु उसके परिणाम को हमेशा से ही औरतों को ही भुगतना पड़ा है। चाहे वह योद्धा पिता हो,पति हो, भाई हो, पुत्र हो जीतने वाले देश का वासी हो या हारने वाले देश का वासी हो। उनका वियोग या उनकी अनुपस्थिति को औरतों के द्वारा ही सहा जाता रहा है, सामाजिक रूप से भी आर्थिक रूप से भी। इसलिए युद्ध हमेशा से ही औरतों को डराता आया है। आज के संदर्भ में जब हर क्षेत्र में औरतें बड़ी शिद्दत से ,समझदारी से, अच्छे तरीके से अपना काम कर रही हैं। अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही हैं तो यह सारे समाज का ,विधिक संस्थाओं का दायित्व बनता है कि वह स्त्री को किसी भी तरह से उसके मानवाधिकारों से वंचित न करें। अब महिलाओं को चाहिए कि वह बदलते स्वरूप के साथ खुद को ओर भी सशक्त व मजबूत बनाएं ताकि वह किसी पुरुष की हवस का शिकार न बन सके । किसी भी तरह से उनके झांसे में न आ सके। यह तभी संभव होगा, जब वह अपने आप को अबला नहीं सबला समझेंगी।
वक्त की मारी अबला नहीं हूं नारी मैं
अब बन गई सबला हूं सब पर भारी मैं

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# महिला केंद्रित कानूनों का दुरुपयोग बना चिंता का विषय

भारत एक लोकतांत्रिक और संवैधानिक राष्ट्र है जहां हर नागरिक को समान अधिकार और न्याय पाने की गारंटी दी गई है। विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण कानून बनाए गए हैं। दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, भारतीय दंड संहिता की धारा 498 तथा यौन उत्पीड़न के विरुद्ध प्रावधान जैसे कानूनों ने महिलाओं को न्याय दिलाने में एक बड़ी भूमिका निभाई है, परंतु बीते कुछ वर्षों में इन कानूनों के दुरुपयोग की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिससे समाज और न्याय व्यवस्था दोनों में असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। विभिन्न रिपोर्टों और अदालती टिप्पणियों में यह पाया गया है कि कुछ महिलाओं ने कानूनों का उपयोग हथियार की तरह किया है।



लेखक : अभिषेक शर्मा
जोगिंद्रनगर

दहेज उत्पीड़न या यौन उत्पीड़न जैसी गंभीर धाराओं का सहारा लेकर उन्होंने अपने पति, ससुराल वालों, या किसी अन्य पुरुष के खिलाफ झूठे आरोप लगाए हैं। ऐसे झूठे आरोपों के चलते निर्दोष लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया, उन्हें सामाजिक और मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा और कई बार नौकरी या व्यवसाय तक छिन गया। इस प्रकार की शिकायतें न केवल न्यायिक संसाधनों को व्यर्थ करती हैं, बल्कि वास्तविक पीड़ित महिलाओं के मामलों की गंभीरता को भी कम कर देती हैं। जब झूठे मामले सामने आते हैं तो समाज में एक नकारात्मक धारणा बनती है, जिससे सचमुच की पीड़ित महिलाओं की आवाज भी कमजोर पड़ सकती है।

भारतीय दंड संहिता की धारा 498 को मूलतः महिलाओं को दहेज उत्पीड़न और मानसिक यातना से बचाने के लिए बनाया गया था। परंतु कई मामलों में इसका इस्तेमाल पति और उसके परिवार को प्रताड़ित करने के लिए किया गया है। अदालतों ने पाया है कि शिकायतकर्ता महिलाओं ने अपने वैवाहिक विवादों को हल करने के बजाय कानून का सहारा लेकर पूरे ससुराल पक्ष को एक झटके में आरोपी बना दिया। घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम और दहेज निषेध अधिनियम का भी कई बार इसी तरह दुरुपयोग किया गया है। बलात्कार के झूठे आरोपों के मामले भी सामने आए हैं, जिनमें बाद में जांच में पाया गया कि आरोप तथ्यहीन थे और निजी बदले या ब्लैकमेलिंग के उद्देश्य से लगाए गए थे। सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न उच्च न्यायालयों ने भी महिला-केंद्रित कानूनों के दुरुपयोग पर गंभीर चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा था कि धारा 498 का दुरुपयोग 'कानूनी आतंकवाद' के रूप में हो रहा है।



अदालत ने पुलिस को आदेश दिया था कि ऐसे मामलों में बिना प्राथमिक जांच के गिरफ्तारी से बचें और परिवार के सदस्यों को तुरंत आरोपी न ठहराएं। अदालतों ने यह स्पष्ट किया है कि कानून का उद्देश्य न्याय देना है। इस चुनौती से निपटने के लिए हमें कानूनों में संतुलन और सुधार की दिशा में कार्य करना होगा। सबसे पहला कदम यह होना चाहिए कि झूठी शिकायतों के मामलों की सख्ती से जांच की जाए और दोषी पाए जाने पर शिकायतकर्ता के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इससे ऐसे लोगों को एक स्पष्ट संदेश मिलेगा कि कानून का गलत प्रयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूसरा आवश्यक कदम पुलिस और न्यायिक प्रणाली में सुधार का है। जांच अधिकारियों को निष्पक्षता, संवेदनशीलता और विवेकपूर्ण ढंग से मामलों की जांच के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। साथ ही, अदालतों में ऐसे मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों की व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि निर्दोष लोग लंबे समय तक कानूनी पचड़े में न फंसें।

तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण कदम है-कानूनी साक्षरता। महिलाओं को उनके अधिकारों के साथ-साथ उनकी कानूनी जिम्मेदारियों के बारे में भी जानकारी दी जानी चाहिए। महिलाओं को यह समझाने की जरूरत है कि यदि वे कानून का दुरुपयोग करती हैं, तो इसका सीधा असर उन महिलाओं पर पड़ता है जिन्हें वास्तव में इन कानूनों की आवश्यकता होती है। भारत में महिला सशक्तिकरण की दिशा में कानूनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, इसलिए अब समय आ गया है कि हम महिला सुरक्षा के नाम पर कानूनों को एकतरफा न मानें, बल्कि यह सुनिश्चित करें कि कोई भी कानून किसी निर्दोष को सजा न दे। महिला और पुरुष दोनों को न्याय मिलना चाहिए-तभी एक न्यायपूर्ण और समान समाज का निर्माण संभव है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सुरगणी माता मंदिर तक सड़क की सौगात

## कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने किया उद्घाटन, ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों व फूल मालाओं से किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर**

**जोगिंदरनगर** उपमंडल की तरंबली पंचायत के अंतर्गत ड्रघ से चलोटी गांव होते हुए सुरगणी माता मंदिर तक जाने वाली सड़क और मंदिर प्रांगण का उद्घाटन रविवार को किया गया। इस विशेष अवसर पर पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच फूल मालाएं पहनाकर और पारंपरिक शाल व टोपी भेंट कर जीवन ठाकुर का भव्य स्वागत किया। इस आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण, पंचायती राज प्रतिनिधि, महिला मंडल की सदस्याएं, युवक मंडल, बुजुर्ग और युवा शामिल हुए। पूरा क्षेत्र उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। सुरगणी माता मंदिर के प्रांगण को विशेष रूप से सजाया गया था और स्थानीय बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।


सुरगणी माता मंदिर तक जाने वाली सड़क का उद्घाटन करते कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर।

जीवन ठाकुर ने कहा कि यह सड़क सीएम सुक्खु की विशेष सौगात है, जिसे उन्होंने अपने पिछले जोगिंदरनगर दौरे के दौरान ग्रामीण सड़क योजना के तहत स्वीकृत किया था। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 5 लाख रुपये की बजट राशि मंजूर की गई थी और अब वह दिन आ गया है जब इस सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है और जनता को समर्पित किया जा रहा है। जीवन ठाकुर ने कहा कि यह सड़क न केवल ड्रघ और चलोटी गांवों को जोड़ती है, बल्कि यह धार्मिक आस्था के केंद्र सुरगणी माता मंदिर तक सीधी पहुंच भी सुनिश्चित करती है। इससे श्रद्धालुओं, पर्यटकों और स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। यह मार्ग अब क्षेत्रीय विकास को नई दिशा देगा।

कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु और जीवन ठाकुर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लोग इस सड़क की मांग कर रहे थे, जो अब पूरी हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार और जनप्रतिनिधियों से ऐसे ही सहयोग भविष्य में भी मिलता रहेगा।

# चड़याणा स्कूल के बच्चों ने खाई नशे के खात्मे की सौगंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी शहर के गांव चड़याणा में राजकीय माध्यमिक पाठशाला के बच्चों ने समाज से नशे के खात्मे की सौगंध खाई, साथ ही जीवन में कभी नशा न करने का भी संकल्प लिया। इसके साथ साथ बच्चों ने नशे के दुष्प्रभावों पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भी भाग लिया तथा बेहद आकर्षक पोस्टर तैयार करके नशे से होने वाले नुकसानों के प्रति भी खबरदार किया। इस मौके पर मंडी नगर निगम के वार्ड नंबर चार नेला के पार्षद राजेंद्र मोहन ने मुख्य मेहमान के तौर पर भाग लिया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंडी से प्रवक्ता राकेश, समन्वयक बलबीर ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान दीपक जो थियेटर कलाकार हैं के साथ साथ डीईएलडी के विद्यार्थियों और अध्यापकगणों ने भी इसमें भाग लिया व बच्चों को नशे के प्रति जागरूक किया। पाठशाला की मुख्य अध्यापिका मोनिका चोपड़ा ने बच्चों, अध्यापकों व गांववासियों को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताया व एक रैली भी गांव में निकाली। गांव में इस संबंध में पोस्टर भी लगाए। बच्चों को सौगंध भी दिलाई गई कि न तो वह कभी खुद नशा करेंगे न किसी और नशा करने वालों के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे।

# सीएसआईआर-सीबीआरआई रुड़की से करवाएं डंगों व पुल की गुणवत्ता की जांच

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**सामाजिक** कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज व केंद्रीय लोक निर्माण विभाग से चीफ एस्टीमेटर पद से सेवानिवृत्त पुरुषोत्तम दास सकलानी ने सरकार से गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा बनाए गए डंगे, सुरक्षा दीवारें व चोलथरा-पाड्डछू पुल की गुणवत्ता की जांच सीएसआईआर-सीबीआरआई रुड़की से करवाने के लिए उपमंडलाधिकारी सरकाघाट के माध्यम से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन भेजा है।

अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों में प्रधान अमी चंद, महासचिव रणजीत सिंह, मुख्य संरक्षक हरीदास प्रजापति, चोलथरा ग्राम पंचायत प्रधान मेहर चन्द गारला, चोलथरा व्यापार मंडल के प्रधान बिहारी लाल, पूर्व जिला परिषद



**केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को भेजा ज्ञापन**

सदस्य भूपिंद्र सिंह आदि लोगों ने 150 से भी ज्यादा हस्ताक्षर अभियान चला कर, इसका समर्थन किया है।

भारद्वाज ने उस नियम में भी संशोधन करने की मांग की, जिसके मुताबिक बायपास बनाते समय, छूटी हुई सड़क को सड़क परिवहन मंत्रालय ततकाल लोक निर्माण विभाग को नहीं सौंप सकते जब तक, पूरा प्रोजेक्ट तैयार नहीं हो जाता।

## न्यूज ब्रीफ

### सरानाहुली मेला पराशर 13-14 जून को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिले की उत्तराशाल पर्वतमाला की गोद में समुद्रतल से 9 हजार फीट की उंचाई पर स्थित अद्भुत सौंदर्य की प्रतीक व ऐतिहासिक धरोहर पराशर झील एवं मंदिर परिसर में इस बार सरानाहुली मेला 13 व 14 जून को होगा। मंदिर कमेटी के प्रधान बलबीर सिंह ठाकुर व गूर पुजारी अमर चंद ठाकुर ने बताया कि मेले की सभी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। पराशर के लिए कुल्लू, मंडी व अन्य जगहों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अब चौतरफा सड़कें बन चुकी हैं। मंडी से वाया कटौला बागी, हणोगी से बांधी पराशर, बजौरा कांढा से उतरशाल पर्वत माला होकर तथा पनारसा से प्रेम नगर ज्वालापुर होकर तथा माता तुंगा भगवती होकर भी सड़कें बन चुकी हैं। श्रद्धालु कहीं से भी कुदरती सौंदर्य को निहारते हुए पराशर पहुंच सकते हैं। उन्होंने बताया कि उतरशाल, बदार, स्नोर व रोपा चैहटीगढ़ से लगभग 3 दर्जन से अधिक देवी देवता इस मेले में आएंगे तथा भव्य देवसमागम का नजारा हर साल इस दिन होता है।

### नशेड़ियों को नहीं डर, सरेआम निकाल रहे भांग

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** नशेड़ियों को अब घनी आबादी के बीच में भी सरेआम आजकल उगी फैली भांग को भी बेखौफ हालत में मलते देखा जा सकता है जो युवाओं में बढ़ती नशाखोरी के चस्के का सीधा-सीधा पोषण करना है। ऐसी बुरी स्थिति में सामाजिक तौर पर प्रतिकूल असर पड़ना स्वाभाविक सी बात है और युवा पीढ़ी इत्यादि का जीवन खोखला बनाने वाले एवं बुरी संगति को बढ़ावा देने वाले ऐसे नशेड़ियों की धरपकड़ के लिए ग्राम पंचायत को सक्रीय भागीदारी निभाने की मांग लंबी हो चली है और कहीं न कहीं बरती जा रही नरमी के चलते नशेड़ी लोग इसका नाजायज फायदा उठा रहे हैं । बता दें कि जहां तक शिवरात्रि पर्व का सवाल है तो इस पर्व पर भी नशेड़ी भांग को प्रसाद बताकर इसका अलग-अलग तरीके से सेवन करते हैं और इस धार्मिक पर्व को बदनाम करने से जरा भी गुरेज नहीं करते। लोगों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि शीघ्र ही भंगड़ नशेड़ियों की धरपकड़ तेज कर भांग उखाड़ो अभियान चलाने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

### शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 4 को चैलचौक में

**अनंत ज्ञान, मंडी।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 4 जून को चैलचौक में अभिलाषी यूनिवर्सिटी के छठे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार वे 3 जून को सायं सुंदरनगर पहुंचेंगे तथा 4 जून को समारोह के उपरांत दोपहर बाद शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

### छात्रों ने दिए नशा मुक्त भारत के संदेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** वैदिक पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, शानन में विश्व तंबाकू निषेध दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे पोस्टर बनाकर तंबाकू के दुष्परिणामों को दर्शाया और विद्यालय परिसर से एक जनजागरूकता रैली निकाली, जिसमें उन्होंने आम जनता को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने 'हम सबका है यही सपना, नशा मुक्त हो देश अपना' जैसे प्रभावशाली नारों वाले पोस्टरों के साथ रैली में भाग लिया और राहगीरों को तंबाकू के नुकसान के बारे में जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्य  कंचन ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू एक धीमा ज़हर है। इससे दूरी बनाकर ही हम एक स्वस्थ और उन्नत समाज की ओर अग्रसर हो सकते हैं। छात्रों की यह पहल अत्यंत सराहनीय है और इससे उनमें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास होता है।

### तनिहार के हियुन में कुश्ती 4 जून को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और खेल भावना को बढ़ावा देने को लेकर धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की तनिहार पंचायत के हियुन ग्राम में माता पंजपीरी कमेटी द्वारा  कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 4 जून को किया जा रहा है। ग्राम पंचायत तनिहार के उप प्रधान और कमेटी के प्रेस सचिव पवन स्टालियन ने बताया कि इस विशाल छिंज में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली और प्रदेश के कई नामी गिरामी पहलवान भाग लेंगे  उन्होंने क्षेत्र के सभी स्वयंसेवी संगठन, महिला मंडल, युवक मंडल, तथा कुश्ती प्रेमी पहलवानों से सादर अनुरोध किया है कि वे भारी संख्या में उपस्थित होकर इस आयोजन की शोभा बढ़ाएं तथा छिंज का भरपूर आनंद लें।

### अनवी सिंह ने जिलाभर में पाया प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हाल ही में प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आलोक भारती विद्यालय कोटली में पढ़ने वाली सरकाघाट के मसेरन की बेटी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय की छात्रा अनवी सिंह ने 693 अंक (99 प्रतिशत) लेकर मेरिट में चौथा तथा जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है। विद्यालय की शिक्षा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ठाकुर हरि सिंह, प्रधानाचार्य विक्रम राठौर तथा समस्त विद्यालय स्टाफ ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर छात्रा को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अन्वी सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और स्कूल के संपूर्ण शिक्षण वातावरण को दिया। अनवी ने बताया कि उसके माता-पिता शिक्षक हैं। पिता मुख्य अध्यापक और माता जेबीटी हैं। विद्यालय के अध्यापक वर्ग ने बताया कि अन्वी शुरू से ही मेहनती, अनुशासित और शिक्षा के प्रति समर्पित रही हैं।

# प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा पहुंची जोगिंद्रनगर

## शहर के प्रवेश द्वार पर पुष्प वर्षा व वैदिक मंत्रोचारण के साथ हुआ स्वागत

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंदरनगर।** भगवान श्रीसत्य साईं बाबा की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में निकाली जा रही 'प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा' रविवार को आध्यात्मिक भव्यता और श्रद्धा के साथ जोगिंद्रनगर पहुंची। नगरवासियों ने पुष्प वर्षा और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भक्ति, उत्साह और सेवा भाव से दिव्य रथ यात्रा का स्वागत किया। रथ यात्रा के नगर में आगमन पर नगर में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीसत्य साईं सेवा समिति जोगिंदर नगर यूनिट सहित नगर के अनेक धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने श्रद्धा के साथ भागीदारी निभाई।

रथ यात्रा के जोगिंद्रनगर पहुंचने पर सबसे पहले प्रेम प्रवाहिनी कुल्लू ने आधिकारिक तौर पर प्रेम प्रवाहिनी पालमपुर जोन को यात्रा की जिम्मेवारी सौंपी। वैदिक मंत्रोचारण के बीच कर्पूर आरती उतार कर रथ यात्रा का विधिवत स्वागत किया। यात्रा नगर के मुख्य बाजारों से होती हुई रामलीला मैदान पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीसत्य साईं बाबा के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



### आज नगर भ्रमण करेगी रथ यात्रा: गीतू सूद

**गीतू** सूद ने बताया कि 2 जून सोमवार को प्रातः प्रभात फेरी निकाली जाएगी, उसके उपरांत 9 बजे बाबा की आरती की जाएगी। सुबह 10 बजे रथ यात्रा नगर भ्रमण के लिए रवाना होगी जो गरोड़ू मार्ग से होकर पूरे नगर का भ्रमण करेगी। इसके पश्चात यह यात्रा रामकृष्ण आश्रम लदरुही पहुंचेगी, जहां इसे औपचारिक रूप से साई सेवा समिति बीड़ को सौंपा जाएगा।

# जोगिंद्रनगर में रोटरी क्लब लाएगा डिजिटल शिक्षा की क्रांति, सरकारी स्कूलों में ई-लर्निंग प्रोजेक्ट शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**समाजसेवा** में अग्रणी रोटरी क्लब अब शिक्षा के क्षेत्र में भी डिजिटल क्रांति की ओर कदम बढ़ा चुका है। रोटरी क्लब द्वारा उपमंडल जोगिंद्रनगर की सरकारी पाठशालाओं में ई-लर्निंग कक्षाओं को शुरू करने की दिशा में पायलट प्रोजेक्ट धरातल पर उतारे जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय रोटरी क्लब से इस योजना को स्वीकृति भी मिल चुकी है।

राजकीय प्राथमिक पाठशाला बनाई (शिक्षा खंड द्रंग प्रथम) में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर और चार्टर अध्यक्ष रणजीत कटोच ने जानकारी दी कि लडभड़ोल के भराड़पट्ट और जोगिंद्रनगर के ऐहजू की

**भराड़पट्ट और ऐहजू पाठशालाओं में शुरू हो गए दो ई-लर्निंग प्रोजेक्ट**

**रोटरी क्लब के प्रयासों की हो रही सराहना**

पाठशालाओं में दो ई-लर्निंग प्रोजेक्ट पहले ही शुरू हो चुके हैं। अब योजना है कि ग्रामीण क्षेत्रों के अन्य सरकारी स्कूलों में भी यह पहल शुरू की जाए।

रोटरी क्लब के सचिव सुशील पठानिया, रोटेरियन पीसी मंहत और ज्ञान चंद बरवाल ने बताया कि यह प्रोजेक्ट विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल शिक्षा से जोड़ने और उसे सरल बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के 17 विद्यार्थियों को बैग, किताबें और कलर पैन भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। मुख्य शिक्षिका रंजना कटोच, अध्यापिका अनिता शर्मा और एसएमसी अध्यक्ष रीता देवी ने रोटरी क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाएगा। वहीं, अभिभावकों राजकुमार, सपना, गुड्डी, भूप सिंह, नीलमा और अनुपमा ने भी कहा कि रोटरी क्लब की यह पहल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की राह आसान करेगी।

# रिवालसर में गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर लगाई छबील



**गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**रिवालसर।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु गोबिंद सिंह महाराज रिवालसर साहिब में श्री गुरु सिंह सभा गुरूद्वारा साहिब प्रबंधक कमेटी ऐतिहासिक गुरुद्वारा रिवालसर साहिब गुरुकोठा साहिब श्री गुरु सिंह सभा गुरूद्वारा साहिब नेर चौक व गुरुद्वारा साहिब के स्टाफ की ओर से अर्जुन देव के शहीदी दिवस को समर्पित छबील लगाई गई। छबील में चने प्रसाद व ठंडे मीठा जल बरताया गया। यह जानकारी सचिव मनप्रीत सिंह ने दी।

इस मौके पर सश्गुरमीत सिंह चेयरमैन,प्रधान स. सरदारा सिंह, सचिव मनप्रीत सिंह, स. जसवंत सिंह उप प्रधान,सुरेंद्र सिंह कैशियर मुख्य सलाहकार स. निर्मल सिंह, मैनेजर जसपाल सिंह, हैड ग्रंथी भाई गुरबचन सिंह, कृष्ण सिंह व अन्य सेवादार शामिल रहे।

# फिट फॉर इंडिया साइकिल ड्राइव में डीएवी मंडी के छात्रों ने दिखाया जोश और जज्बा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**डीएवी** सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के तत्वावधान में रविवार को खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत 'फिट फॉर इंडिया साइकिल ड्राइव' का सुबह 6 बजे से 8 बजे तक भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि दिनेश कुमार डीएसपी, मंडी व स्कूल प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया उपस्थित रहे। इसके बाद साइकिल ड्राइव का विधिवत शुभारंभ हुआ। यह ड्राइव विद्यालय प्रांगण से शुरू होकर विक्टोरिया बृज, भीमकाली मंदिर, बस स्टैंड मंडी से होते हुए सेरी बाजार मंडी तक संपन्न हुई। अभियान में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के कुल 48 विद्यार्थियों ने जोश, अनुशासन और ऊर्जा के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों की सुरक्षा को


साइकिल रैली में भाग लेते हुए डीएवी मंडी के विद्यार्थी।

प्राथमिकता देते हुए विद्यालय प्रशासन ने ड्राइव के विभिन्न पड़ावों पर शिक्षकों की टीमों को तैनात किया, जिन्होंने मार्गदर्शन व निगरानी करते हुए सुनिश्चित किया कि सभी छात्र सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।

मुख्यातिथि दिनेश कुमार ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। फिट इंडिया जैसे अभियानों से विद्यार्थी न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी सजग और अनुशासित बनते हैं।

प्रधानाचार्य ने कहा कि डीएवी स्कूल का यह प्रयास विद्यार्थियों को खेलों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। विद्यालय भविष्य में भी ऐसे आयोजनों द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहेगा।

# शहीद हवलदार जोगिंद्र सिंह को किया याद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल के शहीद हवलदार जोगिंदर सिंह का शहीदी दिवस उनके पैतृक गांव हरलोट ग्राम पंचायत बसंतपुर में मनाया गया। शहीदी दिवस पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निरीक्षक बलबीर सिंह व पुलिस थाना सरकाघाट के सहायक उप निरक्षक मनोज कुमार, उप निरक्षक विजय कुमार, जवान विनोद कुमार द्वारा उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सलामी दी गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बसंतपुर के उप प्रधान संजय कुमार, बीडीसी सदस्य विजय कुमार व पूर्व उप प्रधान राजकुमार और शहीद के परिवार के सदस्य और ग्रामवासियों ने पुष्प अर्पित कर उनकी वीरता को याद किया। जोगिंदर सिंह सीआरपीएफ में कार्यरत थे व 1 जून, 2006 को माओवादियों के आईडी ब्लास्ट से वीरगति को प्राप्त हो गए हुए थे।

# डेंटल छात्रों ने सुंदरनगर झील से कॉलेज परिसर तक निकाली जागरूकता रैली

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**डेंटल कॉलेज सुंदरनगर में मनाया तंबाकू निषेध दिवस**

**सुंदरनगर।** हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहर में सुबह एक जन जागरूकता रैली के साथ हुई, जो सुंदरनगर झील से कॉलेज परिसर तक निकाली गई। इस रैली में कॉलेज के डेंटल छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नारे लगाकर आमजन को तंबाकू के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

रैली में विशेष रूप से सुंदरनगर के एसडीएम अमर नेगी ने सहभागिता कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया और इस मुहिम को समर्थन प्रदान किया। रैली के बाद कॉलेज के प्रांगण में एक शैक्षिक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह ने तंबाकू के सेवन से मसूड़ों, दांतों तथा मौखिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर व्याख्यान दिया। जिससे छात्रों में इस विषय को लेकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण व जागरूकता उत्पन्न हुई। कार्यक्रम का समापन एक ऑनलाइन पैनल डिस्कशन के माध्यम से हुआ, जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ वक्ताओं ने भाग लिया इस पैनल में पीजीआई चंडीगढ़ के डॉ. निशांत मेहता, कनाडा से डॉ. सुमेधा कुशवाहा, इंग्लैंड से डॉ. बाला भार्गव प्रथम, जिला तंबाकू व नारकोटिक्स नियंत्रण अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर और मेरठ से डॉ. श्वेता मौजूद रहे। इन सभी विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा करते हुए तंबाकू निषेध से जुड़ी रणनीतियों, नीतियों व वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में छात्रों द्वारा पूछे गए सवालों का सटीक व वैज्ञानिक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

# इस वित्त वर्ष में 25 लाख का कारोबार करने का रखा लक्ष्य

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** किसान उत्पादक सहकारी सभा-एफ़पीओ द्वारा वर्तमान वित्तवर्ष के लिए अपना व्यवसायिक प्लान धर्मपुर में आयोजित बैठक में तैयार किया है। प्रोसेसिंग सेंटरों की समन्वय समिति की बैठक प्रभारी रजनी सकलानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें वर्किंग कमेटी के नवनिर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. हरदयाल सिंह गुलेरिया ने सेंटरों के संचालन के लिए जरूरी शर्तों बारे जानकारी दी और उनको अगले एक महीने में पूर्ण करने के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि एफ़पीओ द्वारा छह सेंटरों को एफएसएसएआई प्रमाण पत्र खड्य सुरक्षा अधिनियम की शर्तों के तहत उपलब्ध करवाए हैं जो अपने आप में बड़ी उपलब्धि है लेकिन अब इन्हें निरंतर कोई न कोई उत्पाद बनाने की योजना तैयार करनी होगी। सेंटरों में इस साल अलग अलग उत्पाद बनाने की योजना तैयार की। वहीं संधोल में हल्दी का अचार व अन्य उत्पादों को तैयार करके बिक्री किया जायेगा। इसके अलावा डिडणु में आम का अमचूर पाउडर तथा बिंगा में फ्रूट कलेक्शन, ग्रेडिंग और पैकेजिंग सेंटर स्थापित किया जायेगा। इन सभी सेंटरों के माध्यम से वर्तमान वित्त वर्ष में 25 लाख रुपए का कारोबार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। एफ़पीओ के सचिव भूपेंद्र ने बताया कि इस वर्ष प्रोसेसिंग सेंटरों के माध्यम से तैयार किए जा रहे उत्पादों की एक समान पैकिंग करने व मार्केटिंग कार्य को व्यवस्थित तरीके से करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# बेसहारा पशुओं ने घेरा फोरलेन


कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर लगा बेसहारा पशुओं का जमावड़ा।

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर बिलासपुर के एक बड़े भाग में बेसहारा पशुओं के जमावड़े से न केवल लोगों की फसलों को नुकसान हो रहा है, बल्कि हादसे भी हो रहे हैं। कभी ये पशु इंसानों पर हमला कर देते हैं, तो कभी इन्हें बचाने के प्रयास में वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है। इन बेसहारा पशुओं की वजह से वाहन चालकों-राहगीरों-किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति गंभीर होती जा रही है और संबंधित विभाग तथा गाय की रक्षा को लेकर बड़ी-बड़ी बातें करने वाली सरकारें इन पशु नियंत्रण को लेकर असफल रही है, जो इस दिशा में अभी तक कोई ठोस उपाय नहीं कर पाई है, जिससे यातायात में फंसने वाले लोगों सहित अन्य कई क्षेत्रों में जुड़े लोग इस उदासीन रवैए से बेहद नाराज व गुस्से में है।

लोगों ने प्रदेश की सुक्खू सरकार व केंद्र से इस संबंध में शीघ्र ही साझी रणनीति बनाकर बेसहारा पशु समस्या दूर करने की मांग की है।

# धर्मपुर में नशे के खिलाफ दौड़ 11 को: भूप्पी

## दौड़ में 18 व 16 वर्ष आयु वर्ग के लड़के व लड़कियां ले सकते हैं भाग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**धर्मपुर** में नशे के खिलाफ 11 जून को रोड रन आयोजित की जाएगी। आयोजन सबंधी तैयारियों के लिए धर्मपुर महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय एथलेटिकस कोच एवं नशा मुक्ति अभियान खंड कमेटी के अध्यक्ष भूपिंद्र भूप्पी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।



धर्मपुर में नशे के खिलाफ दौड़ को लेकर आयोजित बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

इसमें इस प्रतियोगिता के नियमों व नकद इनाम की भी घोषणा की है। इस दौड़ में 18 व 16 वर्ष आयु वर्ग के लड़के व लड़कियां भाग ले सकते हैं। पहले पांच स्थानों तक आने वाले सभी वर्गों के विजेताओं को नगद ईनाम भी दिए जाएंगे। दौड़ सवेरे ठीक आठ बजे शुरू होग। इस दौड़ में 18 वर्ष वालों को चार किलोमीटर व 16 वर्ष आयु वर्ग में दो किलोमीटर की दौड़ होगी। जूनियर के सभी वर्गों को अपना असली जन्म प्रणाम पत्र या स्कूल का असली प्रणाम पत्र दिखाना होगा। धर्मपुर नशा मुक्ति समिति के साथ स्थानीय प्रबंधन के लिए मंडी साक्षरता समिति, हिमाचल वैटरन इंडिया संघ व व्यपार मंडल व स्थानीय जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। प्रशासन, पुलिस व अन्य विभागों को भी दौड़ के सफल आयोजन के लिए निवेदन किया गया है। इस बैठक में धर्मपुर के सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र सकलनी, पूर्व प्रधानाचार्य रुपलाल, न्यू विंव पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य मैडम विमला, पूर्व उपनिदेशक स्वस्थ्य आई वी वर्मा, डीपीएस व विद्या मंदिर स्कूल के प्रतिनिधि, ज्ञान विज्ञानं समित की, सचिव सुनिता विष्ट, ज्ञान विज्ञान समिति की कंचना एफपीओ की शोमा, सपना आदि मौजूद रहे।

**सफलता** महिलाएं बदाणा, बड़ियां व बुनाई करके नियमित आय अर्जित कर अपनी आर्थिक कर रही मजबूत

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा नवज्योति स्वयं सहायता समूह

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का लाभ अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। विशेषकर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका उल्लेखनीय रही है। ऐसा ही एक प्रेरणादायक उदाहरण है ग्राम पंचायत गौड़ा-गागल के सिहन गांव का नवज्योति स्वयं सहायता समूह। इस समूह की महिलाएं घरेलू उत्पाद तैयार कर न केवल अपने परिवार का सहारा बन रही हैं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक मिसाल भी पेश कर रही हैं।

समूह की महिलाएं बदाणा, बड़ियां व बुनाई, सिलाई-कढ़ाई, कुमकुम उत्पादन जैसी पारंपरिक और स्थानीय गतिविधियों में दक्ष हैं। इन कार्यों के माध्यम से नियमित आय अर्जित कर अपनी आर्थिक मजबूत कर रही हैं।

इस समूह की प्रधान माधुरी गुप्ता स्वयं एक प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने महिलाओं को संगठित किया, उन्हें प्रशिक्षण दिलवाया और आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई। उनका कहना है कि शुरुआत में बहुत सी महिलाओं को संकोच था, लेकिन जब उन्हें यह समझ में आया कि थोड़ी मेहनत और सीख से वे खुद को और अपने परिवार को आगे बढ़ा सकती हैं, तो उन्होंने पूरे मन से कार्य करना शुरू किया। आज हम गर्व से कह सकते हैं कि हम किसी पर निर्भर नहीं हैं। उन्होंने बताया कि सरस मेलों के दौरान उनके उत्पाद शिमला, बिलासपुर, हमीरपुर, चंडीगढ़, देहरादून तक अच्छे दामों में बिके। उनके बनाए बदाणा-सेपू बड़ी की मांग शिमला में प्रदेश सचिवालय, कांगड़ा व कुल्लू तक है।

### महिलाएं हर माह कमा रही 10 से 12 हजार

**समूह** की सचिव नवीन लता गुप्ता ने सीएम सुक्खू का आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग एवं मार्गदर्शन से हम जैसी महिलाओं को छोटे-छोटे कार्यों से घर बैठे रोजगार मिला है। इससे हम आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ी हैं। प्रत्येक महिला 10 से 12 हजार रुपए की मासिक आय प्राप्त कर रही है।


नवज्योति स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कचालू की बड़ियों को सुखाती हुईं।

### सर्वश्रेष्ठ समूह का मिला पुरस्कार

**मधु** गुप्ता ने बताया कि समूह की सदस्यों के अलावा उन्होंने गांव की अन्य महिलाओं को भी कार्य दिया है। सिलाई-कुाई इत्यादि के लिए उन्हें मशीनें भी दी हैं। उनके समूह को सर्वश्रेष्ठ समूह के पुरस्कार के रूप में 15 हजार रुपए मिल चुके हैं।

### ग्रामीण विकास की पेश की मिसाल

**नवज्योति** स्वयं सहायता समूह अब सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण की एक पहचान बन चुका है। गांव की अन्य महिलाएं भी इससे प्रेरित होकर ऐसे ही समूहों से जुड़ने की इच्छा जता रही हैं।

# अंदरौली में बनेगा वाटर स्पोर्ट्स हॉट स्पॉट

राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान


16.54 करोड़ के बनने वाले वाटर स्पोर्ट्स हॉट स्पॉट का उद्घाटन करते विधायक।

**बंगाणा।** कुटलैहड़ अब विश्व के पर्यटन मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। रविवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने अंदरौली में 16.54 करोड़ के पर्यटन हॉट स्पॉट का शिलान्यास किया। उन्होंने बड़े विजन के साथ बताया कि इस प्रोजेक्ट के पूरा होते ही कुटलैहड़ को गोवा जैसे पर्यटन स्थलों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इस परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए सरकार द्वारा 16 करोड़ रुपए का बजट तय किया गया है।

यह निवेश न केवल स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि इस परियोजना से सीधे तौर पर 22 पंचायतों को लाभ मिलेगा और करीब 500 युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा।

विवेक शर्मा ने कहा कि परियोजना के अंतर्गत न केवल भौतिक ढांचे का विकास होगा, बल्कि युवाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें पर्यटन उद्योग से जोड़ा जाएगा। विवेक शर्मा ने बताया कि इस क्षेत्र के युवाओं को पौंग डैम से विशेष रूप से बुलाए गए प्रशिक्षकों द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसमें वाटर स्पोर्ट्स, गाइडिंग, हॉस्पिटैलिटी और अन्य पर्यटन संबंधित सेवाएं शामिल होंगी। विवेक शर्मा ने अपने संबोधन में विशेष रूप से यह बात कही कि अंदरौली का पर्यटन हट हिमाचल प्रदेश का पहला ऐसा स्थल बनेगा जहां गोवा के बाद अब वाटर स्पोर्ट्स की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां पर पर्यटकों को बोटिंग, कयाकिंग, वाटर स्कींइग जैसी गतिविधियों का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा अत्याधुनिक कैफेटेरिया, रिसॉर्ट्स, पार्किंग, शौचालय, पर्यटक सूचना केंद्र और आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं भी मुहैया कराई जाएंगी।

विधायक विवेक शर्मा का यह दावा किया कि यह पर्यटन हार्ट कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर एक नई पहचान देगा। एक बार परियोजना पूरी हो जाने के बाद विदेशी पर्यटक भी यहां का रुख करेंगे।

## क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगी परियोजना

अंदरौली की प्राकृतिक सुंदरता और नव विकसित सुविधाएं इसे एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन गंतव्य में तब्दील करेंगी। विवेक शर्मा ने कहा कि इस परियोजना से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय संस्कृति, हस्तशिल्प, व्यंजन और परंपराओं को भी एक नया मंच मिलेगा। स्थानीय लोग अपने घरों में होम-स्टे सेवाएं शुरू कर सकेंगे, जिससे उन्हें सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। साथ ही, यह परियोजना क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी सशक्त करेगा।

इस मौके पर जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार कश्यप, डीडीओ के एक वर्मा, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार,खंड बिकास अधिकारी सुशील कुमार, जल शक्ति एक्सीन राकेश कुमार, जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, राम आसरा शर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

## बुनियादी सुविधाओं को किया जाएगा बेहतर

विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ को पर्यटन परियोजना के अंतर्गत क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा। परिवहन ढांचे में सुधार से पर्यटकों को अंदरौली तक पहुंचना आसान होगा और यह स्थान सप्ताहांत पर्यटन के लिए एक आदर्श विकल्प बनकर उभरेगा। इस परियोजना को लेकर स्थानीय जनता में भी भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। युवाओं का कहना है कि यह पहल उन्हें अपने ही गांव में रोजगार और आत्मनिर्भरता का अवसर देगी।

## कुटलैहड़ ने विकास की नई दिशा की ओर बढ़ाया कदम

विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ के अंदरौली में पर्यटन हार्ट की आधारशिला के साथ ही कुटलैहड़ ने विकास की नई दिशा की ओर कदम बढ़ा दिया है। यह परियोजना न केवल हिमाचल प्रदेश के पर्यटन मानचित्र को समृद्ध करेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। विवेक की इस दूरदर्शी पहल से कुटलैहड़ निश्चित ही नए हिमाचल के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

# लोगों पर गिरा पेड़ एक बच्चे की मौत

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली उपमंडल के नंगल कलां में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। भंडारे की तैयारियों में जुटे लोगों पर पेड़ गिर गया जिसमें एक बच्चे की मौत हो गई जबकि एक बुजुर्ग घायल हो गया। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि अचानक पेड़ गिरने का कारण क्या रहा है। बीते रोज ही तेज तूफान भी आया था, जिसमें यह पेड़ क्यों नहीं गिरा था। हालांकि इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

अंतर्गत आने वाले गांव नंगल कलां के वार्ड नंबर-2 में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बाबा बालक नाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित भंडारे के लिए साफ-सफाई के दौरान अचानक एक पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में आकर 14 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतक की पहचान वंश पुत्र राकेश कुमार निवासी नंगल कलां वार्ड नंबर-2 के रूप में हुई है। वह अपने परिजनों व अन्य ग्रामीणों के साथ मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे की तैयारियों में जुटा हुआ था। इसी दौरान अचानक एक बड़ा पेड़ गिर पड़ा, जो सीधे वंश के सिर पर आ गिरा। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है।

# विधायक विवेक ने विधानसभा अध्यक्ष पठानिया को दिया पीपलू मेले का निमंत्रण

अनंत ज्ञान, बंगाणा

बंगाणा उपमंडल के जिला स्तरीय तीन दिवसीय पीपलू मेला इस बार का तीन दिवसीय जिला स्तरीय मेला भव्यता और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर होगा। इस मेले में प्रदेश के प्रमुख राजनीतिक व सांस्कृतिक हस्तियों की उपस्थिति इसे खास बनाने जा रही है। स्थानीय विधायक विवेक शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को विधिवत आमंत्रण दिया है। मेला 5 जून से 7 जून तक आयोजित होगा। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि मेले के पहले दिन यानी 5 जून को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। मेले के प्रथम दिन सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल के लोकप्रिय गायक अनुजा शर्मा एवं सुनील मस्ती अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे।

6 जून को मेले के दूसरे दिन विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया मुख्यातिथि के रूप में मेले की शोभा बढ़ाएंगे। युवा गायक गौरव कौंडल और कुमार साहिल अपने सुरों से समां बांधेंगे। स्थानीय जनता इस दिन कलाकारों की सहभागिता को लेकर काफी उत्साहित है। मेले के तीसरे व अंतिम दिन यानी 7 जून को इसका समापन कार्यक्रम होगा, जिसमें पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष व कैबिनेट रैंक मंत्री रघुबीर सिंह बाली मुख्य अतिथि होंगे।


विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया को निमंत्रण पत्र देते विवेक शर्मा।

समापन समारोह के अवसर पर भी स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला होगी। इसके अलावा प्रसिद्ध गायक राखी गौतम और रोहित वोहरा संगीत संध्या में प्रस्तुति देंगे, जो मेले के समापन को यादगार बना देंगे। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि पीपलू मेला न केवल एक सांस्कृतिक पर्व है, बल्कि यह जन संवाद और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है।

## पीपलू मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत

विवेक शर्मा ने बताया कि पीपलू मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संजोने का महत्वपूर्ण अवसर है और यह युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी काम करता है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में भाग लें और इसे सफल बनाने में सहयोग करें। तीन दिन तक चलने वाला यह मेला निश्चित ही क्षेत्रवासियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा, जिसमें उन्हें एक ओर प्रदेश की राजनीतिक हस्तियों से मिलने का अवसर मिलेगा तो दूसरी ओर सांस्कृतिक और मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रमों का आनंद भी।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि बंगाणा में आगामी 7 जून को आयोजित होने जा रही स्टार नाइट कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। यह सांस्कृतिक संध्या जिलेवासियों के लिए न मनोरंजन के साथ-साथ स्थानीय प्रतिभाओं को भी मंच देने का एक अनोखा अवसर लेकर आ रही है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पंजाबी संगीत जगत के प्रसिद्ध गायक कुलविंद्र बिल्ला होंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल प्रवक्ता संघ के महासचिव का स्वागत



**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा जसवालां में गणित विषय के प्रवक्ता संजीव कुमार को हाल ही में हुए हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ के चुनाव में महासचिव के पद पर चुने जाने पर स्कूल के समस्त सदस्यों ने हार्दिक बधाई दी व उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महासचिव संजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वे ऊना जिला के समस्त प्रवक्ताओं के आभारी हैं जिन्होंने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाने का प्रयत्न करेंगे व सभी को साथ लेकर चलेंगे। प्रवक्ताओं की समस्त समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। स्कूलों में शिक्षा के स्तर में सुधार हो इसके लिए वे सदा प्रयास रत रहेंगे। इस अवसर पर अरुणा राणा, सूरज हांडा, राकेश शर्मा, दिलेराम गुलेरिया, संदीप शर्मा, ठाकुर इंदुमाला, राजीव राणा, विनय ठाकुर, प्रिया ठाकुर मनोज ठाकुर, दविंद्र भाटिया, सुनीता कुमारी, दीपक गुलेरिया,नेहा मेहता, वंदना ठाकुर इत्यादि समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### माता-पिता की सेवा ही मानव का परम धर्म : गणेश दत्त

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बडूही।** चम्बोआ गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य गणेश दत्त ने कहा कि जीवन में विचारों का बहुत महत्व है। अच्छे विचार रखें और परमात्मा का भजन करते रहें। गणेश दत्त शास्त्री ने गौ माता सेवा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में गौ माता पर अत्याचार हो रहा है।गाय और माता-पिता की सेवा को उन्होंने मानव का परम धर्म बताया।उन्होंने क्रोध और सहनशीलता के बारे में भी समझाया कि धर्म और मर्यादा के लिए किया गया क्रोध पुण्य बन जाता है। गणेश शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया। उन्होंने देवकी वासुदेव की पीड़ा और कारावास की कठिनाइयों का जिगर किया।कंस की अत्याचारों का वर्णन सुनकर श्रोता भावुक हो गए। गणेश दत्त श्री कृष्ण के प्रसंग पर 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जय घोष से गूंज उठा। आचार्य ने अपनी सनातनी संस्कृति का मार्गदर्शन करते हुए अपने धर्म के प्रति निष्ठा रखने की प्रेरणा प्रदान की। भागवत कमेटी चम्बोआ के प्रधान सतपाल शर्मा, ओंकार दास शास्त्री, जय लाल शर्मा, पंकज शर्मा, मोहनलाल शर्मा, डा. रत्नचंद शर्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### रुद्रानंद आश्रम ने ऊना अस्पताल में की रात्रि लंगर व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, ऊना।** डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम की ओर से ऊना अस्पताल में रात्रि लंगर की व्यवस्था की जा रही है। यह व्यवस्था 3 जून से शुरु हो जाएगी। बता दें कि समाधिस्थ संत श्री श्री 1008 सुग्रीव नंद जी महाराज 2 मार्च 2025 को ब्रह्मलीन हो गए थे। उन्हें ब्रह्मलीन हुए 3 महीने हो गए हैं। वह एक तपस्वी के रूप में भगवान का ही अवतार थे। उन्होंने अपने समय मे आश्रम को बुलंदियों तक पहुंचा या आश्रम मैं सदा व्रत लंगर जो 1864 ईस्वी में शुरू हुआ था निर्बाध रूप से लगातार चल रहा है कभी भी कोई भी श्रद्धालु यहां से भूख नहीं जाता 24 घंटे लंगर की सुविधा बनी रहती है। उनकी यादगार में क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में शाम का लंगर हर रोज 3 जून से आश्रम डेरा बाबा रूद्रानंद से तैयार होकर जाया करेगा। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन शाम 7 बजे आश्रम से गाड़ी में लंगर रखकर अस्पताल ले जाया जाएगा बर्तन हर प्रकार के वहीं पर ही स्टोर किए जाएंगे। यह फैसला वर्तमान ट्रस्ट की तरफ से हेमानंद महाराज की अध्यक्षता में लिया गया है क्योंकि अस्पताल में रोगियों के साथ जो तमीरदार आते हैं एक तो उन्हें अपने रोगी की भी देखभाल करनी होती है। दूसरा खुद अपने भोजन की व्यवस्था के लिए इधर-उधर भटकना पडता था। अब यह शाम का लंगर बाबा रूद्रानंद जी की कृपा से प्रतिदिन अस्पताल में पहुंचेगी।

### रावमापा नंगल जरियालां में चलाया तंबाकू निषेध अभियान

**सुखविंद्र सागर, अनंत ज्ञान घनारी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगल जरियालां में तंबाकू निषेध अभियान के तहत एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गय। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तंबाकू निषेध अभियान को सफल बनाने हेतु स्वयंसेवियों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय प्रधानाचार्या सुमन वर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम तंबाकू निषेध पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पलक जरियाल, प्रियल धीमान, सिया जरियाल और ऐंजल जरियाल ने मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्या सुमन वर्मा ने स्वयंसेवियों से आह्वान किया कि न तो नशे का नाम लेना है और न ही किसी प्रकार का नशा करना है।

### लोहारा जिंजर में कल होगा धार्मिक सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** बाबा बालक नाथ मंदिर जिंजर लोहारा में 3 जून को धार्मिक कार्य के साथ साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।यह जानकारी कमेटी सदस्य बाबा प्रकाश चन्द ने दी।उन्होंने बताया कि इस दिन धार्मिक सम्मेलन को वाद 11 बजे ध्वज आरोहण किया जाएगा।उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों को इस मौके पर बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया है।

### साहिब गौत्र परिवार ने की पितरों की पूजा-अर्चना

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** बडूही में साहिब गौत्र परिवार द्वारा अपने पितरों की पूजा-अर्चना का विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधिविधान से पूजन कर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। परिवार के सदस्य संजीव धीमान ने बताया कि, 'हमें लंबे समय तक यह ज्ञात नहीं था कि हमारे पितरों व देहरियों का मूल स्थान कहाँ है। काफी प्रयासों के बाद यह पता चला कि हमारे जठेरे पंजाब प्रांत के होशियारपुर जिले के बच्चोई गांव में स्थित हैं।' परिवार ने वहां जाकर विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की और पितरों के आशीर्वाद से बडूही में एक भव्य भंडारे का आयोजन किया।

# बाबा बालक नाथ की गुफा में नवाजा शीश

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोट सिद्ध और बाबा बालक नाथ की शाहतलाई में चैत्र मास के मेलों के समापन के बाद भी लगातार श्रद्धालुओं का आना-जाना जारी है।

शनिवार को करीब 5 से 7 हजार के करीब श्रद्धालुओं ने बाबा के दर पर अपनी हाजिरी भरी और बाबा की सेवा में 10 लाख 08 हजार 705 रुपए का नगद चढ़ाबा, 01 ग्राम 520 मिलीग्राम सोना, 33 ग्राम 790 मिलीग्राम चांदी तथा विदेशी मुद्रा के रूप में इंग्लैंड के 330पौंड, यूएसए के 8 डॉलर, कनाडा के 05 डॉलर तथा कतर का 01 रियाल अर्पित किए।

# हिम आंचल के रमेश राणा बने प्रधान

अनंत ज्ञान, बंगाणा

हिम-आंचल पेंशनर्स संघ खंड बंगाणा की चुनाव मीटिंग रविवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला थानाकलां में वयोवृद्ध पेंशनर गुरदास राम सोहल की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में रोशन लाल चौधरी, राममूर्ति लट्ठ, देसराज मेहता एवं बलदेव धीमान बतौर पर्यवेक्षक उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से हुए चुनाव में रमेश कुमार राणा को प्रधान मनोनीत किया गया।

इसके अतिरिक्त महासचिव की कमान राकेश संदल को सौंपी गई। जबकि प्रकाश चंद शर्मा को उपप्रधान लौंगू राम को कोषाध्यक्ष बनाया गया। शेष कार्यकारिणी के


हिम आंचल पेंशनर्स कल्याण संघ के पदाधिकारी।

## प्रकाश चंद बने उपप्रधान और लौंगू राम कोषाध्यक्ष

गठन का दायित्व नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सौंप दिया गया। मंच संचालन खंड महासचिव राकेश संदल ने किया।

इस अवसर पर चिरंजीलाल शर्मा, किश्न चंद, योगराज भारद्वाज, शशि कुमार, रोशन लाल, बलबीर सिंह, कान्ता देवी, जगदीश चंद सोहल, बलवान सिंह, सुखदेव शास्त्री, सुरेंद्र धीमान, राजेंद्र सिंह राणा, उत्तम चंद, केहर सिंह, महिंद्र सिंह, प्रेम राज शास्त्री आदि उपस्थित रहे।

# बौल और समूरकलां के चेक बांधों में डाले 70 हजार मछली बीज

अनंत ज्ञान, बंगाणा

प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हिमाचल में मत्स्य पालन को एक सशक्त माध्यम के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बौल और समूरकलां में स्थित विभिन्न चेक डैमों में 70,000 मछली बीजों का संचयन किया गया।

यह पहल स्थानीय विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व तथा मत्स्य विभाग के निदेशक विवेक चंदेल के मार्गदर्शन में की गई। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश सरकार मत्स्य पालन जैसी लाभकारी गतिविधियों को प्रोत्साहित कर ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

विधायक ने कहा कि मछली पालन एक ऐसा व्यवसाय है जो कम लागत में अधिक लाभ देने की क्षमता रखता है। इस अवसर पर उपस्थित मत्स्य पालन विभाग ऊना के सहायक निदेशक विवेक शर्मा ने कहा कि विभाग निदेशक विवेक चंदेल के नेतृत्व में मछली पालन को प्रोत्साहन देने हेतु युवाओं को प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# हटली स्कूल के बच्चों में करवाया साइंस क्विज का कंपटीशन

अनंत ज्ञान, बंगाणा

उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हटली में बहुत ही ऊर्जावान ओर कर्मठ प्रधानाचार्य राज पाल सरोही ने कार्यभार संभाला है। विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के संपूर्ण विकास पर जोर दिया जा रहा जिसमें खेलकूद गतिविधियां व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता पर बच्चों से खूब तैयारी करवाई जा रही है।

हर विषय को क्रमवार शामिल किया जा रहा। शनिवार को हटली स्कूल में चल रहे बच्चों के तीनों हाउसों में साइंस क्विज में इंटर हाउस कंपटीशन करवाया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । उसके बाद साइंस विषय में ही साइंस एग्जीविशन में जूनियर विंग ओर सीनियर बिंग में 65 बच्चों ने भाग लिया जिसमें बच्चों ने मैथ्स फिजिक्स और बायो साइंस के अद्भुत मॉडल पेश किए। मुख्यातिथि के रूप में रिटायर्ड

## बच्चों ने मैथ्स फिजिक्स और बायो साइंस के अद्भुत मॉडल किए पेश

## बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए खेलकूद गतिविधियां जरूरी

प्रधानाचार्य पवनदेव रिवाड़ ने इस साइंस कंपटीशन में शिरकत की ओर बच्चों की बनाई गई प्रदर्शनियों को सराहा जिसमें तन्मय शर्मा तन्वी शर्मा, सात्विक, कुहक, परव, जसमीत कौर, रिया दिया और प्रिया ओर बाकी विद्यार्थियों ने बहुत ही बढ़िया मॉडल बना कर ओर उस पर अपना तर्क वितर्क दिया।

मुख्यातिथि पवन देव रिवाड़, प्रिंसीपल राजपाल सरोही, उपप्रधानाचार्य इंद्रजीत, प्रवक्ता विवेकशील शर्मा, प्रवक्ता आजाद, राजन शर्मा, यशवंत परमा , मीना , प्रवक्ता सुशील, मीनू, सुदर्शना पटियाल व अन्य अध्यापकों ने बच्चों के एग्जीविशन को देखकर उनके प्रयासों को सराहा।

# यूएस ग्लोबल स्कूल ने खेलों में फिर लहराया परचम

अनंत ज्ञान, पंजावर


स्कूल के छात्रों के साथ अध्यापक।

ऊना में आयोजित खेल प्रतियोगिता में यूएस ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेलों में पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

अंडर-14 वर्ग में कक्षा आठवीं के छात्र रिशव कुमार ने 400 मीटर दौड़ में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, कक्षा आठवीं के ही नैतिक कुमार ने 600 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। कक्षा आठवीं के ईशान ने 100 मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया, और कक्षा सातवीं के विहान ने 600 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अंडर-17 वर्ग में कक्षा दसवीं के सुजल ठाकुर ने 400 मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया।

कक्षा 11वीं के अरमान सिंह ने शॉट पुट (गोला फेंक) प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल कर विद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ाई।

विद्यालय की प्राचार्या पूनम लता, उपप्राचार्या सपना कुमारी और सभी शिक्षकों ने छात्रों को हार्दिक बधाई दी।

# धौमेश्वर महादेव मंदिर में 29वां वार्षिक भंडारा आज


प्रवीण शर्मा और सुभाष चंद खन्ना।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल धौमेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को समाजसेवी एवं परम भक्त सुभाष चंद खन्ना तथा खन्ना परिवार की ओर से 29 वां वार्षिक भंडारे का आयोजन बड़े धूमधाम और श्रद्धा भाव से किया जा रहा है । मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस विशाल एवं वार्षिक भंडारे में डेरा बाबा रूद्रानंद धाम के गद्दीनशीन, पूज्य वेदांताचार्य श्री श्री 1008 स्वामी हेमानंद जी महाराज की उपस्थिति गरिमामई होगी । महाराज जी ठीक प्रात: 10 बजे मंदिर परिसर पहुंच जाएंगे। वहीं स्वामी जी महाराज अपने ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से संगत को आत्मज्ञान, भक्ति, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देकर संगत को निहाल करेंगे।

# हिमकैप्स कॉलेज ऑफ लॉ के छात्रों की विदाई पार्टी

अनंत ज्ञान, हरोली



हिमकैप्स कॉलेज ऑफ लॉ बढ़ेड़ा में विधि विभाग के छात्रों द्वारा फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया विधि विभाग के छात्रों द्वारा अपने सीनियर्स का स्वागत किया गया तथा उन्हें विदाई पार्टी दी गई।

संस्थान के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर मुख्यातिथि रहे उन्होंने छात्रों को बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। फेयरवेल पार्टी में विधि विभाग के 10वें सेमेस्टर बीए एलएलबी के छात्र अंकित को मिस्टर फेयरवेल तथा रंजू को मिस फेयरवेल घोषित किया गया। वहीं एलएलबी के अभिषेक को मिस्टर फेयरवेल तो हर्षिता को मिस फेयरवेल चुना गया। वहीं साक्षी को मिस पेर्सनेल्टी तो सुरज को मिस्टर परफेक्ट चुना गया। प्रधानाचार्य जसवंत सिंह ने छात्रों को बधाई दी।

# बनेहड़ा गांव में करवाया दहाजा कार्यक्रम

**राकेश कुमार, अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** गगरेट विस क्षेत्र के गांव गोंदपुर बनेहड़ा अप्पर मंदिर के प्रांगण



में क्षेत्र की सुख समृद्धि और माल पशु की भलाई के लिए गांववासियों के सहयोग से बाबा सिद्ध चानो महाराज जी को समर्पित दहाजा कार्यक्रम शनिवार रात्रि संपन्न हुआ।

बाबा सिद्ध चानो महाराज की याद में मनाया जाने वाला दहाजे का शुभारंभ श्री कृष्ण लीला से किया जाता है। तथा रात भर बाबा सिद्ध चानो महाराज की विभिन्न प्रकार की अद्भुत झांकियां निकाली जाती है और उनकी महिमा का गुणगान किया जाता है। पूरी रात चले धार्मिक आयोजन में बाबु राम एंड पार्टी टिककर हमीरपुर वाले ने बाबा बौरा, बाबा सिद्ध चानो वली की बड़ी झांकी हाथी की सवारी, पहाड़ी बाबा, गद्दियां का स्वांग, घोड़े की सवारी बाबा सिद्ध चानो की कई मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की। मुख्य सेवादार सुनील दत्त ने बताया कि दहाजा आयोजन में नगर में सब की भलाई के लिए अरदास की गई। बाबा सिद्ध चानो वली में आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेका तथा अयोजन में सहयोग करने वाले सेवादारों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर बंटी, रिक्की, ललित, अभिषेक, गोल्डी, विन्दु तथा कई गणमान्य उपस्थित रहे।

**खुशी** | बेहड़ जसवां पंचायत में आजादी के 77 साल बाद मांग हुई पूरी

# वार्ड नंबर 5 में पक्के रास्ते का काम शुरू

विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान

**अंब।** आजादी के 77 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद बेहड जसवां पंचायत के वार्ड नंबर 5 की जनता को बड़ी राहत मिली है। पंचायत ने यहां लंबे समय से लंबित पक्के रास्ते के निर्माण कार्य को शुरू कर दिया है, जिससे स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

इस क्षेत्र के लोग वर्षों से कच्चे व बदहाल रास्ते से परेशान थे, जिससे उन्हें बरसात और आपातकालीन स्थितियों में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों की ओर से बार-बार की गई मांगों और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों के चलते आखिरकार पंचायत ने इस दिशा में ठोस कदम उठाया।

रास्ते के पक्के निर्माण की शुरुआत होते ही स्थानीय लोगों ने पंचायत प्रतिनिधियों का आभार जताया और इसे अपने क्षेत्र के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। स्थानीय निवासी कालू


गांव के रास्ते का काम शुरू होने पर खुशी मनाते ग्रामीण।

## कई बार मांग उठाने के बाद पंचायत ने इस दिशा में उठाया ठोस कदम

जोली, नीलमा ने कहा, हम कई वर्षों से इस समस्या से जूझ रहे थे। अब जब काम शुरू हुआ है, तो हम पंचायत का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने हमारी बात सुनी और इस पर काम किया। पंचायत प्रधान नीलम कुमारी ने बताया कि यह कार्य विकास योजनाओं के तहत कराया जा रहा है और जल्द ही इसका निर्माण पूरा कर लोगों को समर्पित किया जाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूर के हीरो सूबेदार अनिल का किया स्वागत



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** भारतीय सेना की शान, जवाज, अनुशासन निष्ठा और बलिदान का प्रतीक बने सूबेदार अनिल कुमार भबौरिया 31 मई को सैन्य सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। 1995 में आर्मी मेडिकल कोर में भर्ती हुए अनिल कुमार भबौरिया ने अपने 30 वर्षों के शानदार और वीरता से भरे सैन्य जीवन को पूर्ण कर, चंडी मंदिर कमांड अस्पताल, चंडीगढ़ से सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्ति ली। सेवानिवृत होकर घर पहुंचने पर भारतीय सेना के जाबांज ऑफिसर का भारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद के गगनभेदी नारों ने माहौल को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। सूबेदार अनिल कुमार भबौरिया ने न केवल सामान्य सैन्य सेवाएं दीं, बल्कि उन्होंने भारत के दो प्रमुख सैन्य अभियानों, ऑपरेशन सिंदूर और 1999 के कारगिल युद्ध, में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दविंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि भबौरिया जैसे सैनिक न केवल युद्धक्षेत्र में बल्कि नागरिक जीवन में भी अनुशासन और देशप्रेम का उदाहरण बनते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे सेना में भर्ती होकर देश सेवा के इस गौरवमयी मार्ग को अपनाएं।

# ऊंची चोटियों पर गिरे बर्फ के फाहे

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

**कुल्लू/केलांग।** जिला कुल्लू और लाहौल-स्पीति में मौसम बार-बार करवट बदल रहा है। रविवार को रोहतांग सहित जहां लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों पर एक बार फिर बर्फ के फाहे गिरे। वहीं, निचले इलाकों में रविवार को हल्की बारिश हुई।

कुल्लू में सुबह के समय जहां बारिश हुई। वहीं, उसके बाद मौसम साफ हो गया और धूप खिल गई थी, लेकिन दोपहर बाद एक बार फिर मौसम का मिजाज बिगड़ा और कुल्लू में तेज अंधड़ के साथ हल्की बारिश हुई। उपमंडल बंजार के तहत आने वाली ग्राम पंचायत कोठी चैहणी के धार गांव में तेज हवा का कहर देखने को मिला। तेज हवा ने यहां पर पुने राम के मकान की छत उड़ा दी। हालांकि, घटना में किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। तेज हवा से मकान की छत दूसरे घर पर जाकर गिरी, जब तेज अंधड़ की रफ्तार थमी, तो लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं, 13,050 फुट रोहतांग दर्रा व इसके आसपास की ऊंची पहाड़ियों में रविवार को बर्फ के फाहे गिरने का क्रम जारी रहा। पर्यटकों ने बर्फ के फाहों के बीच खूब मस्ती की। वहीं, मनाली के निचले इलाकों में अंधड़ के साथ हल्की बारिश से फुहारें भी पड़ी। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के बाद कुल्लू व लाहौल-स्पीति का तापमान गिर गया है। रविवार को मनाली की ऊंची चोटियों सहित मकरवे, शिकरवे, सेवन सिस्टर पीक, मनाली पीक, लद्दाखी पीक, हनुमान टिब्बा, देउ टिब्बा, मांगन कोट में ताजा बर्फबारी हुई है।


विश्व प्रसिद्ध रोहतांग दर्रा में बिछी बर्फ की चादर और आसमान से गिरते बर्फ के फाहे।

रोहतांग सहित कुल्लू, लाहौल की ऊंची चोटियों पर हल्के हिमपात का सिलसिला इस बार जून में भी लगातार जारी है। वहीं, दूसरी ओर निचले इलाकों अंधड़ ने बागवानों को परेशान कर रखा है। कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले की ऊंची चोटियों में जून माह के पहले दिन भी बर्फबारी के दौर जारी रहा, जबकि निचले इलाकों में दिनभर रुक-रुक कर बारिश का दौर चलता रहा। हालांकि, किसान इसे खरीफ की फसल के लिए अच्छा मान रहे हैं, मगर रबी की फसल की कटाई का काम रुक रहा है। मौसम के बरसने से तापमान में भी गिरावट आई है।

## कटराईं में घर से 10 लाख रुपए के आभूषण चोरी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू जिले के कटराईं स्थित पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास रहने वाले रुचि उपाध्याय और रमन विग के घर से लाखों रुपए के सोने और चांदी के आभूषण चोरी हो गए। चोरों ने बड़ी चालाकी से वारदात को अंजाम दिया, यहां तक कि घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की दिशा बदल दी और उसका डीवीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) भी अपने साथ ले गए। घटना वाले दिन घर पर कोई मौजूद नहीं था। रुचि उपाध्याय और रमन विग के अनुसार, चोरों ने उनके घर की लकड़ी की अलमारी से आभूषण निकाले। चोरी हुए आभूषणों की अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपए बताई जा रही है। आभूषणों में सोने का कड़ा (3 तोला) 3 जोड़ी सोने की कान की बालियां, 1 सोने का मांग टीका, 1 सोने की अंगूठी, 3 सोने की नोज पिन आदि ले गए। पीड़ित परिवार ने इस चोरी में नशेड़ियों का हाथ होने का शक जताया है, जिस तरह से सीसीटीवी कैमरे से छेड़छाड़ की गई और डीवीआर भी चुराया गया, उससे लगता है कि चोर काफी शातिर थे और उन्हें पता था कि वे क्या कर रहे हैं। फिलहाल, इस चोरी की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है और स्थानीय लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। लोगों ने रात के समय में क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, संदिग्ध व्यक्तियों के बयान लिए जा रहे हैं। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना स्थल से डीवीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) चोर उठा कर ले गए हैं, मगर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है जल्द ही चोर सलाखों के पीछे होंगे।

# पुलिस की होमस्टे में दबिश, केरल का युवक एलएसडी पेपर और चरस के साथ गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू के मणिकर्ण में पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने एक युवक को चरस और एलएसडी पेपर के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 12.33 ग्राम चरस और 0.28 ग्राम एलएसडी पेपर बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार मणिकर्ण पुलिस थाना की टीम को गुप्त सूचना मिली कि आर्ट कैफे एंड पार्वती होम स्टे में कमरा नंबर-101 में एक युवक ठहरा हुआ है। इसके पास नशे का सामान है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर चरस और एलएसडी पेपर बरामद किया और युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अरविंद (20) पुत्र विजु निवासी वलियाकुलंगरा, आलाप्पुड़ा (केरल) के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में यह सामने नहीं आया है कि आरोपी यह नशा कहां से लाया था। पुलिस इस संबंध में गहन पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी संजीव वालिया ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है। उधर, एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने मामला दर्ज होने की पुष्टि की है।

## फोजल में पुलिस ने 724 ग्राम चरस के साथ युवक किया काबू



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) ने फागड़ी नाला सड़क लिंक रोड, फोजल के पास गश्त के दौरान एक बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान एक संदिग्ध युवक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 724 ग्राम चरस/कैनाविस बरामद की गई। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान वेद राम (उम्र 27 वर्ष) के रूप में हुई है, जो गांव सुआ, वार्ड नं. 3, डाकघर मौहल, तहसील भुंतर, जिला कुल्लू का निवासी है। पुलिस थाना पतलीकूहल में आरोपी वेद राम के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस बरामद चरस की खरीद-फरोख्त से जुड़े अन्य व्यक्तियों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई नियमानुसार जारी रहेगी। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

## न्यूज ब्रीफ


बजौरा में राहु-केतु फिल्म की शूटिंग के दौरान फिल्म के हीरो पुलकित सम्राट के साथ प्रशंसक।

### तेजा को तीसरी बार एसोसिएशन कुल्लू की कमान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** बार एसोसिएशन कुल्लू के चुनाव रविवार को संपन्न हुए। इसमें बार एसोसिएशन कुल्लू के प्रधान तेजा ठाकुर लगातार तीसरी बार प्रधान बने। तेजा ठाकुर व शिवानी शर्मा के बीच मुकाबला हुआ। प्रधान तेजा सिंह ठाकुर को 266 मत पड़े और शिवानी शर्मा को 156 मत पड़े, जबकि 2 मत रिजेक्ट हुए। कुल 424 वोटिंग हुई, जिसमें 110 मतों की बढ़त बनाकर तेजा ठाकुर जीते। अन्य सभी पद पहले सर्वसम्मति से चुने गए थे, जिसमें वरिष्ठ उपप्रधान अनिल नैय्यर, महासचिव अरुण ठाकुर, जूनियर वाइस प्रेसिडेंट रमन कुमार और कोषाध्यक्ष रमेश विष्ट बने। चुनाव जीतने के बाद कुल्लू बार एसोसिएशन में जश्न का माहौल रहा।

### आज मनाली-दो के कुछ क्षेत्रों में बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, मनाली।** बिजली उपमंडल मनाली-दो के कुछ एक क्षेत्रों में आज बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता इंजीनियर सुनील कालिया ने बताया कि 11 केवी जगतसुख व बुरुआ फीडर उच्च ताप बिजली लाइनों के रख-रखाव मरम्मत व पेड़ों की टहनियों का कटान किया जाना है। इसके चलते दो जून को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि जगतसुख, भनारा, बुरुआ, शनाग, गोशाल तथा मझाच के साथ लगते क्षेत्रों मे बिजली आपूर्ति सुबह 10 से सायं पांच बजे तक बाधित रहेगी। मौसम खराब होने की स्तिथि में कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# नग्गर में पक्षियों के प्रति प्रेम दर्शाती कलाकृतियां बनी आकर्षण का केंद

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में दो महान चित्रकारों सिमरित लूथरा और परबीन कौर की कला प्रदर्शनी शीर्षक पैलेस ऑफ जॉए का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना और पुष्पिंद्र भाटिया ने संयुक्त रूप से किया।



प्रदर्शनी में कुल 30 चित्र प्रदर्शन पर हैं। प्रदर्शनी 4 जून तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी। दोनों कलाकारों की पेंटिंग प्रकृति से प्रेरित हैं। कलाकार सिमरित लूथरा की कलाकृतियां फूलों की ओर ध्यान आकर्षित कर रही हैं। उनका कहना है कि ईश्वर सबसे बड़ा कलाकार है, इस ओर हमें सोचने पर प्रतिबंधित करता है। कला और प्रकृति का घनिष्ठ संबंध सदैव से रहा है। रंगों का अति सुंदर प्रयोग हुआ है। चित्रकार ने ऑयल, ब्रश और नाइफ का प्रयोग किया है। चित्रकार परवीन कौर ने भी ऑयल, ब्रश और नाइफ का प्रयोग किया है। उनकी कला कृतियां उनका पक्षियों के प्रति प्रेम दर्शाती हैं। उनका कहना है कि पक्षियों की स्वतंत्रता उन्हें आत्मिक बोध का संकेत देती हैं। कुछ पेंटिंग नारी की भावनाओं और उसकी समाज के हर कार्य में भूमिका का बोध कराती है। इस कला प्रदर्शनी को बहुत से कला प्रेमियों ने सराहा है। दोनों चित्रकार नए कलाकारों के लिए के लिए भी प्रेरणा स्रोत हैं। मुख्यातिथियों ने कलाकारों की कला क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि प्रदर्शनी निश्चित रूप से रौरिक एस्टेट पधारने वाले पर्यटकों एवं नवोदित कलाकारों को लाभाविन्त करेगी। दोनों चित्रकारों ने रौरिक आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी लगाने के लिए स्थान देने के लिए डीसी कुल्लू एवं निदेशक आईआरएमटी नग्गर तोरुल एस रवीश एवं ट्रस्ट प्रबंधन का धन्यवाद किया है।

## 4 जून से मल्टी स्पेशलिटी चेकअप कैंप होगा आयोजित

**अनंत ज्ञान, काजा।** नागरिक अस्पताल काजा में आगामी 4 से 6 जून तक तीन दिवसीय मल्टी स्पेशलिटी चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें सुबह 9.30 से शाम 4.30 तक मरीजों की जांच की जाएगी। यह जानकारी खंड चिकित्सा अधिकारी काजा डॉ. बृजेश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर एवं अन्य चिकित्सा कर्मचारी अपनी सेवाएं प्रदान करेंगें, जिसमें एमडी मेडिसिन, रेडियोलोजिस्ट, नेत्र रोग विशेषज्ञ, फिजियोथैरेपिस्ट, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ व स्टाफ नर्स मरीजों को अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा प्रयोगशाला सेवाएं, फार्मेसी और पंजीकरण सेवाएं उपलब्ध होंगी। खंड चिकित्सा अधिकारी ने सभी लोगों से आग्रह किया कि इस शिविर में उपस्थित होकर सिविल अस्पताल काजा में आयोजित होने वाले इस मल्टी स्पेशलिटी शिविर का पूरा लाभ उठाएं।

# अलेउ से मनाली शिफ्ट किया जाए डीएसपी कार्यालय : नेगी

अनंत ज्ञान, मनाली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मनाली होटल एसोसिएशन के पूर्व सह चीफ पैटर्न देवेंद्र नेगी ने कहा कि पर्यटन नगरी मनाली से डीएसपी कार्यलय को दो किलोमीटर दूर अलेउ में शिफ्ट करने का क्या औचित्य है।

जारी एक प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि अब मनाली पुलिस थाना का भव्य भवन तैयार हो चुका है व पुलिस थाना का कार्यालय भी सुचारू हो गया है फिर पुलिस थाना के एक प्रमुख अधिकारी के कार्यालय को मनाली भवन में शिफ्ट क्यों नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से सीजन में वोल्वो बस स्टैंड से लेकर मनाली मालरोड चौक व आस पास के क्षेत्रों में कई बार शरारती तत्वों द्वारा हुड़दंग की शिकायतें आती रहती हैं, जिस कारण थाना प्रमुख का भी बाहर आना-जाना रुटीन वर्क है। ऐसी स्थिति में एक बड़े पुलिस अधिकारी की उपलब्धता मनाली थाना में होना अनिवार्य है। हर कोई व्यक्ति या पर्यटक दो किलोमीटर दूर भारी जाम की स्थिति में या रात्रि में जरूरत पड़ने पर अलेउ नहीं जा सकता। नेगी ने कहा कि पूर्व में भी डीएसपी कार्यालय पुलिस थाना मनाली में ही था तथा आज भी जनता की मांग है कि इसे अलेउ से मनाली शिफ्ट किया जाए, ताकि मनाली में बढ़ते क्राइम व शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखी जा सके। नेगी ने स्थानीय विधायक, डीसी कुल्लू एवं पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया कि मनाली क्षेत्र की इस मांग को ध्यान में रखते हुए इस पर जल्द उचित कार्रवाई करें और डीएसपी कार्यालय को नए पुलिस थाना भवन में स्थापित किया जाए।

# लाहौल में मेगा मेडिकल कैंप के लिए रवि ठाकुर ने जताया आभार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

- डेढ़ हजार लोगों ने निशुल्क चिकित्सा का लिया लाभ
- कहा- लाहौल की जनता के लिए पूरी तरह समर्पित

लाहौल-स्पीति जिले के मुख्यालय केलांग में सर्व कल्याणकारी संस्था द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाने पर लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने संस्था का आभार व्यक्त किया। उन्होंने संस्था के अध्यक्ष अभिषेक राणा का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी इस पहल से जिले के लगभग डेढ़ हजार के लगभग लोगों ने निशुल्क चिकित्सा का लाभ लिया और इसके साथ दवाइयां भी प्राप्त की।

उन्होंने शिविर में सेवाएं देने वाले सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों का धन्यवाद किया, जिन्होंने अपना कीमती समय देकर जनजातीय लोगों को निस्वार्थ भाव से सेवाएं दीं। रवि ने कहा कि जिस तरह उनके पिता स्व. निहाल चंद ठाकुर और माता स्व. लता ठाकुर ने लाहौल के लोगों की सेवा की है, उसी तरह वह भी लाहौल की जनता के लिए पूरी तरह समर्पित हैं और आगे भी इसी तरह लाहौल की जनता की भलाई के लिए कार्य करते रहेंगे। लाहौल के केलांग में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में देश के विभिन्न भागों से जिन विशेषज्ञों चिकित्सकों ने सेवाएं दीं, उनमें डॉ. राज बहादुर हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. जीत राम हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. गुरविंद्र पाल थामी त्वचा रोग विशेषज्ञ, डॉ. मीनाक्षी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. राम ईएनटी विशेषज्ञ, डॉ. नवीन सांख्यान शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. राजन बहेड़ा नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. दिव्या चौहान नेत्र रोग विशेषज्ञ और डॉ. श्वेता नेत्र रोग विशेषज्ञ शामिल रहे, जो निकट भविष्ट में भी अगर इस तरह का कोई चिकित्सा शिविर लगता है, तो इसी तरह अपनी सेवाएं देंगे।

# धागे और क्रोशिया से चित्रलेखा संवार रही अपना भविष्य

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** बदलते जमाने में रेडीमेड फैशन का प्रचलन काफी बढ़ गया है, अब लोगों को बाजारों में मिल रहे रेडीमेड चीजें पसंद आने लगी हैं और यही कारण है कि आज बुनाई, कढ़ाई और क्रोशिया आर्ट विलुप्त होती जा रही है, लेकिन कुल्लू जिले में आज भी कई महिलाएं ऐसी हैं, जो क्रोशिया आर्ट को विलुप्त होने से बचाने का प्रयास कर रही हैं। चित्रलेखा शिव शिवा स्वयं सहायता समूह की प्रधान हैं।

बकौल चित्रलेखा को बचपन से ही बुनाई, सिलाई का शौक था स्कूल-कॉलेज के दिनों में घर पर बुनाई और सिलाई का काम एक शौकिया तौर पर करती थी। इसके अलावा स्वेटर, जुराब, फ्रॉक आदि सिलाई और बुनने का काम करती थी। शादी के बाद चित्रलेखा ने सोचा कि क्यों न धागे और क्रोशिया से खिलौने तैयार किए जाएं। चित्रलेखा ने जब धागे के खिलौने तैयार किए, तो वह खिलौने घर और आस-पड़ोस के बच्चों ने बहुत पसंद किए, तो चित्रलेखा को लगा कि क्यों न इसी काम को अपनी आजीविका का साधन बनाया जाए, फिर क्या था चित्रलेखा ने अन्य पांच महिलाओं के साथ मिलकर शिव शिवा स्वयं सहायता समूह बनाया और धीरे-धीरे अन्य महिलाओं को भी क्रोशिये से धागे के खिलौने बनाना सिखा दिया। चित्रलेखा के अनुसार इसके बाद जब उन्हें पता चला की शहरी आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को अपना काम बढ़ाने के लिए ऋण दिया जाता है। तो स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने शहरी आजीविका मिशन के तहत बैंक में लोन के लिए अप्लाई किया और बैंक से पहले इन महिलाओं को 10000 का स्टार्टअप फंड मिला और उसके बाद 2 लाख का ऋण उनके कार्य को प्रगति देने के लिए बैंक ने स्वीकृत किया।


चित्रलेखा के साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अपने द्वारा बनाए उत्पादों के साथ।

### पर्यावरण को सुरक्षित रखना मुख्य उद्देश्य

समूह की महिलाएं कहती हैं कि हमारा मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को सुरक्षित रखना, अपनी संस्कृति का संरक्षण करना है। हम जितने भी खिलौने बनाती हैं। वह पूरी तरह से पुनः प्रयोग योग्य सामग्री (रिसाइकेबल धागे) के बने होते हैं। हम अपने उत्पादों में प्लास्टिक का बिलकुल उपयोग नहीं करती हैं, ताकि हम अपने पर्यावरण को सुरक्षित रख सकें।

### महिलाओं को उत्पाद बेचने के लिए प्रदान किया मंच

**इसके** बाद चित्रलेखा समूह की महिलाओं के साथ ज्यादा मात्रा में खिलौने तैयार करने लगी और समय-समय पर सरकार की तरफ से महिलाओं को उनके उत्पाद बेचने के लिए मंच भी प्रदान किया जा रहा है। शिव शिवा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आज हाथ से धागे के खिलौने, सजावटी उत्पाद, फूल और महिलाओं के लिए श्रृंगार का सामान, जिसमें कान की बालियां, बाल बांधने के लिए सजावटी उत्पाद, हैंडबैग, साइड बैग और छोटे बैकपैक, मोबाइल कवर, मोबाइल को सुरक्षित रखने के लिए कंधे पर लटकाने वाला बैग आदि समान तैयार करती हैं, जो कि आज बाजार में महिलाओं की पहली पसंद बना हुआ है।

# मेगा हेल्थ कैंप में 120 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का उठाया लाभ


मेडिकल कैंप के दौरान चिकित्सकों की टीम के साथ ग्रामीण व अन्य गणमान्य लोग।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

रघुनाथ हॉस्पिटल, ढालपुर की ओर से रविवार को ग्राम पंचायत परली (ठेला), गड़सा में एक निशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इसमें सुबह से ही ग्रामीणों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। इस मेगा हेल्थ कैंप में 120 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कैंप का उद्घाटन ग्राम पंचायत के प्रधान ने किया।

उन्होंने न केवल मरीजों को शुभकामनाएं दीं, बल्कि सभी ग्रामीणों को रघुनाथ हॉस्पिटल, कुल्लू की सुविधाओं की जानकारी भी दी, ताकि लोग समय पर इलाज लें और स्वस्थ जीवन जी सकें। रघुनाथ हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम ने इस मौके पर स्वास्थ्य सेवाएं दीं। इनमें डॉक्टर ललिता बंसल (महिलाओं की समस्याओं और गर्भावस्था से जुड़ी जटिल मामलों की विशेषज्ञ), डॉक्टर नासिर अली (आधुनिक लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में दक्ष सर्जन), डॉक्टर सिम्मी नारगोत्रा (बच्चों की सेहत के लिए समर्पित विशेषज्ञ बाल रोग चिकित्सक) साथ ही अस्पताल की पूरी टीम मौके पर मौजूद रही। इनमें बीर सिंह (एमडी), निवेदिता (नर्सिंग ऑफिसर), मीना देवी (लैब टेक्नीशियन), शालिनी (फर्मासिस्ट ), अटल शर्मा (पेशंट सर्विस कॉर्डिनेटर और एंबुलेंस ड्राइवर), और सलीम (मार्केटिंग मैनेजर) ने पूरे दिन कैंप को सुचारू रूप से चलाया। शिविर में मुफ्त डॉक्टर परामर्श, जरूरी टेस्ट और दवाइयां दी गईं। इस दौरान डॉक्टर ने मरीजों को रघुनाथ हॉस्पिटल के बारे में बताया कि अब यहां आईपीडी और ओटी सेवाएं पूरी तरह शुरू हो चुकी हैं। कई लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, सामान्य ऑपरेशन और सफल डिलीवरी हालही में यहां हो चुकी हैं। अस्पताल में 24 घंटे अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी लैब, फार्मेसी और इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध हैं। गांव के बुजुर्गों से लेकर महिलाओं और बच्चों तक-सभी ने इस हेल्थ कैंप को बहुत सराहा। कैंप के अंत में ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने रघुनाथ हॉस्पिटल की टीम को दिल से धन्यवाद कहा और ऐसी स्वास्थ्य सेवाएं भविष्य में भी मांग की।

**आयोजित** राजकीय अर्द्ध चालक एवं परिचालक महासंघ ने वॉलीबाल प्रतियोगिता का किया आयोजन

# मोहर सिंह ब्रदर ने वॉलीबाल ट्रॉफी पर किया कब्जा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

राजकीय अर्द्ध चालक एवं परिचालक महासंघ जिला कुल्लू के द्वारा रविवार को स्वर्गीय उमेश शर्मा वॉलीबॉल मेमोरियल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजकीय अर्द्ध चालक परिचालक महासंघ जिला कुल्लू के अध्यक्ष तुले राम ने बताया कि उमेश शर्मा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष थे।

उनकी स्मृति में पिछले 4 वर्षों से महासंघ कुल्लू इस वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन करता आ रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें जिला कुल्लू की टीमों ने भाग लिया। महासंघ के महासचिव वेद राम ठाकुर ने बताया कि वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ भुंतर खंड के महामंत्री शिवलाल और जिला कुल्लू के कोषाध्यक्ष गिरधारी लाल ठाकुर ने किया। समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में हमारे प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य जगरनाथ ठाकुर और माधव राम रहे।


विजेता टीम को सम्मानित करते हुए संघ के अध्यक्ष तुले राम व उनके साथ गणमान्य।

राजकीय अर्द्ध चालक एवं परिचालक महासंघ जिला कुल्लू के महासचिव वेद राम ने बताया कि फाइनल मुकाबला मोहर सिंह ब्रदर्स लगबेली तथा संजू ब्रदर कटराईं के बीच में खेला गया। कड़े मुकाबले में मोहर सिंह ब्रदर्स लगबेली की टीम ने कटराईं की टीम को पराजित कर यह ट्रॉफी अपने नाम की। जगन्नाथ, माधवराम, शिवलाल और गिरधारी लाल ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों का धन्यवाद किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से कहा कि आप सब लोगों के सहयोग से हम शांतिपूर्वक तरीके से इस प्रतियोगिता का आयोजन करने में सफल रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि आने वाले समय में भी आप यूं ही महासंघ का सहयोग करेंगे और इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सभी लोग सहयोग करेंगे।

इस वॉलीबाल प्रतियोगिता को सफल बनाने में टीकम सिंह, जो वन विभाग में कार्यरत हैं। उन्होंने महासंघ का पूर्ण सहयोग किया। अध्यक्ष तुले राम ने बताया कि उमेश शर्मा जिला मंडी के सुंदरनगर से संबंध रखते थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में चालक परिचालक महासंघ को बुलंदियों तक पहुंचाया और सरकार के समक्ष अपनी मांगों को मजबूती से रखा। उनके कार्यकाल में चालक परिचालक महासंघ को 300 से बढ़कर 1000 रुपए स्पेशल पे के रूप में मिला। वर्दी भत्ता डेढ़ सौ से बढ़कर 300 रुपए मिला। अन्य कई जो कार्य थे उनके समय में किए गए। आज हमें बड़ा गर्व है कि हम उनकी स्मृति में यह वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे हैं।

तुले राम ने बताया कि उनका कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा है। हिमाचल प्रदेश के चालक परिचालक भाइयों को उन्होंने अपने कार्यकाल में एक सूत्र में बांधे रखा और सभी चालक-परिचालक भाइयों को एक साथ चलने की शिक्षा दी। तुले राम ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के चालक साथी जिसमें राकेश वर्मा , रमेश कुमार, ईश्वर सिंह ठाकुर, बलदेव सिंह ठाकुर, राजू ठाकुर, चमन लाल, राजेश कुमार, मलकीत सिंह व मोती राम ठाकुर आदि चालकों का आर्थिक रूप से जिला कुल्लू का भरपूर सहयोग करने के लिए आभार जताया।

# किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती के लिए किया प्रेरित


नग्गर खंड के कटराईं में आयोजित जागरूकता शिविर के दौरान गणमान्य लोग।

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

नग्गर खंड के कटराईं में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय स्टेशन कटराईं, कृषि विज्ञान केंद्र बजौरा, कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश एवं आत्मा परियोजना के वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने नग्गर ब्लॉक के रूमसू, पुलग, भारथा, शिला और बड़ा ग्राम गांव में किसानों को आधुनिक युग में वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान कटराईं के डॉ. राजकुमार ने विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं फूलों की आधुनिक खेती के बारे में बताया। डॉ. संदीप ने सब्जी फसलों की नई-नई प्रजातियों एवं तकनीक के बारे में किसानों को जानकारी दी। डॉ. आराधिका ने फसलों की बीमारियों डॉक्टर, निजु राणा ने प्राकृतिक खेती और डॉक्टर मीनाक्षी ने मृदा परीक्षण के बारे में किसानों को अवगत करवाया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए कृषि अनुसंधान संस्थान कटराईं के वैज्ञानिक डॉ. राजकुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में पिछले दो दिनों में नग्गर खंड के लगभग 500 किसानों के साथ सीधा संवाद किया गया और उनको खेतों में आने वाली समस्याओं का समाधान किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### वर्ल्ड मास्टर गेम्स में हिमाचल की धमक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सुपर मास्टर्स गेम्स एंड स्पोर्ट्स फैडरेशन (इंडिया) के सीईओ विनोद कुमार ने कहा कि वर्ल्ड मास्टर्स गेम्स का आयोजन ताईपे (ताईवान) में 17 से 30 मई तक हुआ। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के एथलीट ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 6 मेडल जीते। विनोद कुमार रविवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड मास्टर्स गेम्स में देश ने कुल 32 मेडल जीते, जिसमें हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने भी बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि हिमाचल के खिलाड़ियों ने पहली बार वर्ल्ड मास्टर्स में भाग लिया। विनोद ने बताया कि ताइपे में आयोजित वर्ल्ड मास्टर्स गेम्स में 109 देशों के पच्चीस हजार खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वर्ल्ड मास्टर्स गेम्स में हिमाचल प्रदेश के कुल 8 खिलाडियों ने भाग लिया। इनमें कांगड़ा के रणवीर सिंह ने कराटे प्रतियोगिता के अपने आयुवर्ग में गोल्ड मेडल हासिल किया। इसके अलावा कांगड़ा के डॉ. अश्विनी ने हैमर थ्रो और शॉट पुट में सिल्वर मेडल जीते। इसी प्रकार कुल्लू के किशन लाल ने ट्रिपल जंप में सिल्वर मेडल और जैवलिन थ्रो में ब्रांज मेडल जीता। कांगड़ा के ही यशपाल सिंह राणा ने वैटलिफ्टिंग में ब्रांज मेडल जीत कर प्रदेश का नाम अतंरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल के सभी पदक विजेता खिलाड़ी जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलेंगे। विनोद ने कहा कि अप्रैल माह में हिमाचल के धर्मशाला में राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें देश के 4500 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जबकि इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के 350 एथलीट थे। फैडरेशन का यह प्रयास है कि लोग स्वस्थ रहें। 30 साल से अधिक आयुवर्ग का कोई भी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकता है।

### गिरिपार के विवेक आईएमए में लेंगे ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र के शिलाई के लोजा मानल से संबंध रखने वाले लेफ्टिनेंट कर्नल जगत सिंह चौहान व शिक्षिका माता मोनिका चौहान के होनहार सपूत विवेक सिंह चौहान ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे से स्नातक की डिग्री सफलतापूर्वक हासिल कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस कड़ी में अब अगले एक वर्ष का प्रशिक्षण राष्ट्रीय सैन्य अकादमी देहरादून से पूरा कर अधिकारी के रूप में नियुक्ति होगी। भारतीय सैन्य अकादमी के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। पुणे स्थित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में 148वें पासिंग आउट परेड का आयोजन भव्य रूप से किया गया, जहां मिजोरम के राज्यपाल जनरल (डॉ.) वीके सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम (सेवानिवृत्त) मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस ऐतिहासिक अवसर पर लगभग 300 से अधिक पुरुष कैडेट्स के साथ-साथ 17 महिला कैडेट्स के पहले बैच ने सफलतापूर्वक एनडीए से स्नातक की उपाधि प्राप्त की।

### सुनील दत्त शिक्षा विभाग से हुए सेवानिवृत्त

**अनंत ज्ञान, सराहां।** सराहां के समीप कनलोग गांव के निवासी सुनील दत्त शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुए। सुनील दत्त वर्ष 1985 में भारतीय सेना में भर्ती हुए और उन्होंने 30 वर्ष के लगभग सेना की इंटेलिजेंस कोर में अपनी सेवाएं प्रदान की और 30 नवंबर 2015 को सूबेदार मेजर के रैंक से सेना से सेवानिवृत्त हुए। उसके उपरांत उन्होंने वर्ष 2016 में हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग में लेक्चरर के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान की और 31 मई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बोंगली खेच से वाइस प्रिंसिपल के पद से सेवानिवृत्त हुए।

### कोलका स्कूल में चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, अर्की।** राजकीय प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालय कोलका में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें एसएमसी सदस्यों, अभिभावकों और अध्यापकों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई। कार्यक्रम में एसएमसी प्रधान मनोहर लाल ने विशेष रूप से उपस्थित होकर स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अलावा कोटली पंचायत के उपप्रधान जय प्रकाश ने भी अपने विचार साझा किए और स्वच्छता अभियान में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रभारी गुलजारी लाल और यशपाल शर्मा ने स्वच्छता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अध्यापकों एवं कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया।

### संत निरंकारी के समागम में जुटेंगे नामी कलाकार

**अनंत ज्ञान, अर्की।** संत निरंकारी मिशन के अंतर्गत जोन सोलन 5ए की ब्रांच अर्की द्वारा अर्की के ऐतिहासिक चौगान मैदान में दो दिवसीय भव्य आयोजन किया जा रहा है। मुखी महात्मा अर्की गरीब दास ने बताया कि इस आयोजन में भक्ति संध्या और विशाल निरंकारी संत समागम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के पहले दिन भक्ति संध्या शनिवार 7 जून को सायं 6:30 से 9:30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकार हिमाचल, पंजाब और दिल्ली से शिरकत करेंगे। गरीब दास ने बताया कि विशाल निरंकारी संत समागम रविवार 8 जून को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसमें महात्मा हेमराज शर्मा सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज का दिव्य संदेश जन-जन तक साझा करेंगे।

### विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर नवाजा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जीवन बीमा निगम शिमला मंडल की ऐथेलेटिक प्रतियोगिता सोलन के पुलिस ग्राउंड में आयोजित की गई। इसमें भारतीय जीवन बीमा निगम शिमला मंडल की विभिन्न शाखाओं के खिलाड़ियों ने भाग लिया। शिमला मंडल के खेलकूद समिति के सचिव प्रेम दास ने बताया कि इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी आगामी 23 से 24 जुलाई तक उत्तर क्षेत्रिय ऐथेलेटिक प्रतियोगिता, जोकि करनाल में आयोजित होगी, उसमें शिमला मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर मुख्यातिथि प्रबंधक (कार्मिक) जगत राम ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### तिरंगा सम्मान यात्रा की तैयारियों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा आईटी एवं सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की एक महत्वपूर्ण बैठक सोलन के पुराने लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 2 जून को आयोजित होने वाली 'तिरंगा सम्मान यात्रा' की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने की, जबकि प्रदेश आईटी एवं सोशल मीडिया प्रभारी चेतन बरागटा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में यात्रा को सफल बनाने के लिए कार्य विभाजन किया गया और किसे कहा क्या जिम्मेदारी निभानी है, यह तय किया गया। बिंदल ने कहा कि यह यात्रा देशभक्ति और एकता का प्रतीक होगी तथा युवा वर्ग को राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों के लिए प्रेरित करेगी।

### भाषण प्रतियोगिता में सोनिया रही प्रथम

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां में तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इसमें नाटक नुक्कड़ तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक में मैरी कॉम सदन ने प्रथम स्थान। कल्पना चावला सदन ने द्वितीय तथा मिताली राजमीति के तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में मैरी कॉम सदन की छात्रा सोनिया ने प्रथम, मैरी कॉम सदन की छात्रा रिद्धिमा चौहान ने द्वितीय तथा मिताली राज की छात्रा साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### ज्ञान दत्त शर्मा शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त

**अनंत ज्ञान, सराहां।** उपमंडल पच्छाद के अंतर्गत आने वाले मेहंदो बाग के निवासी ज्ञान दत्त शर्मा शिक्षा विभाग में अपनी 33 वर्ष की सेवाएं प्रदान करने के उपरांत सेवानिवृत्त हुए। ज्ञानदत्त शर्मा ने 26 फरवरी, 1992 में शिक्षा विभाग में वालिंटियर टीचर के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की व वर्ष 1998 को शिक्षा विभाग में नियमित शिक्षक बने। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विद्यालयों में अपनी सेवाएं प्रदान की।

### नशे के दुष्परिणामों के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सोलन के सीनियर सेकेंडरी स्कूल भोजआंजी में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल प्रिंसिपल ललित कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन स्कूल व जिला ज्ञान विज्ञान समिति सोलन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति जिला सोलन के अध्यक्ष डॉ. बीएस पंवार और डॉ. वाईएस परमार विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त प्रोफेसर टीडी वर्मा ने विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों को नशे के दुष्परिणामों और इसके सामाजिक असर के बारे में जागरूक किया। स्कूल प्रिंसिपल ललित कुमार ने विद्यार्थियों को सकारात्मक जीवन जीने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एक सभ्य समाज में नशा एक धब्बे की तरह है सभी मिल जुलकर इस सामाजिक बुराई को समाप्त कर सकते हैं।

### पझौता कॉलेज में एडमिशन आज से शुरू

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय पझौता में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया आज से प्रारंभ होगी। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार यह प्रवेश प्रक्रिया 19 जून तक जारी रहेगी, जिसके बाद 20 जून को प्रथम मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर शिवानी शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी कॉलेज की वेबसाइट www.gcpajhota.ac.in पर दिए गए ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल के लिंक पर क्लिक कर बीए और बीकॉम के तीनों ही वर्षों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दिनांक 1 जुलाई, 2025 को 25 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाली लड़कियां व 23 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले लड़के कॉलेज में प्रवेश लेने के पात्र होंगे। इस संदर्भ में कोई भी परेशानी आने पर एडमिशन कमेटी के विभिन्न सदस्यों से संपर्क किया जा सकता है।

# जल जनित बीमारियों के बचाव को लेकर मुख्य भंडारण टैंकों को किया जा रहा साफ

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** नगर निगम ने जल जनित बीमारियों के बचाव को लेकर मुख्य भंडारण टैंकों की सफाई का कार्य शुरू किया है। ऐसे में तीन से चार दिनों तक लोगों को मांग से कम पानी मिल सकता है। इस कारण टैंकों में पानी का स्टोर न होना है। हालांकि, निगम रोटेशन के तहत पानी दे रहा है। वहीं आगामी दिनों में भी रानिंग करनी पड़ेगी क्योंकि राज्य स्तरीय शूलिनी मेले में नगर निगम को शहर में पानी की अधिक मांग रहेगी।

वहीं नगर निगम ने शनिवार और रविवार को बड़े टैंक में सफाई कार्य किया। टैंक में सफाई के बाद अंदर व बाहर व्हाइट वॉश होगा। इसके बाद टैंक में ब्लीचिंग पाउडर डालने के बाद सप्लाई शुरू की जाएगी। टैंक में चल रही सफाई कार्य देखने के लिए महापौर ऊषा शर्मा मौके पर पहुंचीं। उन्होंने सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता से सफाई कार्यों की जानकारी ली। वहीं, नगर निगम ने दावा किया है कि टैंकों की सफाई के दौरान लोगों को पानी की किल्लत नहीं आने दी जाएगी। पानी योजनाबद्ध तरीके से आवंटित किया जाएगा। लोगों का आरोप है कि नगर निगम ने मुख्य भंडारण टैंक की साफ-सफाई करवाने की सूचना पहले नहीं दी। अचानक इस प्रकार के निर्णय से लोगों को परेशान होना पड़ेगा। लोगों ने कहा कि अगर निगम ने कोई इस प्रकार का निर्णय लेना था, तो जून के बाद लेते। पिछले सप्ताह भी पानी की किल्लत से लोगों को परेशान होना पड़ा था।



टैंक की सफाई करते कर्मचारी।

**महापौर** उषा शर्मा ने कहा कि आगामी दिनों में लोगों को बीमारियों से न जूझना पड़े। इसे देखते हुए टैंकों की सफाई का कार्य शुरू हो गया है। लोगों को पानी की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा। योजना के अनुसार पानी शहरवासियों को मिलेगा।

### टैंक में गाद की भरमार

**नगर** निगम के पेयजल के मुख्य स्टोरेज टैंक में गाद की भरमार निकली। सफाई के दौरान धरातल पर जमी हुई गाद को निकालने के लिए कर्मचारियों को कई घंटे का समय लगा। इसके बाद जब पाइप से मिट्टीयुक्त पानी को निकाला, तो नाले को जाने वाला रास्ता भी भूरे रंग की गाद से भर गया। शनिवार को निगम ने टेंडर आवंटित करने के बाद सफाई कार्य शुरू करवा दिया है। भंडारण टैंक में करीब एक साल बाद नगर निगम सफाई करवा रहा है। ऐसे में टैंक के अंदर गाद काफी जमा हो गई है। टैंक की दीवारें तक पीली पड़ी हैं।

### रोज 90 लाख लीटर पानी की जरूरत

**शहर** में 90 लाख लीटर पानी की रोजाना जरूरत होती है। इसकी पूर्ति गिरि और अश्वनी योजना से की जाती है। यहां से भंडारण टैंक तक पानी पहुंचता है। शनिवार को दोनों योजनाओं से 1.22 करोड़ लीटर पानी की सप्लाई मिली है। इसके बाद इसका आवंटन एमइएस, न्यू और पुराने कथेड़, पुरानी व नई ऑफिसर कॉलोनी, खुंडीधार, न्यू चंबाघाट, वार्ड छह, मालरोड से मोहन पार्क , शक्तिनगर और आईटीआई समेत अन्य जगहों पर पानी की सप्लाई दी गई।

# किन्नौर के पांगी गांव में डेढ़ माह से लाइनमैन नदारद!

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**



**रिकांगपिओ।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिले किन्नौर के सबसे बड़े गांवों में से एक पांगी गांव में पिछले डेढ़ महीने से बिजली विभाग का कोई लाइनमैन न होने से ग्रामीण खासे परेशान हैं।

बिजली गुल होने की स्थिति में लोगों को घंटों अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और बिजली से चलने वाले उपकरण ठप पड़ जाते हैं। मिली जानकारी के अनुसार, पांगी गांव में तैनात लाइनमैन डेढ़ महीने की लंबी छुट्टी पर चले गए हैं और उनकी जगह किसी अन्य कर्मचारी की तैनाती नहीं की गई है। पांगी पंचायत के उपप्रधान संजीव कुमार नेगी ने बताया कि गांव में कुल नौ ट्रांसफार्मर हैं। अकसर तेज तूफान या बारिश के दौरान तारों के टकराने से शॉर्ट सर्किट हो जाता है या अन्य तकनीकी दिक्कतें आती हैं। ऐसे में बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए विभाग का कोई कर्मचारी मौजूद नहीं होता, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ जाती हैं। उपप्रधान ने प्रशासन से अपील की कि गांव के लिए बिजली विभाग के कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए। विशेषकर सर्दियों में बर्फबारी के दौरान और अन्य समय में ट्रांसफार्मर व बिजली की तारों में आने वाली तकनीकी खराबी को तुरंत ठीक करने के लिए पर्याप्त स्टाफ का होना बेहद जरूरी है।

### जल्द होगी नए कर्मी की तैनाती : टाशी

**इस** समस्या के संबंध में बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता टाशी नेगी ने बताया कि पांगी गांव में तैनात बिजली कर्मी डेढ़ महीने से छुट्टी पर है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभाग जल्द ही नए कर्मी की तैनाती करेगा, ताकि ग्रामीणों को बिजली गुल होने के दौरान होने वाली परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# उच्च शिक्षा हासिल कर रहे गरीब छात्रों की फीस हो माफ

**अनंत ज्ञान, अर्की**

डॉ. बीआर अंबेडकर महासभा अर्की की बैठक अध्यक्ष उमा लाल की अध्यक्षता में अर्की में हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अर्की क्षेत्र में कुछ गरीब परिवारों के बच्चे जो अपनी 10वीं के बाद आगे पढ़ाई करना चाहते हैं, लेकिन गरीबी से वह किताबें तथा स्कूल की फीस देने में असमर्थ है, उन्हें सभा की तरफ से किताबें तथा उनकी स्कूल फीस दी जाएगी। सभा के सदस्यों ने एसडीएम अर्की निशांत तोमर से औपचारिक भेंट कर अर्की कार्यालय का कार्यभार संभालने पर उन्हें बाबा साहेब की फोटो भेंट की तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही सभा पदाधिकारियों ने राज्यपाल को एसडीएम के माध्यम से विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि हिमाचल प्रदेश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति सब प्लान के लिए विशेष एक्ट बनाया जाए, ताकि शत प्रतिशत आवंटित बजट अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विकास के लिए ही खर्च किया जाए। सरकार द्वारा सरकारी व अर्ध सरकारी विभागों में सभी प्रकार की भर्तियों में आरक्षण रोस्टर लागू किया जाए। सरकार द्वारा अंतरजातीय विवाह सहयोग राशि बढ़ाने के लिए सरकार का धन्यवाद कर यह आग्रह किया कि जल्द इसके बारे में अधिसूचना जारी की जाए। कुछ क्षेत्रीय संगठन के स्वयंभू अध्यक्ष द्वारा अनुसूचित जाति समुदाय को टारगेट कर उनके खिलाफ भड़काऊ अभद्र टिप्पणी के साथ भाषण दिए जा रहे हैं और समाज में विभिन्न वर्गों के बीच निरंतर खाई खोदी जा रही है तथा हिंसा का माहौल बनाया जा रहा है। अतः समाज में आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए ऐसे लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाकर इनको हिरासत में लेने का निर्देश दिया जाए।



एसडीएम अर्की निशांत तोमर से मिलते डॉ बीआर अंबेडकर महासभा के सदस्य।

# कैबिनेट बैठक में भी हरिपुरधार को नहीं मिला अस्पताल : प्रताप

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने अपने कार्यकाल के दौरान जनता की मांग पर हरिपुरधार में सिविल अस्पताल खोला था।



इसमें चिकित्सकों की नियुक्ति भी हो गई थी, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस सिविल अस्पताल को डिनोटिफाई कर दिया था, ताकि इसका श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को न मिले, जब क्षेत्र की जनता ने इसका डटकर विरोध किया, तो फिर मुख्यमंत्री सुक्खू ने पिछले साल हरिपुरधार आकर जिला स्तरीय मां भंगाइणी मेले की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्र की जनता से कहा था कि हम आपका सिविल अस्पताल जल्द ही खोल देंगे, लेकिन एक साल बीत गया फिर भी यह सिविल अस्पताल नहीं खुला है। इस बार जिला स्तरीय मां भंगाईणी मेले की अध्यक्षता करते हुए विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने भी क्षेत्र की जनता से कहा था कि मेले के बाद प्रदेश सरकार की जो भी पहली कैबिनेट बैठक होगी, उस कैबिनेट बैठक में जनता की समस्या को ध्यान में रखते हुए हरिपुरधार में सिविल अस्पताल खोलने की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। रावत ने बताया कि मेला हरिपुरधार के बाद प्रदेश सरकार की दो कैबिनेट बैठक हो चुकी हैं, लेकिन हरिपुरधार सिविल अस्पताल की अधिसूचना इन दोनों कैबिनेट बैठक में भी जारी नहीं हो पाई है। इससे क्षेत्र की जनता में विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश है।

# धुंदन स्कूल में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित

**आशीष, अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रवक्ता इतिहास एवं मीडिया प्रभारी अमर सिंह वर्मा ने बताया कि इस दौरान स्कूल परिसर में प्रधानाचार्य, विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के वित्तीय सहयोग से नव निर्मित मंदिर में मां सरस्वती की प्रतिमा को विधिवत रूप से पूजा व हवन कर विराजित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा उपनिदेशक उच्चतर गोपाल सिंह चौहान ने विशेष रूप से शिरकत की व पूजा-अर्चना कर व हवन में आहुतियां अर्पित कर मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए समस्त स्कूल परिवार के सदस्यों, स्कूल प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों व विद्यार्थियों ने सुख-समृद्धि, शांति व विद्यालय की प्रगति के लिए आयोजित इस हवन में आहुतियां डालीं।

# क्विज प्रतियोगिता में लक्ष्य शिक्षण संस्था अर्की प्रथम



क्विज प्रतियोगिता में विजयी रहे लक्ष्य शिक्षण संस्थान अर्की के स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

अर्की उपमंडल का लक्ष्य शिक्षण संस्थान नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसी कड़ी में लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की के छात्रों ने सदैव की भांति इस बार भी आरके ठाकुर मेमोरियल इंटर हेरिटेज क्विज में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

प्रधानाचार्य ने कहा कि आर्मी पब्लिक स्कूल डगशाई में आयोजित आरके ठाकुर मेमोरियल इंटर हैरिटेज क्विज में लक्ष्य पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भाग लिया। इसमें स्कूल प्रथम स्थान पर रहा तथा सेंट ल्यूक्स स्कूल सोलन दूसरे तथा पाइनग्रोव सुबाथू तीसरे स्थान पर रहा। प्रधानाचार्य ने बताया कि यह प्रतियोगिता आर्मी पब्लिक स्कूल के शिक्षक व उपदेशक आरके ठाकुर की स्मृति में आयोजित की गई थी। प्रधानाचार्या, प्रबंध निदेशक आकाश गुप्ता व लक्ष्य शिक्षण संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. पीएल गुप्ता ने विजेता छात्रों को समस्त विद्यालय स्टाफ की ओर से बधाई दी है।

# शूलिनी मेले के लिए कलाकारों के ऑडिशन 11 से

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अतिरिक्त उपायुक्त एवं मेला अधिकारी सोलन राहुल जैन ने कहा कि तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले के लिए ऑडिशन 11 से 14 जून तक आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह ऑडिशन नगर निगम सोलन के हाल में आयोजित किए जाएंगे। राहुल जैन ने कहा कि राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेला 20 से 22 जून तक आयोजित किया जाएगा। ऑडिशन के लिए सभी कलाकारों को ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य रूप में आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि आवेदन करने के लिए इच्छुक कलाकारों को वेबसाइट एचपी सोलन डाट एनआईसी डाट इन-hpsolan.nic.in पर शूलिनी मेला लिंक पर क्लिक कर आवेदन करना होगा।

# बाड़ीधार ईको टूरिज्म की दृष्टि से होगा विकसित

## पर्यटन क्षेत्र का विस्तार, सुदृढ़ आर्थिकी का आधार : संजय अवस्थी

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र का विस्तार ही सुदृढ़ आर्थिकी का आधार है और प्रदेश सरकार पर्यटन क्षेत्र के माध्यम से लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरयांज के दूधल पुखर मंदिर में मूर्ति स्थापना समारोह के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने दूधल पुखर मंदिर में पूजा-अर्चना की और सभी के खुशहाल व समृद्ध जीवन की कामना की। संजय अवस्थी ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार प्रदान करने की अपार संभावनाएं हैं। अर्की का बाड़ीधार क्षेत्र इस दिशा में विशेष महत्व रखता है। धार्मिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण बाड़ीधार सहित समूचे क्षेत्र को ईको टूरिज्म की दृष्टि से विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे। इसका उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार एवं आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खोलना है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में इसके लिए वन विभाग से प्रस्ताव केंद्र सरकार को प्रेषित किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से यह क्षेत्र बहुत सुंदर है और इसे और अधिक विकसित करने की आवश्यकता है। संजय अवस्थी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन जनसहभागिता से ही पूर्ण होते हैं। ऐसे आयोजनों में युवाओं को जोड़ना आवश्यक है, ताकि इस विरासत को पीढ़ी दर पीढ़ी संभाल कर रखा जा सके। उन्होंने कहा कि अर्की के संतुलित विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।



जनसमस्याएं सुनते अर्की के विधायक संजय अवस्थी।

**बेहतर** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पच्छाद उत्सव का किया समापन

# पच्छाद में सड़क निर्माण पर व्यय किए जा रहे 99 करोड़

**संजय, अनंत ज्ञान**

**सराहां।** हिमालयन स्पोर्ट्स एंड कल्चर क्लब सराहां द्वारा आयोजित दो दिवसीय पच्छाद उत्सव के समापन अवसर पर लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया, ताकि स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज की परिकल्पना को सार्थक किया जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। इसके तहत खेल मैदानों तथा इंडोर स्टेडियमों का निर्माण किया जा रहा है। पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में चालू वित्त वर्ष के दौरान सड़क परियोजनाओं के निर्माण पर 99 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सराहां लोक निर्माण मंडल के तहत तीन सड़कों को पक्का करने के लिए 35 करोड़ से अधिक राशि व्यय की जा रही है। इसके तहत नैना टिक्कर-देवथल सड़क को चौड़ा तथा पक्का करने पर 6 करोड़ से अधिक राशि व्यय कर इसका कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी प्रकार मरयोग-धरयार सड़क को चौड़ा तथा पक्का करने के लिए 25 करोड़ से अधिक की राशि व्यय की जा रही है। इसका कार्य प्रगति पर है, जबकि डाबर-बागथन सड़क को भी चौड़ा तथा पक्का करने पर 3 करोड़ से अधिक की राशि व्यय की जा रही है। उन्होंने बड़ू साहब सड़क निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि वह इसका जल्द प्राकलन तैयार करें, ताकि इसके लिए बजट का प्रावधान किया जा सके।

सराहां कॉलेज के सांइस ब्लॉक के निर्माण की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है तथा जल्द ही इस भवन का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरण- 4 का कार्य आरंभ होने वाला है, इसके तहत हिमाचल में लगभग 1500 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने इस परियोजना के लिए भूमि मालिकों से आग्रह किया कि वह सड़क निर्माण के लिए गिफ्ट डीड दें, ताकि अविलंब निर्माण कार्य आरंभ किया जा सके। लोक निर्माण मंत्री ने हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार तथा आधुनिक हिमाचल के निर्माता वीरभद्र सिंह को याद करते हुए कहा कि आज हिमाचल विकास के जिस शिखर पर है, वह इन दोनों महान विभूतियों की बदौलत है, हमें इनके द्वारा स्थापित मापदंडों का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी 23 जून को प्रदेश के 6 बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह जी के जन्म दिवस के दिन शिमला रिज मैदान पर यशवंत सिंह परमार की प्रतिमा के समीप ही इनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। लोक निर्माण मंत्री ने दो दिवसीय पच्छाद उत्सव का समापन करते हुए विजेताओं व प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए।



विक्रमादित्य सिंह पच्छाद उत्सव के दौरान विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

# शूटिंग में कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का रहा दबदबा



**अनंत ज्ञान, सोलन**

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सनवारा के प्रतिभावान छात्रों ने हिमालयन शूटिंग अकादमी, पालमपुर में 27 से 29 मई तक आयोजित तीसरी कैप्टन विक्रम बत्रा शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

इस प्रतियोगिता में किप्स स्कूल के सात विद्यार्थियों ने भाग लिया और अनेक पदक अपने नाम किए। कक्षा 10 की प्रियांशी अरोड़ा ने 10 मीटर एयर राइफल (महिला-सब यूथ) श्रेणी में 381/400 स्कोर करते हुए स्वर्ण पदक जीता और सीओसी में द्वितीय स्थान व 2100 का नकद पुरस्कार अर्जित किया। कक्षा 11 के अंश कौशल ने 10 मीटर एयर राइफल (पुरुष-सब यूथ) में 378/400 अंकों के साथ स्वर्ण पदक और सीओसी में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं के अर्नव खुराना ने 10 मीटर ओपन साइट राइफल (सब यूथ) में 194/400 स्कोर कर स्वर्ण पदक जीता। कक्षा 11वीं के गरिमन ने 10 मीटर एयर पिस्टल (सब यूथ) में 360/400 अंकों के साथ स्वर्ण पदक एवं सीओसी में दूसरा स्थान हासिल किया। कक्षा 11वीं के वीरेन गुलिया ने 10 मीटर एयर पिस्टल (यूथ) श्रेणी में 364/400 अंकों के साथ स्वर्ण पदक तथा सीओसी में चौथा स्थान प्राप्त किया। गिरीश कुमार ने 10 मीटर एयर पिस्टल (यूथ) में 337/400 स्कोर कर कांस्य पदक प्राप्त किया। गीतेश कुमरी ने 10 मीटर ओपन साइट पिस्टल स्पर्धा में 251/400 अंक अर्जित करते हुए रजत पदक जीता। स्कूल प्रबंधन, प्राचार्य एवं शिक्षकों ने सभी विजयी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज ब्रीफ

### रोहतक: गैंगवार में युवक की गोली मारकर हत्या

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** सदर थाना के अंतर्गत गांव रिटौली में गैंगवार के चलते एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि युवक खेतों में घूमने गया था। मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने वारदात को अंजाम दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हत्याकांड के तार भाऊ गैंग से जुड़े हुए है। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार गांव रिटौली निवासी अनिल खेतों में घूमने गया था और इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार तीन युवक आए और आते ही फायरिंग शुरू कर दी। आरोपियों ने अनिल को सात से आठ गोली मारी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर काफी संख्या में राहगीर एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी। शिवाजी कालोनी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक के भाई ने बताया कि पहले भी अनिल को जान से मारने की धमकियां दी गई थी और अब तो परिवार को भी जान का खतरा हो गया है, इसलिए वह चाहते हैं कि इस मामले में आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर सख्त कार्रवाई की जाए।

### हरियाणा में तेजी से फैल रहा नशा तस्करों का नेटवर्क: सैलजा

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में नशा तस्करों का नेटवर्क लगातार फैलता जा रहा है। समूचे राज्य में नशा तस्कर हेरोइन, गांजा, अफीम व अन्य प्रकार के जानलेवा नशा की सप्लाई करने में जुटे हैं। नशा तस्करों के बढ़ते और फैलते नेटवर्क के चलते ऐसा जान पड़ता है जैसे हरियाणा उनका पसंदीदा राज्य बन गया हो। सांसद सैलजा रविवार को सिरसा दौरे पर थी। इस दौरान उन्होंने डबवाली में जाकर हाल ही में सड़क हादसे का शिकार हुए आढ़ती बब्बर, उनकी पत्नी व बेटे के निधन पर गहरा दुख जताया। सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार नशा तस्करों की कमर तोड़ने और करोड़ों रुपए के नशीले पदार्थ बरामद करने का दावा कर रही है बावजूद इसके तस्करों का नेटवर्क प्रदेश में तेजी से फैल रहा है। प्रदेश में नशे की गूंज हर चौक चौराहे, विधानसभा सदन तक सुनाई देती है। पुलिस को नशा तस्करों का किला ध्वस्त करने के लिए जो युवा नशा कर रहे हैं उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करने की दिशा में पुख्ता स्तर पर काम करना चाहिए। प्रदेश के अधिकतर जिलों में नशा तस्कर सक्रिय हैं। उनके आगे खुफिया तंत्र भी बौना साबित हो रहा है।

### फरीदाबाद में होमगार्ड जवान को बोनट पर लटकाकर घसीटा

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** दिल्ली-मथुरा हाईवे के सोहना टी प्वाइंट पर दस्तावेज मांगने पर पिकअप चालक ने पिकअप को भगा दिया। रोकने पर होमगार्ड जवान को टक्कर मारी, जिससे वह बोनट पर लटक गया। रुकने की बजाय चालक ने पिकअप को और तेज भगा दिया। एक से डेढ़ किलोमीटर तक होमगार्ड जवान बोनट पर लटका रहा। चिल्लाता रहा, लेकिन चालक नहीं रुका। आगे पुलिसकर्मियों ने चालक को रुकवाया। होमगार्ड के पैरों में चोट आई है। आरोपित चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### मेयर ने 'एक पौधा मां के नाम' अभियान किया शुरू

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** स्वास्तिक फाउंडेशन की ओर से रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता समारोह में एक पौधा मां के नाम अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रूप में मेयर राजरानी मल्होत्रा व उनके पति तिलकराज मल्होत्रा, विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्यावरणविद् वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू एक्सपर्ट अनिल गंडास, सीएम के पूर्व ओएसडी जवाहर यादव ने शिरकत की। संगठन के संरक्षक बनवारी लाल सैनी व सुमेर सिंह तंवर, चेयरमैन कश्मीर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। स्वास्तिक फाउंडेशन की ओर से इंपीरिया एफ्रेरा रेजीडेंट्स वेल्फेयर एसोसिएशन के साथ मिलकर यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर वार्ड-9 पार्षद अवनीश शाक्य, वार्ड-10 पार्षद महावीर यादव ने भी शिरकत की। कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में संस्था के कोषाध्यक्ष शिवा शंकर मौर्या, सलाहकार हितेश सैनी, स्वास्तिक रसोई के अध्यक्ष अभिषेक सैनी, मनोज सरहौल, प्रदीप सरहौल व यश सैनी समेत कई सदस्यों ने मौजूद रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस दौरान मेयर राजरानी मल्होत्रा ने एक पौधा मां के नाम लगाकर स्वास्तिक फाउंडेशन के पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शहर को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने में स्वास्तिक फाउंडेशन का काम सराहनीय है।

### आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा पाकिस्तान : ओवैसी



**एजेंसी, अल्जीरिया।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कुख्यात आतंकी जकीउर रहमान लखवी का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे वह पाकिस्तान की जेल में कैद रहकर भी एक बच्चे का पिता बन गया। उन्होंने अल्जीरिया में कहाकि एक आतंकवादी पाकिस्तान में कैद रहते हुए पिता बन गया। दुनिया का कोई भी देश आतंकवाद के आरोप का सामना कर रहे आतंकवादी को जेल से बाहर आने की अनुमति नहीं देगा, लेकिन वह जेल में बैठे-बैठे ही एक बेटे का पिता बन गया। ओवैसी ने कहा कि जब पाकिस्तान फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की ग्रे लिस्ट में आया, तभी लखवी के खिलाफ मुकदमा आगे बढ़ा। उन्होंने पाकिस्तान को दोबारा ग्रे लिस्ट में डालने की अपील की, ताकि उसकी गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके। (अनंत ज्ञान)

### सेना ने मुंबई में किया उच्च स्तरीय सुरक्षा अभ्यास

**एजेंसी, मुंबई।** गैर-परंपरागत खतरों के बदलते स्वरूप के मद्देनजर भारतीय सेना ने मुंबई में एक उच्च स्तरीय संयुक्त अंतर-सेवा सुरक्षा अभ्यास किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में जानकारी दी कि यह दो दिवसीय अभ्यास 30 और 31 मई को कोलाबा के सैन्य प्रशिक्षण क्षेत्र और मुंबई के फोर्स वन प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित किया गया, जिसका समापन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में हुआ। बयान में कहा गया, गैर-परंपरागत खतरों के बदलते स्वरूप और वर्तमान बढ़े हुए सुरक्षा माहौल के जवाब में भारतीय सेना ने एक उच्च स्तरीय संयुक्त अंतर-सेवा सुरक्षा अभ्यास आयोजित किया। (अनंत ज्ञान)



### मणिपुर में सरकार बनाने पर भाजपा में सहमति

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में नई सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है। भाजपा के 27 विधायकों ने 30 मई को बैठक की थी। इसमें नई सरकार बनाने पर सहमति बन गई है। बैठक से पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और स्पीकर रहे सत्यव्रत सिंह को दूर रखा गया था। बैठक में बीरेन सिंह के खिलाफ विद्रोह करने वाले भाजपा विधायकों के साथ-साथ 9 फरवरी को सीएम पद से इस्तीफा देने तक उनका समर्थन करने वाले विधायक भी शामिल थे। एक विधायक ने बताया कि बीरेन सिंह को नहीं बुलाया गया था। बैठक के बाद पार्टी के विधायकों ने बयान जारी कर कहा है कि सरकार गठन की दिशा में काम करने के लिए सभी ने संकल्प लिया है। (अनंत ज्ञान)

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' राष्ट्रहित का है विचार : सीएम नायब सैनी

## गुरुग्राम में बोले- 'वन नेशन-वन इलेक्शन' के प्रचार-प्रसार में युवा बनें सहभागी

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' (वन नेशन वन इलेक्शन) सिर्फ एक राजनीतिक विचार नहीं है, यह राष्ट्रहित का विचार है। यह समय, संसाधन और जन-भागीदारी को और अधिक सशक्त करने वाला विचार है। मुख्यमंत्री ने यह बात रविवार को गुरुग्राम में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' थीम पर आयोजित 'गुरुग्राम रन' की शुरुआत से पूर्व अपने संबोधन में कही।

उन्होंने कहा कि यह वह विचार है, जिसके अनुसार जब एक राष्ट्र एक साथ चलता है, तब वह हर बाधा को पार कर सकता है। जब देश एक साथ सोचता है, तब वह हर संकट का समाधान निकाल सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि यह प्रधानमंत्री मोदी की उस समग्र सोच का प्रतीक है, जो एकता में शक्ति को मानती है। वन नेशन-वन इलेक्शन प्रधानमंत्री के उसी सपने की कड़ी है, जिसे हमने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के रूप में देखा है। यह विचार देश के हर नागरिक को एक समान अवसर देता है, एक साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि जब युवा शक्ति आगे आती है तो निश्चित रूप से बदलाव की लहर उठती है। 'गुरुग्राम रन' में भाग ले रही युवा शक्ति इस बात का प्रतीक है कि भारत का भविष्य जाग चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा यह दौड़ सिर्फ शरीर की फिटनेस की नहीं, लोकतंत्र की फिटनेस का भी प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन को सफल बनाना है तो हमें नवाचार की, संवाद की और संवेदनशीलता की जरूरत है। उन्होंने युवा शक्ति से आह्वान किया कि वे कॉलेजों में, गांव की चौपालों में, सोशल मीडिया पर इसकी चर्चा कर एक सार्थक माहौल बनाने में सहभागी बने। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सरकार का काम नहीं है। यह राष्ट्र निर्माण का कार्य है, जिसमें हर नागरिक की भूमिका अनिवार्य है।

सैनी ने कहा कि गुरुग्राम सिर्फ एक आधुनिक शहर नहीं है। आधुनिक तकनीक, नवाचार और कौशलयुक्त युवाओं की शक्ति का केंद्र बन चुके माता शीतला की इस पावन धरा से निकली प्रेरणा पूरे हरियाणा में और फिर पूरे भारतवर्ष में परिवर्तन का संकल्प बन सकती है। इस अवसर पर मंत्री राव नरबीर, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, बिमला चौधरी, विधायक मुकेश शर्मा, मोहन लाल, ओम प्रकाश धनखड़, सुनीता दुग्गल आदि मौजूद थे।

# ग्रेटर नोएडा से जोड़ने वाला मंझावली पुल अधूरा, भूमि अधिग्रहण बना बाधा

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद**

औद्योगिक नगरी को ग्रेटर नोएडा से जोडने् के लिए मंझावली में यमुना नदी पर पुल बनाया गया है। मंझावली की ओर और यमुना नदी के उस पार करीब एक किलोमीटर का एप्रोच रोड भी बनाया गया है, लेकिन ग्रेटर नोएडा के गांवों के किसानों की जमीन का अधिग्रहण न होने के कारण यह संपर्क मार्ग अधूरा है, यानी दोनों शहरों के लोगों को फिलहाल पुल का कोई लाभ नहीं मिल रहा है।

वाहन चालक पुल पार तो करते हैं, लेकिन आगे कच्चा और रेतीला रास्ता होने के कारण अधिकतर वापस आ रहे हैं। सच्चाई यह है कि इस संपर्क मार्ग को पूरा होने में पूरा एक साल लग जाएगा। जनप्रतिनिधि बार-बार पुल पर यातायात सुचारु होने का दावा करते रहे, लेकिन अधिकारियों के उदासीन रवैये के कारण आज भी हजारों वाहन चालक बेहतर संपर्क मार्ग के लिए तरस रहे हैं।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर के प्रयासों से पुल का निर्माण हुआ है। मंत्री राजेश नागर ने पुल निर्माण कार्य का आधा दर्जन बार निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को खूब फटकार लगाई और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश के मुख्य सचिव ने भी इस पुल का काम तेजी से पूरा करने के आदेश दिए हैं। मंझावली पुल पार करते ही हरियाणा के पास करीब एक किलोमीटर तक जमीन है। इस जमीन पर पुल का टू-लेन एप्रोच रोड बना हुआ है। इससे आगे ग्रेटर नोएडा के जगनपुर, अट्टा गुजरान, अफजलपुर, मुरसादपुर गांव हैं।

पुल को जोड़ने वाली सड़क बनाने के लिए अट्टा गुजरान और जगनपुर गांवों की 6.88 एकड़ जमीन की जरूरत है। इस पर 1700 मीटर लंबी सड़क बनेगी जो यमुना एक्सप्रेस-वे के लिंक रोड से जुड़ेगी। इस जमीन को अधिग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सरकार की ओर से मुआवजे की पहली किस्त जारी कर दी गई है। किसानों से जमीन लेकर उसकी रजिस्ट्री कराने का काम चल रहा है, लेकिन सभी किसानों की मुआवजा राशि नहीं आई है। इसलिए सरकार यहां सड़क बनाने का काम शुरू नहीं कर पा रही है। वैसे भी सड़क बनने में छह से सात महीने का समय लगेगा। जिस जमीन पर सड़क बनेगी, पहले वहां काफी मिट्टी डालकर उसे ऊंचा करना होगा। साल 2014 में इस पुल के निर्माण का शिलान्यास केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और कृष्णपाल गुर्जर ने किया था। 2018 में निर्माण कार्य शुरू हुआ। करीब 122 करोड़ रुपये की लागत से 630 मीटर लंबा फोर लेन पुल बनाया गया है। दोनों तरफ अप्रोच रोड बनाई गई हैं। पुल की कनेक्टिविटी के लिए कुल 24 किलोमीटर लंबे प्रोजेक्ट पर काम पूरा हो चुका है।

## सोनीपत में अवैध हथियारों सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोनीपत**

सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी से जुड़ी तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों मामलों में पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को अवैध हथियारों सहित पकड़ा। सभी मामलों में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं।

पहली घटना में, क्राइम यूनिट सेक्टर 27 सोनीपत की टीम ने आरोपी राहुल, निवासी मोहम्मदाबाद, खरखौदा को गिरफ्तार किया। 31 मई को पुलिस टीम गश्त के दौरान झरोठ से खांडा रोड पर पहुंची, जहां राहुल की तलाशी लेने पर उसके पास से देसी पिस्तौल 315 बोर और एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। उसे न्यायालय में पेश कर जमानत पर रिहा कर दिया गया। दूसरी कार्रवाई में, उसी यूनिट की टीम ने अरमान उर्फ मालहा, निवासी गांव सेरसा, को सोनीपत-झज्जर सर्विस रोड, दा हिल्स वाटर पार्क के सामने से काबू किया। तीसरे मामले में क्राइम यूनिट वेस्ट की टीम ने सुमित निवासी निजामपुर (हाल गन्नौर), को गोहाना रोड बाईपास से पकड़ा। उसके पास से देसी पिस्टल 30 बोर और एक जिंदा रौंद मिला। उसे अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## हरियाणा में अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में अध्यापक पात्रता परीक्षा का पंजीकरण रविवार से शुरू हो गया है। इसके लिए आज से पोर्टल खोल दिया गया है, जो अभ्यर्थियों पहले किसी भी वजह से फॉर्म नहीं भर पाए थे या आवेदन करने से चूक गए थे, उन्हें अब आवेदन करने का अवसर मिलेगा। एचटीईटी परीक्षा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 5 जून है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट bseh.org.in पर फॉर्म लिंक को फिर से एक्टिव कर दिया गया है। आवेदन करने के बाद उम्मीदवार 6 से 7 जून तक फॉर्म में करेक्शन कर सकेंगे। हरियाणा एचटीईटी परीक्षा लेवल 1, 2 और 3 की तिथियां पहले से ही घोषित कर चुका है। हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा 26 और 27 जुलाई 2025 को आयोजित की जाएगी।

## प्रथम मात-पिता मंदिर में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, मोहाली**



बनूड़-अंबाला मार्ग पर मोहाली जिले के गांव खल्लौर में में मात-पिता गौधाम महातीर्थ में बन रहे विश्व के प्रथम मात-पिता मंदिर में 163वें मासिक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे सैकड़ों की तादाद मे लोगों ने शिरकत की।

गौरतलब है कि यह दुनिया का पहला मात-पिता मंदिर जिसमें कोई मूर्ति न होकर अपने-अपने माता-पिता में ही भगवान होने का एहसास करेंगे, का निर्माण कार्य बहुत तेजी से से चल रहा है। हवन यज्ञ व सत्संग के बाद भंडारा तथा गो माताओं के लिए सवामणि करवाई गई। इस अवसर पर बोलते हुए संस्थापक गोचर दास ज्ञान ज्ञान चंद वालिया ने कहा कि अपने माता पिता की जय के जयकारे से विश्व में शांति आएगी। विचारक एवं दार्शनिक ज्ञान चंद वालिया ने कहा कि सनातन के श्रेष्ठ विचार विश्व शांति को गहन अध्यन करने के बाद पाया की, हमने तो अपने मूल (बीज) को ही नष्ट कर दिया। पश्चिमी संस्कृति की चका-चौंध से हम ऐसे प्रभावित हुए की हमने एक ऐसा बीज बोया जिसमें ना तो संस्कार थे, न ही शिक्षा थी, न ही विनम्रता थी।

परिणाम स्वरुप इस बीज का फल भी पश्चिमी संस्कृति का ही होना था, पर यह फल तो उससे भी भयानक निकला। यही कारण है की भारत जैसे सनातनी देश में जहाँ माता-पिता को भगवान समान दर्जा दिया है, उनको मजबूरन वृद्धा आश्रम में रहना पड़ रहा है।

## देश-विदेश

# देश में 9 दिन में 14 गुना बढ़ गए कोरोना के मामले

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देशभर में बीते 48 घंटे में कोरोना के 1000 से ज्यादा नए केस सामने आए हैं। वहीं, कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 3783 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक, 22 मई को भारत में 257 केस थे। 9 दिन में कोरोना के मामलों में 14 गुना की बढ़ोतरी हुई है। केरल में सबसे ज्यादा 1400 मामले हैं। वहीं महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 एक्टिव केस हैं।

जनवरी से अब तक कोरोना से 28 मौतें हो चुकी हैं। इसमें 21 लोग बीते 2 दिन में मरे हैं। शनिवार को बेंगलुरु में 63 साल के व्यक्ति की मौत हो गई है। उसे दोनों वैक्सीन के साथ बूस्टर डोज भी लगी थी। वहीं दिल्ली में 60 साल के बुजुर्ग की मौत हुई है। महाराष्ट्र-केरल में सबसे ज्यादा 7-7 लोगों ने जान गंवाई है।

**48 घंटे में 21 मौतें 3783 एक्टिव केस**

**बेंगलुरु में वैक्सीन की 3 डोज ले चुके मरीज की मौत**

कर्नाटक सरकार ने शनिवार को पब्लिक एडवाइजरी जारी की। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखने और स्वच्छता का खास ध्यान रखने की अपील की। बुखार, खांसी, सीने में दर्द या सांस लेने दिक्कत होने पर तुरंत जांच करने को कहा है। (अनंत ज्ञान)

## एयर मार्शल खन्ना ने संभाला दक्षिणी वायु कमान का पदभार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विभिन्न लड़ाकू और प्रशिक्षक विमानों पर 4,000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव रखने वाले अधिकारी एयर मार्शल मनीष खन्ना ने रविवार को दक्षिणी वायु कमान का पदभार ग्रहण किया। सरकार ने एक बयान में कहा कि उन्हें 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायुसेना की लड़ाकू शाखा में कमीशन दिया गया था। इसमें कहा गया है, 'एयर मार्शल मनीष खन्ना अति विशिष्ट सेवा मेडल (एवीएसएम), वायुसेना मेडल (वीएम), ने 1 जून 2025 को तिरुवनंतपुरम में एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (एओसी-इन-सी) के रूप में दक्षिणी वायु कमान (एसएसी) की कमान संभाली।' वायुसेना अधिकारी श्रेणी 'ए' योग्यता प्राप्त उड़ान प्रशिक्षक हैं तथा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। (अनंत ज्ञान)

## तेज प्रताप यादव ने तेजस्वी को किया आगाह

# जयचंद हर जगह, अंदर भी, बाहर भी; हर साजिश करूंगा बेनकाब

**एजेंसी पटना**

बिहार सरकार में पूर्व मंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव का बड़ा बयान सामने आया है। तेज प्रताप यादव ने इस बार अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव के लिए रविवार दोपहर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है।



उन्होंने तेजस्वी से कहा कि मेरे भाई मैं हर परिस्थितियों में तुम्हारे साथ हूं। तुम जयचंदों से सावधान रहना क्योंकि वह हर जगह हैं। तेज प्रताप यादव के पोस्ट में राजनीतिक गलियारे में हलचल मचा दी है सोशल मीडिया पर यह पोस्ट खूब वायरल हो रहा है आईए जानते हैं तेज प्रताप यादव में क्या-क्या लिखा? तेज प्रताप यादव ने अपने छोटे भाई को अर्जुन कहा। सोशल मीडिया पर लिखा कि मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नही हो सकोगे। कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो, लेकिन खुद कृष्ण को नहीं। हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा। बस मेरे भाई भरोसा रखना मैं हर परिस्थिति में तुम्हारे साथ हूं। फिलहाल दूर हूं लेकिन, मेरा आशीर्वाद हमेशा तुम्हारे साथ था और रहेगा। मेरे भाई मम्मी पापा का ख्याल रखना, जयचंद हर जगह हैं। अंदर भी और बाहर भी हैं। इसीलिए सावधान रहना। (अनंत ज्ञान)

**कहा, मैं हर समय तुम्हारे साथ हूं**

## युद्ध का मैदान नहीं, दोस्ती का पुल बने जम्मू-कश्मीर

**एजेंसी, श्रीनगर**

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध का मैदान नहीं, बल्कि दोस्ती और समझ का पुल बनना चाहिए।

पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा युद्ध और हिंसा का सबसे ज्यादा नुकसान झेलता रहा है। हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचले जाने वाले घास जैसी हो गई है। महबूबा ने कहा कि पीडीपी हमेशा शांति की बात करती रही है और लोगों की भावनाओं को आवाज देती रही है। हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा, ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें और अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा किया जा सके। उन्होंने ने कहा कि हमारी पाकिस्तान सरकार से राजनीतिक असहमति हो सकती है, लेकिन वहां के लोगों से नहीं। (अनंत ज्ञान)



## गाजा में गोलीबारी में 21 लोगों की मौत

**एजेंसी, राफा**

गाजा में इसराइली सहायता केंद्र पर राहत सामग्री लेने जा रहे फिलस्तीनियों पर हुए हमले 21 लोगों की मौत हो गई। वहीं 175 लोग घायल हो गए। लोगों ने बताया कि फिलस्तीनियों पर इसराइली सेना की ओर से गोलीबारी की गई। गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर राफा में गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन ने इसराइल की मदद से सहायता वितरण केंद्र खोला है।

पीटीआई के मुताबिक लोगों ने बताया कि रविवार को जब लोग सहायता वितरण केंद्र की ओर जा रहे थे तो एक गोल चक्कर पर इसराइली सेना ने भीड़ पर गोलियां चलाईं। हालांकि फाउंडेशन का कहना है कि उसके निजी सुरक्षा गार्डों ने भीड़ पर गोली नहीं चलाई, जबकि इसराइली सेना ने पहले भी चेतावनी स्वरूप गोलियां चलाने की बात स्वीकार की है। फाउंडेशन ने कहा कि उसने रविवार को सुबह 16 ट्रक सहायता वितरित की। (अनंत ज्ञान)

# पूर्वोत्तर में बारिश-बाढ़ से दो दिन में 32 मौतें

## असम में 16, अरुणाचल में 9, मिजोरम में 4 व मेघालय में 3 की गई जान

**एजेंसी, गुवाहाटी**

पूर्वोत्तर भारत में समय से पहले पहुंचा मानसून तबाही मचाने लगा है। दो दिन में 32 लोगों की मौत हो गई है। असम में 16, अरुणाचल में 9, मिजोरम में 4 और मेघालय में 3 लोगों की जान गई। असम में सभी मौतें लैंडस्लाइड-बाढ़ के चलते हुईं। अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट कामेंग जिले में हाईवे 13 पर भूस्खलन की चपेट में आई कार गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दो परिवारों के 7 लोग मारे गए। एक अन्य घटना में 2 लोगों की जान गई। मिजोरम के सेरछिप में 13 घर ढह गए। एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं उत्तरी सिक्किम में करीब 1500 पर्यटक फंसे हैं। मणिपुर में पिछले 48 घंटों में बाढ़ और लैंडस्लाइड के कारण 3,802 लोग प्रभावित हुए हैं और 883 घरों को नुकसान पहुंचा है। (अनंत ज्ञान)



पूर्वोत्तर में कई इलाकों में पानी भरने से लाइफ बोट का इस्तेमाल करते लोग।

**मणिपुर के शहरों में भरा पानी, लाइफ बोट चलानी पड़ीं**

## बिलेनियर्स


## 2028 तक अल्ट्रा रिच में होगा 50 % इजाफा, जापान के मुकाबले भारत में 4 गुना बढ़ेंगे अमीर

# अमीरों के मामले में दुनिया में चौथे नंबर पर है भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत में 2028 तक अल्ट्रा रिच की संख्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। मैकिन्जी एंड कंपनी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2023 से 2028 के बीच अल्ट्रा-हाई-नेट-वर्थ इंडिविजुअल्स की संख्या में दुनिया में सबसे तेज वृद्धि होगी। भारत अमीरों के मामले में चौथे नंबर पर है।

जापान एशिया में अमीरों की संख्या में दूसरे नंबर पर है, लेकिन 2023-28 के बीच यहां अमीरों की संख्या में 12 प्रतिशत वृद्धि होगी। इसके साथ ही 2025 में भारतीय लग्जरी बाजार 15-20 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ेगा, जबकि जापान में यह ग्रोथ रेट 6-10 प्रतिशत रह सकती है। भारत में 10 मिलियन डॉलर यानी करीब 87 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति वाले 85,698 लोग रहते हैं। दुनियाभर के कुल अमीरों में इनकी संख्या 3.7 प्रतिशत है। हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल के मामले में भारत केवल अमेरिका, चीन और जापान से पीछे हैं। लिस्ट में टॉप पर अमेरिका में 9,05,413 लोग, चीन में 4,71,634 और जापान में 1,22,119 लोग रहते हैं। इस बात का खुलासा नाइट फ्रैंक की द ग्लोबल वेल्थ रिपोर्ट 2025 में हुआ है। भारत में 2023 के मुकाबले 2024 में 6 प्रतिशत ज्यादा लोग अमीर हुए हैं। 2023 में भारत में 80,686 लोगों की संपत्ति 10 मिलियन डॉलर से ज्यादा थी। 2028 तक 9.4 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ इनकी संख्या 93,753 होगी। (अनंत ज्ञान)



### बिलेनियर्स की संख्या में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**रिपोर्ट** के अनुसार 2024 में भारत में बिलेनियर्स की संख्या में पिछले साल के मुकाबले 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 2024 में भारत में 191 बिलेनियर्स हैं। 2023 में यह संख्या 165 थी। भारतीय बिलेनियर्स की कुल संपत्ति करीब 82.6 लाख करोड़ रुपए है। इस मामले में भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर है। पहले पर अमेरिका और दूसरे नंबर पर चीन है। अमेरिका के बिलेनियर्स की कुल संपत्ति 5.7 ट्रिलियन डॉलर है, जबकि चीन में यह आंकड़ा 1.34 ट्रिलियन डॉलर है। वहीं, 2024 में दुनिया में अमीरों की संख्या 4.4 प्रतिशत से बढ़कर 23,41,378 हो गई है। यह साल 2023 में 22,43,300 थी। महाद्वीपों की बात करें तो एशिया में अमीर 5 प्रतिशत बढ़े हैं। इसके बाद अफ्रीका में 4.7 प्रतिशत, ऑस्ट्रेलिया में 3.9 प्रतिशत, यूरोप में अमीरों की संख्या में 1.4 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी हुई है।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड





ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
679





पर्पल कैप
**नूर अहमद**
24





सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
40

### अर्जेंटीना में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट का 5वां मुकाबला

# भारत ने शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में उरुग्वे पर शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था। भारत के लिए उप-कप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट ) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किए, जबकि जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

भारत ने मैच की आक्रामक शुरुआत के साथ दबदबा कायम किया। हिना ने 10वें मिनट में खाता खोला जबकि लालरिनपुई के गोल से मध्यांतर तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली। उरुग्वे ने हालांकि, आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की। टीम ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर बराबर कर लिया। इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट जबकि मिलाग्रोस सेगल ने 57वें मिनट गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे को केवल एक ही गोल करने का मौका मिला। भारत अब रविवार (भारतीय समयानुसार सोमवार) को मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगा। (अनंत ज्ञान)

# क्वालिफायर-2: टॉस के बाद अहमदाबाद में बारिश शुरू



**एजेंसी, अहमदाबाद**

आईपीएल का क्वालिफायर-2 मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच खेला जाना है, लेकिन अहमदाबाद में रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण मैच डिले किया गया है। फिलहाल, बारिश जारी है। बारिश आने से पहले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। युजवेंद्र चहल इस मैच से वापसी कर रहे हैं। वह कलाई की चोट के कारण पिछले तीन मैच नहीं खेल सके थे। मुंबई में चोटिल रिचर्ड ग्लीसन की जगह रीस टॉप्ली को मौका दिया गया है। अगर, यह मैच नहीं हुआ तो पंजाब की टीम फाइनल में पहुंच जाएगी, क्योंकि क्वालिफायर-2 के लिए कोई रिजर्व-डे नहीं है और पंजाब ने लीग मैचों के बाद प्वॉइंट्स टेबल की टॉप पोजिशन हासिल की है। (अनंत ज्ञान)

### 3 जून को होगा फाइनल मुकाबला

**मैच** होने की स्थिति में आज की विजेता टीम 3 जून को होने वाले फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी, जो पहले ही क्वालिफायर-1 जीतकर फाइनल में जगह बना चुकी है। मुंबई ने एलिमिनेटर मैच में गुजरात टाइटंस को हराकर क्वालिफायर-2 में जगह बनाई है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### ओलंपिक पदक विजेता लवलीना शुरू करेंगी मुक्केबाजी अकादमी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की अकादमी का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा करेंगे। लवलीना ने कहा, ''यह अकादमी सिर्फ प्रशिक्षण सुविधा से कहीं बढ़कर है। यह एक सपना है जो मैंने खुद और असम के उन अनगिनत युवा लड़कों और लड़कियों के लिए देखा है जो रिंग में उतरना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''लवलीना मुक्केबाजी अकादमी' के साथ मैं ऐसा माहौल बनाना चाहती हूं जहां महत्त्वाकांक्षी खिलाड़ी न केवल मुक्केबाजी की कला सीखें बल्कि सफल होने के लिए जरूरी जज्बा, अनुशासन और मजबूत आत्मविश्वास भी हासिल करें।'' यह अकादमी युवा प्रतिभा को पोषित कर उन्हें विश्व स्तरीय प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचा प्रदान करने की लवलीना की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में खेल और खेल से जुड़े बुनियादी ढांचे के विकास में एक ऐतिहासिक कदम भी है। (अनंत ज्ञान)



### खूबसूरत अंदाज में लुईसा लिपमैन

**जर्मनी।** लुईसा लिपमैन जर्मनी की सर्वश्रेष्ठ वॉलीबॉल खिलाड़ियों में से एक हैं। लुईसा ने जर्मन महिला राष्ट्रीय वॉलीबॉल टीम के लिए 100 से ज्यादा मैच खेले हैं। लुईसा के इंस्टाग्राम अकाउंट 64के से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।



# गिल के लिए कड़ी परीक्षा होगा इंग्लैंड का दौरा: सबा करीम

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा और कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की।

करीम ने रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम से इतर पीटीआई वीडियो से कहा, ''यह उनके लिए एक परीक्षा है। मुझे यकीन है कि वह इसके लिए तैयार हैं। उन्हें बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो इससे उनकी कप्तानी पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।''

इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़ को पूरा विश्वास है कि भारत की युवा टीम इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करके अनुकूल परिणाम हासिल करेगी। उन्होंने कहा, ''मुझे इस युवा भारतीय टीम से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। मैच वास्तव में प्रतिस्पर्धी होंगे और मुझे लगता है कि भारतीय खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।'' (अनंत ज्ञान)

### भाटिया आठ ओवर के कार्ड के बाद संयुक्त 23वें स्थान पर खिसके

**एजेंसी, डबलिन।** भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया शुरुआती दो दौर के शानदार प्रदर्शन को तीसरे दौर में जारी नहीं रख सके और आठ ओवर 80 के निराशाजनक कार्ड के बाद 'मेमोरियल गोल्फ टूर्नामेंट' में संयुक्त रूप से 23वें स्थान पर खिसक गए। भाटिया शुरुआती दो दौर में क्रमशः 70 और 69 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान के साथ खिताब की दौड़ में बने हुए थे, लेकिन तीसरे दौर में चार बोगी और दो डबल बोगी कर तालिका में काफी नीचे खिसक गए। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज स्कॉटी शेफलर चार अंडर का कार्ड खेलकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। (अनंत ज्ञान)

# मेस्सी के शानदार खेल से इंटर मियामी ने कोलंबस क्रू को 5-1 से हराया

**एजेंसी, फोर्ट लॉडरडेल**



दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को दो गोल कर इंटर मियामी की एमएलएस (अमेरिका की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) में कोलंबस क्रू पर 5-1 की जीत में अहम योगदान दिया। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान मेस्सी ने मैच में नौ मिनट (15वें और 24वें) के अंदर दो गोल करने के साथ ही दो गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे पिछले सप्ताह तक खराब दौर से गुजर रही मियामी ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

उनके बनाए मौके पर 13वें मिनट में तादेओ अलेंदे, जबकि 89वें मिनट में फाफा पिकॉल्ट ने गोल किया। मियामी की टीम के लिए एक और गोल 64वें मिनट में दिग्गज लुइस सुआरेज ने किया। आठ बार बैलोन डी'ओर विजेता मेस्सी 16 गोल के साथ लीग के मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी है। (अनंत ज्ञान)

# मेरा लक्ष्य विश्व रैंकिंग में पहले शीर्ष-75 और फिर शीर्ष-50 में पहुंचना है: घोरपड़े

**एजेंसी, अहमदाबाद**



भारत की युवा महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी यशस्विनी घोरपड़े ने 2024 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करते हुए इस खेल में तेजी से प्रगति की है और उसी वर्ष वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल हो गई। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 84वें स्थान पर काबिज घोरपड़े अब पहले शीर्ष 75 और फिर शीर्ष 50 में पहुंचकर अगले वर्ष जापान में होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में अपना स्थान पक्का करना चाहती है।

घोरपड़े ने 'पीटीआई' से कहा, ''जब मैंने अंडर-15 में पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी, तब मैं आठवीं कक्षा में थी और फिर मैंने अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती। पिछले साल मैंने घरेलू सर्किट में अच्छा प्रदर्शन किया। मैं राष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रही। पिछले साल मैं विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में भी शामिल हुई।''

उन्होंने कहा, '' मेरा पहला लक्ष्य विश्व रैंकिंग में शीर्ष 75 में जगह बनाना और इसी साल भारत का नंबर एक खिलाड़ी बनना है। ये मेरे तात्कालिक लक्ष्य हैं। निश्चित तौर पर मेरा अगला लक्ष्य एशियाई खेल हैं। उसके बाद ओलंपिक हैं। इसलिए शीर्ष 75 में जगह बनाने के बाद अगला लक्ष्य शीर्ष 50 में आना और ओलंपिक में जगह बनाने के लिए अच्छी वरीयता हासिल करना है।''

घोरपड़े ने कहा, ''एशियाई खेलों के लिए एक मापदंड है जिसके अनुसार हमें सीधे क्वालीफाई करने के लिए अच्छी राष्ट्रीय रैंकिंग के साथ-साथ विश्व रैंकिंग भी बनाए रखनी होगी।'' घोरपड़े महिला युगल में दीया चितले के साथ और मिश्रित युगल में हरमीत देसाई के साथ जोड़ी बनाती हैं। (अनंत ज्ञान)

### डी गुकेश चीन के वेई यी से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारे

**एजेंसी, स्टावेंजर।** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी रहा और यह भारतीय खिलाड़ी चीन के वेई यी से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा। गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी। महिला वर्ग में, दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ बढ़त हासिल की, जबकि आर वैशाली ने स्पेन की खिलाड़ी सारा खादेम के खिलाफ निर्णायक जीत हासिल की, जिससे उन्हें तीन अंक मिले और वह 6.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गईं। (अनंत ज्ञान)



# चैंपियंस लीग पीएसजी पहली बार बना चैंपियन

**एजेंसी, म्यूनिख**




पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने डिजायर डोए के दो गोल की मदद से शनिवार को यहां खेले गए एकतरफा फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता चैंपियंस लीग का खिताब जीता।

पीएसजी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और इंटर के समर्थकों को आखिरी सिटी बजने से पहले ही स्टेडियम छोड़ने के लिए मजबूर किया। पीएसजी की तरफ से डोए ने 20वें और 63वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा अचरफ हकीमी (12वें), ख्विचा क्वारात्सखेलिया (73वें) और स्थानापन्न सेनी मायुलु (86वें) ने एक एक गोल करके पीएसजी की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित की। यह पिछले 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है।

पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा, ''अब हमारे पास चैंपियंस लीग की ट्रॉफी है। जब मैं पीएसजी से जुड़ा था तो मैंने पहले दिन ही कहा था कि हमारा लक्ष्य चैंपियंस लीग का खिताब जीतना है। यह एकमात्र ट्रॉफी थी जिसे हम अभी तक नहीं जीत पाए थे।'' यह वह ट्रॉफी थी जो लियोनेल मेस्सी, नेमार या किलियन एमबाप्पे भी फ्रांस के इस क्लब को नहीं दिला पाए थे। इससे पहले पीएसजी 2020 में चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब वह बायर्न म्यूनिख से हार गया था, जिसके बाद नेमार लिस्बन के खाली स्टेडियम में रो पड़े थे। कोरोना महामारी के कारण तब यह मैच खाली स्टेडियम में खेला गया था, लेकिन इस बार माहौल पूरी तरह से भिन्न था। पीएसजी के हजारों समर्थक स्टेडियम में मौजूद थे। वे झंडे लहरा रहे थे, पटाखे जला रहे थे और अपने प्रतिद्वंद्वियों इंटर के समर्थकों का शोरगुल दबा रहे थे, जिनमें से कई समर्थक अंतिम सीटी बजने से काफी पहले ही स्टेडियम से चले गए थे।

पीएसजी के समर्थक पूरा दिन म्यूनिख की सड़कों पर पार्टी करते रहे, लेकिन वह उस खुशी के दृश्य की तुलना में कुछ भी नहीं था, जब कप्तान मार्क्विनहोस ने ट्रॉफी को अपने हाथों में उठाया और उनके पीछे आतिशबाजी और सुनहरे कंफेद्दी (कागज के छोटे टुकड़े) हवा में उड़ रहे थे। (अनंत ज्ञान)

# सपा सांसद प्रिया से शादी करेंगे क्रिकेटर रिंकू सिंह

**एजेंसी, वाराणसी**



जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी 8 जून को लखनऊ में होगी। उनकी शादी भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह के साथ होनी है। शादी 18 नवंबर 2025 को वाराणसी के होटल ताज से होगी। इसमें क्रिकेट के सितारे, फिल्म जगत की हस्तियों और उद्योगपतियों का जमवाड़ा रहेगा।

आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलने वाले अलीगढ़ के रिंकू सिंह की शादी प्रिया से तय है। इसकी पुष्टि पहली बार सांसद बनीं प्रिया सरोज के पिता व केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने की थी।

**8 जून को लखनऊ में होगी रिंग सेरेमनी**

विधायक ने कहा था कि अलीगढ़ में रिंकू के परिजनों से मुलाकात हुई थी। परिजन शादी के लिए राजी हैं। आईपीएल के बाद दोनों की शादी होगी। अब रिंग सेरेमनी और शादी की तारीख तय हो गई है। सपा विधायक के करीबियों के मुताबिक, शादी पारंपरिक रीति-रिवाज से होगी।

इसमें देशभर प्रमुख राजनेता, क्रिकेटर, फिल्मी सितारे और समाजसेवी शामिल होंगे। यह रिश्ता दोनों परिवारों की सहमति और स्नेह से तय हुआ है। दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए वक्त दिया और अब एक नई शुरुआत के लिए तैयार हैं। प्रिया सरोज पेशे से अधिवक्ता हैं। प्रिया और रिंकू एक दूसरे को पहले से जानते हैं। तूफानी सरोज ने बताया कि प्रिया की सहेली के पिता क्रिकेटर हैं। उनके जरिये ही रिंकू और प्रिया की जान-पहचान हुई थी। दोनों एक दूसरे को पहले से जानते हैं। दोनों का कहना था कि परिजनों की रजामंदी से शादी करेंगे। परिजनों के बीच भी सार्थक बातचीत हो गई। (अनंत ज्ञान)

### फ्रेंच ओपन चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को एकतरफा मुकाबले में 6-0, 6-1, 6-2 से दी शिकस्त

# यानिक सिनर की ग्रैंड स्लैम में लगातार 17वीं जीत

**एजेंसी, पेरिस**



**आंद्रे रुबलेव से चुनौती आज**

शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी यानिक सिनर ने फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में शनिवार को अपना दबदबा कायम करते हुए चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को एकतरफा मुकाबले में 6-0, 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। इटली के इस खिलाड़ी ने 23 साल के लेहेका को एक घंटे 34 मिनट में हराकर इस सत्र में पुरुष वर्ग में सबसे तेज जीत दर्ज की।

सिनर ने विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी पर जीत दर्ज करने के बाद कहा, ''हम सुधार करने की कोशिश करते हैं लेकिन इस मुकाबले में अपने प्रदर्शन को देखूं तो मुझे नहीं लगता कि मैं इससे कुछ बेहतर कर सकता था।'' सिनर ने इस मैच में 31 विनर्स लगाए और सिर्फ नौ गलतियां कीं।

उन्होंने मुकाबला के शुरुआती 11 गेम जीतकर अपना पूरा दबदबा कायम किया। लेहेका ने जब 12वें गेम को जीतकर स्कोर को 6-0, 5-1 किया तब खुद पर कटाक्ष करते हुए हाथ ऊपर कर जश्न मनाया। स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने भी इसके बाद अपनी सीट के पास खड़े होकर तालियों और शोर के साथ लेहेका की हौसला अफजाई की।

फ्रेंच ओपन में अपने पहले खिताब की कोशिश में लगे सिनर के सामने सोमवार को विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज आंद्रे रुबलेव की चुनौती होगी। रुबलेव के प्रतिद्वंद्वी आर्थर फिल्स ने पीठ के निचले हिस्से में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' के कारण टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया। (अनंत ज्ञान)

### जोकोविच लगातार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में



**दिग्गज** टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। जोकोविच के सामने अंतिम 16 में कैम नौरी होंगे नीदरलैंड के टैलोन ग्रिएक्सपोर ने अमेरिका के क्वालीफायर एथन क्विन को 4-6, 6-1, 6-7 6-1, 6-4 से हराया। ग्रिक्सपोर का अगला मुकाबला 2024 के उपविजेता अलेक्जेंडर ज्वरेव से होगा।